Page 11

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



खेल

**शुभमन के डूबने टेस्ट करियर को बचा सकती है अनिल कुंबले की ये सलाह**

देश

**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार से अयोध्या आस्था स्पेशल ट्रेन का किया फ्लैग ऑफ...**



कृष्ण पंचमी, विक्रम संवत 2080

• औरंगाबाद • मंगलवार • 30 जनवरी 2024 • वर्ष 26 • अंक 51 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

'परीक्षा पे चर्चा' में पीएम मोदी ने किया खुलासा

# कोरोना काल में इसलिए बजवाई गई थाली

## कितनी भी मुश्किल आ जाए, कभी भी घबराना नहीं है, उसका सामना कर जीतकर निकलना है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने आज देश के छात्रों उनके अभिभावकों और शिक्षकों के साथ परीक्षा पर चर्चा की। बोर्ड परीक्षा में बच्चे बिना किसा मानसिक तनाव के शामिल हों, इसके लिए पीएम मोदी ने कई गुरुमंत्र भी दिए। 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों से बात करते हुए पीएम मोदी ने कई चीजों का जिक्र किया। गौरतलब है कि चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री ने कोरोनाकाल का जिक्र किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कोराना काल में मैंने देशवासियों से ताली थाली बजाने को कहा। हालांकि, यह कोरोना को खत्म नहीं करता लेकिन एक सामूहिक शक्ति को जन्म देता है। पहले खेल के मैदान में हमारे लोग जाते थे। कभी कोई जीतकर आता है तो कई जीतकर नहीं आता है।

पीएम मोदी ने आगे कहा,पहले कोई नहीं पूछता था, लेकिन मैंने कहा कि मैं इसके ढोल



पीटूंगा। जिसके पास जितना सामर्थ्य है, उसका सही उपयोग करना चाहिए। अच्छी सरकार चलाने के लिए इन समस्याओं के समाधान के लिए भी आपको नीचे से ऊपर की तरफ सही जानकारी और गाइडेंस आना चाहिए।

पीएम ने छात्रों से आगे कहा कि कितनी भी मुश्किल आ जाए, आपको कभी भी घबराना नहीं है। उसका सामना करना है और जीतकर निकलना है। पीएम ने कहा कि परीक्षा देते वक्त छात्र पेपर देखते ही तनाव में आ जाते हैं। बच्चे सोचने लगते हैं कि पहले उसे पेपर मिला मुझे कम समय मिलेगा या इसमें ज्यादा समय लग गया पहले कोई और प्रश्न करना चाहिए था। पीएम ने कहा कि सबसे पहले बच्चों को पूरा पेपर पढ़ना चाहिए, फिर मन से तय कीजिए किस प्रश्न में कितना समय लगेगा तो वैसे ही उत्तर देने चाहिए।

### पीएम ने टीचर्स को क्या सुझाव दिए

वहीं, छात्रों को अलावा पीएम मोदी ने टीचर्स को भी कुछ टिप्स दिए। पीएम ने कहा कि टीचर और छात्र में एक बॉन्डिंग होनी जरूरी है और उनमें दोस्ती का नाता रहना जरूरी है। पीएम ने कहा कि टीचर का काम जॉब बदलना नहीं, छात्रों की जिंदगी को बदलना है और उसे संवारना है।

## मालदीव में प्रेसिडेंट के खिलाफ महाभियोग लाने की तैयारी

- रिपोर्ट में दावा- संसद में हंगामे के बाद दो पार्टियों का फैसला, 34 सांसद समर्थन करेंगे



**माले (एजेंसी)।** मालदीव के चीन समर्थक राष्ट्रपति मोहम मुइज्जु की कुर्सी खतरे में पड़ सकती है। लोकल मीडिया आउटलेट सन' की रिपोर्ट के मुताबिक- दो पार्टियां मुइज्जु के खिलाफ महाभि प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रही हैं। मालदीव की संसद में कुल 87 सां हैं। इनमें से 34 महाभियोग लाने के लिए तैयार हैं। रविवार को संसद एंट्री और मुइज्जु कैबिनेट के कुछ नामों को लेकर काफी बवाल अ मारपीट हुई थी। इसके अगले दिन यानी सोमवार को महाभियोग प्रस्त लाने की बात सामने आई।

### दो पार्टियां साथ

रिपोर्ट के मुताबिक– मुख्य विपक्षी दल मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के पास संसद में बहुमत है। उसने महाभियोग के लिए जरूरी सांसदों व समर्थन लिखित तौर पर हासिल कर लिया है। इसके एक सांसद ने नाम न बताने की शर्त पर कहा– हम कुछ और सांसदों से बातचीत के बाद महाभियोग लाने की तारीख पर फैसला करेंगे। अब तक एमडीपी और डेमोक्रेटिक पार्टी के कुल 34 सांसद हमारे साथ हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक– विपक्ष की नाराजगी मुइज्जु के तानाशाही रवैये व लेकर बढ़ गई। दरअसल, प्रेसिडेंट ने अली हुसैन को होम मिनिस्टर नॉमिनेट किया है। विपक्ष इसके सख्त खिलाफ है। इसके अलावा घसा मामून को डिफेंस मिनिस्टर अपॉइंट किया गया है। इन दोनों ही नामों व लेकर विपक्ष और यहां तक कि सत्ता पक्ष के कई सांसद नाराज हैं। इसी वजह से रविवार को संसद में जबरदस्त हंगामा और मारपीट हुई। दो दिन से संसद के बाहर पुलिस तैनात है।

## लालू यादव से ईडी की 5 घंटे से पूछताछ, सीआरपीएफ बुलाई

### पटना ईडी ऑफिस के बाहर समर्थकों की भीड़, सरकार से बाहर होने के अगले दिन ही एक्शन

**पटना (एजेंसी)।** पटना ईडी ऑफिस में लैंड फॉर जॉब्स केस में लालू यादव से करीब 5 घंटे से पूछताछ चल रही है। पूछताछ के दौरान सीआरपीएफ के 15 जवान ईडी ऑफिस के अंदर पहुंचे हैं। बाहर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। लालू के समर्थकों में भी गुस्सा देखने को मिल रहा है। केंद्र के खिलाफ



नारेबाजी हो रही है। बिहार सरकार से बाहर होने के अगले ही दिन सोमवार को लालू यादव पर एक्शन हुआ है।

लालू से पूछताछ के लिए ईडी ने करीब 50 सवालों की लिस्ट तैयार की थी। अब तक 40 सवाल पूछे गए हैं। सूत्रों के अनुसार लालू ने पूछे गए ज्यादातर सवालों का जवाब हां या ना में दिया।

### लालू से ये सवाल पूछे गए

- नौकरी के बदले जमीन का कॉनसेप्ट क्यों आया?
- हृदय नारायण चौधरी से संपर्क कैसे हुआ?
- दानापुर में 12 से अधिक लोगों को जमीन के बदले नौकरी दी।

**क्या कहना है?**

लालू यादव सुबह 11 बजे बेटी मीसा भारती के साथ पहुंचे थे। लालू को छोड़कर मीसा भारती ईडी दफ्तर के सामने दादी जी मंदिर में पूजा करने चली गईं। मीसा ने लालू के लिए ईडी ऑफिस में ही खाना पहुंचाया। 2 बार दवा भी पहुंचाई।

# भारत की जीडीपी अगले साल 7 प्रतिशत रह सकती है

## अंतरिम बजट से पहले वित्त मंत्रालय ने जारी की रिपोर्ट, इकोनॉमिक सर्वे नहीं आएगा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किए जाने से 2 दिन पहले, वित्त मंत्रालय ने आज यानी, 29 जनवरी को बताया कि भारत की जीडीपी अगले साल 7 प्रतिशत रह सकती है। मंत्रालय ने 'द इंडियन इकोनॉमीः ए रिव्यू' नाम की एक रिपोर्ट जारी की है। इसे मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन के ऑफिस के अधिकारियों ने तैयार किया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मजबूत घरेलू मांग ने पिछले 3 साल में इकोनॉमी को 7 प्रतिशत से ज्यादा की विकास दर पर पहुंचा दिया है। पिछले 10 सालों में सरकार की ओर से उठाए गए कदमों के कारण निजी खपत और निवेश में मजबूती आई है। मैन्युफैक्चरिंग को बूस्ट देने के लिए उठाए कदम और इंफ्रास्ट्रक्चर में इन्वेस्टमेंट से सप्लाई साइड भी मजबूत हुई है।

**2030 तक भारत 7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है-** रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि आने वाले सालों में भी इकॉनॉमी 7 प्रतिशत की दर से बढ़ना जारी रह सकती है। केवल भू-राजनीतिक संघर्षों का बढ़ा जोखिम एक चिंता का विषय है। इसके अलावा, भारत 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है।

### बजट सत्र शुरू होने से ठीक दो दिन पहले मंत्रालय ने जारी की रिपोर्ट

यह रिपोर्ट सामान्य से अलग है क्योंकि यह संसद का बजट सत्र शुरू होने से ठीक दो दिन पहले आई है। इस साल लोकसभा चुनाव होने हैं, इसलिए 1 फरवरी को फुल बजट की जगह अंतरिम बजट पेश किया जाएगा। अंतरिम बजट से वर्तमान सरकार को नई सरकार के आने और पूर्ण बजट पेश होने तक, देश को चलाने के लिए पैसा मिलता है।

### अंतरिम बजट से पहले इकोनॉमिक सर्वे पेश नहीं होता

सरकार अंतरिम बजट से पहले इकोनॉमिक सर्वे पेश नहीं करती है। वित्त मंत्रालय ने अपनी रिपोर्ट में कहा, यह आर्थिक मामलों के विभाग की ओर से तैयार किया गया भारत का इकोनॉमिक सर्वे नहीं है। यह आम चुनाव के बाद पूर्ण बजट से पहले आएगा।

## मोदी सरकार का बड़ा कदम, सिमी पर पांच साल के लिए बढ़ाया गया बैन

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** नरेंद्र मोदी सरकार ने सोमवार को स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर यूएपीए के तहत 'गैरकानूनी संगठन' के रूप में प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया। गृह मंत्रालय ने ट्वीट कर कहा कि आतंकवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जीरो टॉलरेंस के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए 'स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी)' को यूएपीए के तहत पांच साल की अवधि के लिए 'गैरकानूनी संघ' घोषित किया गया है।

## सीएम योगी आदित्यनाथ पहुंचे अयोध्या

### श्रीरामलला के किए दर्शन.... व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अयोध्या पहुंच कर श्रीरामलला और हनुमानगढ़ी का दर्शन पूजन किया। इस दौरान उन्होंने यहां पर श्रद्धालुओं के लिए की गई सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। योगी गोरखपुर में अपने गुरुओं को शीश नवाकर दोपहर में अयोध्या पहुंचे थे। जनवरी महीने में योगी का रामनगरी का यह छठवां दौरा है।

## सॉरी मम्मी-पापा, आई एम लूजर यही लास्ट ऑप्शन, मैं नहीं कर पा

- नोट लिखकर कोटा में जेईई मेन एग्जा से पहले छात्रा ने सुसाइड किया




**कोटा (एजेंसी)।** देशभर के स्टूडेंट सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम में जुड़े। इस दौरान पीएम मोदी ने स्टूडेंट्स को तनाव न लेने की की नसीहत दी। पीएम की ओर से इस चर्चा में जब स्टूडेंट्स और पेरेंट को नसीहत दी जा रही थी तभी राजस्थान की कोचि सिटी कोटा से एक और स्टूडेंट के सुसाइड की सूचना सामने आई। को में जेईई मेन की तैयारी कर रही 12वीं की छात्रा निहारिका सिंह ने सुसाइड कर लिया। 30 जनवरी को जेईई मेन का पेपर होना था। उससे पहले उसने यह कदम उठाया। घटना बोरखेड़ा थाना क्षेत्र के शिव मंदिर 120 फीट रोड की है।

# '2024 में वोट देने का आखिरी मौका'

- मल्लिकार्जुन खड़गे का दावा, मोदी दोबारा सत्ता में आए तो कोई चुनाव नहीं होगा



**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 'ओडिशा बचाओ' रैली के जरिए शक्ति प्रदर्शन किया है। इससे पहले भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर पहुंचे एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का भव्य स्वागत किया गया।

भुवनेश्वर बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से शिशु भवन चौक, राजमहल चौक होते हुए एक विशाल रैली में सभा स्थल पर लाया गया। यहां पर पहुंचने के बाद प्रदेश के नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे का भव्य स्वागत किया।

वहीं, भुवनेश्वर में सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे हर किसी को ईडी की नोटिस दे रहे हैं। वे लोगों को डरा रहे हैं। डर के कारण, कुछ दोस्ती छोड़ रहे हैं, कुछ पार्टी और कुछ गठबंधन छोड़ रहे हैं। यह आपके लिए मतदान करने का आखिरी मौका है।

## पत्रकारिता विभाग में याद किए गए जेम्स हिक्की

निज संवाददाता

**पटना।** 'भारत में प्रेस पर बहुत महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी है, सरकार और समाज को जवाबदेह बनाने हेतु समाचारपत्र को अपनी भूमिका का ईमानदारी से निर्वाह करना चाहिए' यह बात सोमवार को मौलाना मजहरुल हक़ अरबी एवं फ़ारसी विश्वविद्यालय के पत्रकारिता और जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित भारतीय समाचारपत्र दिवस पर मुख्य अतिथि कुलसचिव कर्नल कामेश कुमार ने कही। 29 जनवरी को जेम्स हिक्की द्वारा भारत का प्रथम समाचारपत्र बंगाल गजट प्रकाशित किया गया था, इसी अवसर पर न्यूज़ियम का भी उद्घाटन किया गया। जेम्स हिक्की को याद करते हुए मुख्य अतिथि कर्नल कामेश कुमार ने कहा कि प्रेस को सरोकारयुक्त सही रिपोर्टिंग करनी चाहिए, सनसनी फ़ैलाने से बचना चाहिए। विभाग के प्रभारी विभाग अध्यक्ष डॉ एजाज आलम ने कहा कि साहित्य और पत्रकारिता के गहरा संबंध है।आज के दिन समाचारपत्रों के आज के स्वरूप के लिए हिक्की के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को सामाजिक समरसता पर बल देना चाहिए। पत्रकारिता और जनसंचार विभाग के शिक्षक डॉ मुकेश ने भारतीय समाचारपत्र दिवस पर बोलते हुए कहा कि आज का दिन जेम्स हिक्की और बंगाल गजट की संघर्षकारिता की जिद और जूनून को याद करने का दिन है ताकि भविष्य हेतु प्रेरणा मिल सके। जेम्स हिक्की ने सत्य और सरोकारों की रक्षा हेतु टूटना मंजूर किया परंतु झुकना नहीं। जेम्स हिक्की ने राजसत्ता और धर्मसत्ता को चुनौती दिया और सत्य से डिगे नहीं। विभाग के डॉक्टर रणजीत ने कहा कि ब्रिटिश शक्तियों से टकराने वाला जेम्स हिक्की एक महान पत्रकार थे जिन्होंने अपने लोगों के विरुद्ध भी सत्य और सरोकारों के लिए तब तक लड़ाई की जब तक वो ख़त्म नहीं हो गए। इस अवसर पर डॉ निखिल, डॉ तारिक़, डॉ तहसीन, डॉ जावेद अख्तर सहित प्रीति, ममता, धर्मेंद्र, रूबी, ज्योति, नीतेश, नगमा, भास्कर सहित कई विद्यार्थी शामिल हुए।




## विजय चौक पर पूरी हुई बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी

राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की उपस्थिति में, तीनों सेनाओं के बैंड ने 31 धुनें पेश कीं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली के विजय चौक पर सोमवार (29 जनवरी) को बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी के साथ गणतंत्र दिवस के चार दिन तक चलने वाले कार्यक्रमों का समापन हुआ। तीनों सेनाओं के साथ सीएपीएफ के बैंड ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के सामने 31 क्लासिकल धुनें बजाईं।

समारोह में पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, अजीत डोभाल सहित अन्य केंद्रीय मंत्री और आम जनता मौजूद रही। विजय चौक की सभी प्रमुख इमारतों को रंग-बिरंगी लाइटिंग से सजाया गया था। तीनों सेनाओं के बैंड ने सेरेमनी की शुरुआत शंखनाद की धुन बजाकर की थी।समारोह के अंत में सभी बैंड मास्टर राष्ट्रपति के पास गए और बैंड वापस ले जाने की इजाजत मांगी। इसके बाद समारोह समाप्त किया गया।

शाश्वत राज एग्रो प्रा. लि.. की नई प्रस्तुति, आपके शहर औरंगाबाद में



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### खेल सिर्फ़ मनोरंजन का साधन नहीं, जीवन जीने की कला भी सिखाती हैः एडीजे




**बेगुसराय**। खेल मनुष्य के लिए सिर्फ मनोरंजन का साधन ही नहीं है. बल्कि खेल मनुष्य को जीवन जीने की कला भी सिखाती है. तथा समाज में एकता की भावना को उजागर करने के साथ साथ लोगों को एक दूसरे के साथ जोड़ने का भी काम करती है. उक्त बातें एडीजे डॉ दिनेश कुमार प्रधान ने मंझौल न्यायालय परिसर में बैडमिंटन कोर्ट के लोकार्पण सह वार बनाम बेंच के प्रदर्शनी मैच के मौके पर कही. उन्होंने कहा वर्तमान समय में खेल में भी कैरियर की असीम संभावनाएं हैं. साथ ही स्वस्थ और प्रसन्न रहने के लिए खेल आवश्यक है. उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा अगर आप स्वस्थ और प्रसन्न रहना चाहते हैं. तो खेल जे जुड़ें. वहीं मुंसिफ कोर्ट के न्यायाधीश राजेश रंजन ने कहा खेल में सिर्फ कैरियर ही नहीं है बल्कि खेल देश के मान सम्मान को शिखर पर पहुंचाने का एक जरिया भी है. बशर्ते खेल को खेल की भावना से खेला जाय. उन्होंने कहा इसके अलावे मनुष्य को स्वयं का फ़ायदा है. क्योंकि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन एवं मस्तिष्क का विकास होता है. इसलिए युवाओं को खेल विद्या से जुड़ना चाहिए. वहीं एसडीजेएम मो शाहनवाज़ आलम ने कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं के सहयोग से तैयार बैडमिंटन कोर्ट की स्थापना पर प्रसन्नता व्यक्त किया. बोले कोर्ट हाजत के सामने बहुत बड़ा एरिया कुड़ा कचरा से अटा पड़ा था. वहां पर कैदियों को लाकर रखा जाता है. मानव अधिकार के तहत उन कैदियों को भी कोर्ट परिसर में स्वच्छ और सुंदर वातावरण मिले. इसी को ध्यान में रखते हुए एडीजे सर के पहल पर इस तरह बैडमिंटन कोर्ट का स्थापना अतुलनीय एवं सराहनीय है. वहीं वॉलीबॉल कोच एवं राष्ट्रीय निर्णायक की भूमिका निभा रहे दिवाकर भारती ने धन्यवाद ज्ञापित किया. मौके शिक्षक सेंटू कुमार शर्मा, युवा अधिवक्ता शरद कुमार सिंह, सुदामा प्रसाद सिंह, समाजिक कार्यकर्ता डब्ल्यू सिंह, सोनू कुमार सहित अन्य मौजूद थे.

### भाकपा माले की जनसंकल्प पदयात्रा अझौड़.,परना पंचायत में निकाला गया

**बेगुसराय**। भाकपा माले के राज्य व्यापी आह्वान पर संविधान बचाओ-लोकतंत्रबचाओ, भाजपा हटाओ-देश बचाओ। नीतीश कुमार के विश्वासघात के खिलाफ एक हों। नारे के साथ शहीद नंदलाल-सिकंदर नगर से पदयात्रा निकाल कर विभिन्न चौक पर नुक्कड सभा की गई। नुक्कड सभा को संबोधित करते हुए खेग्रामस जिलासचिव चन्द्रदेव वर्माऔर अध्यक्ष मोहम्मद इसराफिल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में महंगाई-तंगहाली और बेरोजगारी को थोप कर अडानी- अंबानी को मालामाल किया। नफरत-विभाजन से रोजगार शिक्षा स्वास्थ्य वास-आवास के मुद्दों से ध्यान भटकाया जा रहा है। मनरेगा में मजदूरी मामले में मोदी सरकार ने आपराधिक कार्रवाई कर उसकी मजदूरी मात्र 228 रूपए तय किया है जो न ही केंद्र और न ही राज्य की न्यूनतम मजदरी है ।इसीलिए एक फरवरी को मोदी सरकार पर चार्जशीट को लेकर खेग्रामस का मार्च जिला मुख्यालय में निकाल कर मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम भेजा जाएगा। दोनों नेताओ ने नीतीश कुमार के पलटीमार को बिहार के साथ विश्वासघात बताया और जनता से समय पर जबाव देने की अपील की ।वर्षों से बसे लोगों को जमीन का पर्चा तथा भूमिहीन को वास भूमि आवास गरीबों को 200यूनिट मुफ्त बिजली मनरेगा में 200दिन काम और 600 रुपए मजदूरी वृद्ध विकलांग व विधवा को 3000रुपये पेंशन देने की मांग की। पदयात्रा में मोहम्मद तस्लीम,सलातुन खातून,आशा देवी,जरीना खातून,मोहम्मद सब्बीर,मंजू देवी,मोहम्मद जाहीद,ममता देवी,सना देवी,मोहम्मद सहीद,काजो देवी,बचकुन देवी,मोहम्मद अनवर,मोहम्मद वकील साथ चल रहे थे।

### इंटरमीडियट वार्षिक परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने है सभी तैयारी पूर्ण

**बेगूसराय**। जिला पदाधिकारी श्री रोशन कुशवाहा द्वारा इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धातिक) परीक्षा-2024 के कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण संचालन के मद्देनजर बेगूसराय प्रखंड के सामने प्रक्षागृह-सह-आर्ट गैलरी भवन, कंकौल, बेगूसराय में संयुक्त ब्रिफींग / बैठक आहुत की गयी।इस अवसर पर अपर समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, वरीय कोषांगार पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा, बिहार शिक्षा बोर्ड की तरफ से जिले में भेजे गये प्रेक्षक, प्रतिनियुक्त सभी सुपर जोनल दंडाधिकारी / सभी सुपर जोनल पुलिस दंडाधिकारी, सभी जोनल दंडाधिकारी / सभी जोनल पुलिस दंडाधिकारी, स्थिर दंडाधिकारी, केंद्राधीक्षक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि परीक्षार्थियों के भविष्य के हित में यह आवश्यक है कि परीक्षा स्वच्छ वातावरण में कदाचारमुक्त तरीके से संपन्न हो। ऐसी स्थिति में परीक्षा स्वच्छ, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा संचालित होने वाली इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धातिक) परीक्षा-2024 जिले के 34 परीक्षा केंद्रों पर दिनांक 01.02. 2024 से प्रारंभ होकर 12.02.2024 तक दो पालियों में संपन्न होगी। प्रथम पाली 9:30 पूर्वाहन से 12:45 बजे अपराहन तक तथा द्वितीय पाली 2:00 बजे अपराहन से 05:15 अपराह तक चलेगी।

**इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धातिक) परीक्षा-2024 के सफल संचालन हेतु जिला पदाधिकारी, बेगूसराय के द्वारा महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए हैं-** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, बिहार, पटना से प्राप्त निर्देशानुसार, इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धातिक) परीक्षा-2024 में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों के लिए जूता-मोजा पहन कर परीक्षा केंद्र पर प्रवेश करना वर्जित होगा। तद्नुसार, परीक्षार्थी जूता-मोजा की जगह चप्पल पहनकर ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश करेंगे। परीक्षार्थियों को प्रथम पाली में परीक्षा प्रारंभ होने के समय (पूर्वाहन 09:30 बजे) से 30 मिनट पूर्व अर्थात 09:00 बजे एवं द्वितीय पाली के परीक्षा प्रारंभ होने के समय (अपराह्न 02:00 बजे) से 30 मिनट पूर्व अर्थात अपराह्न 01:30 बजे तक परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी। दोनों पालियों के लिए निर्धारित समय के बाद अर्थात विलम्ब से आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।परीक्षा केंद्र के परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण यथा मोबाईल, ब्लू-टूथ, पेजर आदि रखने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थियों के किसी भी प्रकार के कदाचार में संलिप्त पाए जाने पर बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम, 1981 के सुसंगत प्रावधान के अंतर्गत उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।4. यदि किसी छात्र का प्रवेश पत्र गुम हो गया या भूल से घर पर छूट गया हो तो ऐसी स्थिति में उपस्थिति पत्रक में स्कैन्ड फोटो से उसकी पहचान कर और रौलशीट से सत्यापन कर परीक्षा में बैठने की औपबंधिक अनुमति दी जाएगी।5. परीक्षा केंद्र परिसर में परीक्षा अवधि में मीडियाकर्मियों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित होगा। 6. परीक्षा कक्ष में कोई भी परीक्षार्थी एवं वीक्षक मोबाईल फोन लेकर नहीं जाएंगे, इसका अनुपालन दृढ़ता से सुनिश्चित किया जाए।7. इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 की भाँति परीक्षा कक्ष/ हॉल में प्रत्येक बेंच पर अधिकतम दो (02) परीक्षार्थी ही बैठेगें, ऐसी व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करवायी जाय।8. सभी गश्ती दंढाधिकारी परीक्षा पाली की पूरी अवधि में लगातार भ्रमणशील रहकर यह सुनिश्चित करेंगे कि संबधित परीक्षा केंद्रों के आसपास 500 गज के व्यासार्दध में कोई भी व्यक्ति अनाधिकृत नहीं रहें। गश्ती दंडाधिकारी का यह भी दायित्त्व होगा कि वे परीक्षा केंद्रों के आसपास मोबाईल दुकानों, फोटो कॉपी की दुकानों परीक्षा अवधि तक बंद करवा देंगेपरीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा का अधिष्ठापन करने, आवश्यक सूचना देने हेतु पब्लिक अड्रेस सिस्टम का अधिषाठापन करने, पुरूष एवं महिला परीक्षार्थियों के फ्रिस्किंग के लिए समुचित प्रबंध करने आदि के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# श्वेता हत्याकांड का सफल उद्भेदन, सौतन ने सुपारी देकर करायी थी हत्या

## सौतन समेत चार सुपारी किलर गिरफ्तार



निज संवाददाता। नवादा

पुलिस ने दस दिनों पूर्व दुकान में घुसकर ब्यूटिशियन श्वेता की हत्या किए जाने के मामले का उद्भेदन करने में सफलता हासिल की है। नगर थाना पुलिस ने सौतन के साथ पांच सुपारी किलर को गिरफ्तार कर लिया है। नगर थाना में मुख्यालय डीएसपी कल्याण आनंद ने प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी। डीएसपी ने बताया कि नवादा-गया पथ पर नगर थाना क्षेत्र के पंचमुखी नगर में बेली शरीफ, सोनरपट्टी मुहल्ला निवासी स्व गणेश प्रसाद के पुत्र राजकुमार प्रसाद उर्फ गुड्डू प्रसाद की दूसरी पत्नी डायमंड ब्यूटी पार्लर की संचालिका सुदामा नगर मुहल्ला निवासी श्वेता कुमारी की हत्या 19 जनवरी 2024 को अज्ञात अपराधियों ने दुकान में घुसकर चाकु गोदकर कर दिया था। हत्या बाद मृतका के पति के आवेदन पर नगर थाना में अज्ञात अपराधियों के विरूद्ध प्राथमिकी संख्या-119/24 दर्ज किया गया था। प्राथमिकी दर्ज होने के उपरान्त एसपी अम्बरीष राहुल ने मामले को गंभीरता लेते हुए एसआईटी का गठन कर कार्रवाई का आदेश दिया। गठित एसआईटी के द्वारा वैज्ञानिक अनुसंधान के तहत घटना में शामिल जिले के कादिरगंज ओपी क्षेत्र के पचोहिया ग्रामीण सुनील रविदास के पुत्र करण कुमार, उसी ओपी क्षेत्र के भनैल ग्रामीण राकेश प्रसाद के पुत्र अविनाश कुमार उर्फ अंकित, घोस्तावां ग्रामीण भोला पासवान के पुत्र प्रिंस कुमार उर्फ गोलू व सत्येन्द्र पासवान के पुत्र राहुल कुमार, मृतका की सौतन राजकुमार प्रसाद उर्फ गुड्डू की पहली पत्नी रिन्की देवी को गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी ने बताया कि मृतका की सौतन रिन्की ने दो लाख सुपारी देकर अपनी सौतन श्वेता की हत्या कराई थी। उन्होंने बताया कि अनुसंधान के क्रम में पता चला कि वादी राजकुमार प्रसाद की दो शादी है, पहली पत्नी रिंकी देवी बेली शरीफ, सोनारपट्टी पुस्तैनी मकान में अपनी सास के साथ रह रही है एवं दुसरी पत्नी मृतका श्वेता कुमारी सुदामा नगर में किराये के मकान पर रहती थी। अनुसंधान एवं तकनीकी अनुसंधान से चार अभियुक्तों की संलिप्तता पायी गई। चारों अभियुक्तों द्वारा अपने-अपने स्वीकारोक्ति बयान में अपना अपराध स्वीकार किया। स्वीकारोक्ति बयान में बताया गया कि वादी की पहली पत्नी रिंकी देवी के द्वारा दो लाख रूपये की सुपारी देकर षड्यंत्र के तहत श्वेता की हत्या करवायी गयी। हत्या के एवज में रिंकी देवी के द्वारा एक लाख 70 हजार रूपये भुगतान किया गया था। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त रिंकी देवी के द्वारा भी अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में अपना अपराध स्वीकार किया है, जिसमें बताया गया कि वादी राजकुमार की दुसरी पत्नी श्वेता कुमारी की वजह से पहली पत्नी रिंकी देवी से अच्छा व्यवहार नहीं करते थे और बच्चों का देखरेख सही ढंग से नहीं करते थे। इसी बीच रिंकी की मुलाकात करण कुमार से हुई और बातचीत के क्रम में अपनी बात बताये तथा मोबाइल नंबर भी दिया, फिर मोबाइल पर हीं बातचीत हुई और रिंकी के द्वारा श्वेता कुमारी को जान से मारने के लिए कहा गया, जिसके बदले करण कुमार एवं उनके अन्य साथियों के द्वारा दो लाख का मांग किया गया, तो रिंकी ने अपना गहना बेचकर एक लाख 70 हजार रूपये दी और बाकी रूपये बाद में देने के लिए बोली। मौके पर नगर थानाध्यक्ष अरूण कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## नए का स्वागत और पुराने बीईओ को दी गई भावभीनी विदाई




निज संवाददाता। नवादा

प्रखंड संसाधन केंद्र रोह के प्रांगण में सोमवार को सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर नव पदस्थापित बीईओ बिन्दु कुमारी को शॉल व पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया गया। तथा स्थानांतरण होकर जा रहे बीईओ सुशील कुमार को भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर उपस्थित कई प्रधान शिक्षकों ने कहा कि कहा कि सुशील कुमार हमेशा शिक्षकों व विद्यालयों के विकास के लिए मार्गदर्शन देने का काम किया। कभी भी पदाधिकारी के रूप में पेश नहीं आए। हमेशा अभिभावक के रूप में हम लोगों का मार्गदर्शन करते रहे। इसके अलावा प्रधान शिक्षकों को विद्यालय का कार्य समय से करने का भी निर्देश दिया गया। इस मौके पर इन्हें शॉल और पुष्प गुच्छ देकर प्रधान शिक्षकों के द्वारा भाविनी विदाई दी गई। इस मौके पर उपस्थित प्रधान शिक्षकों ने इन्हें अपने अपने स्तर से भी अंग वस्त्र प्रदान किया तथा फूल मालाओं से लाद दिया। इस मौके पर मध्याह्न भोजन समन्वयक किरण कुमारी, बीआरपी रामवृक्ष प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, बुंदेल सिंह के अलावा बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, कृष्णदन कुमार, रंजन कपूर, गौतम कुमार, आलोक कुमार, बिहार प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रवक्ता अविनाश कुमार निराला, विनोद कुमार, जवाहर पासवान, सुशील कुमार चक्रवर्ती, गौतम कुमार, विजय कुमार निराला आदि प्रधान शिक्षक उपस्थित थे।

## मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा के नवनियुक्त कुलपति का सम्मान सह अभिनंदन समारोह



निज संवाददाता। बेगूसराय

प्रखंड के अंतिम छोर पर अवस्थित राजापुर गांव में स्वर्गीय बैधनाथ प्रसाद राय के आवास पर मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा के नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी का अभिनंद सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.कार्यक्रम की अध्यक्षता बीपीएससी के पूर्व सदस्य सह एलएस कालेज मुजफ्फरपुर के प्राचार्य प्रोफेसर डाक्टर ओमप्रकाश राय उर्फ श्याम जी ने किया.उपस्थित लोगो के अभिनंदन सम्मान को स्वीकारते हुए कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे माननीय राज्यपाल महोदय के द्वारा दी गयी हैं.उसे निष्ठा पूर्वक ईमानदारी के साथ निर्वहन करने का काम करेगें.उन्होने कहा कि शिक्षा से ही समाज की दशा-दिशा को बदल सकते हैं.इसलिये खासकर छात्र-छात्राओं से कहना है कि वे शिक्षा का ज्ञान अपने जीवन में शत-प्रतिशत उतारने का काम करेगे. तभी एक सुन्दर, स्वच्छ,शिक्षित समाज देश की कल्पना साकार होगी.कार्यक्रम में एसबीएसएस कालेज बेगूसराय के प्राचार्य प्रोफेसर अवधेश कुमार सिंह,एसएनएनआर कालेज चमथा के प्राचार्य सह आर्यभट्ट कोचिंग संस्थान बेगूसराय के निदेशक प्रोफेसर अशोक कुमार सिंह अमर,कृषि वैज्ञानिक शैलेन्द्र कुमार चौधरी पप्पू,शिक्षक पंकज कुमार झा,शिक्षक राघवेन्द्र कुमार,अमीत कुमार,राजीव कुमार ईश्वर,शील चौधरी ने संयुक्त रूप से गुलदस्ता,फूल का माला,चादर देकर कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी को सम्मानित कर अभिनंदन किया.धन्यवाद ज्ञापन दुर्गादत्त ईश्वर ने किया.

## पैथोलॉजी में भी जांचों की संख्या कम,बाजार में जाने को मजबूर हैं मरीज

# बगैर एक्सरे रिपोर्ट के अनुमान से चिकित्सक करते हैं इलाज, अल्ट्रासाउंड नदारद




निज संवाददाता। संतोष कुमार रजौली

अनुमण्डलीय अस्पताल बीते कई वर्षों से बुनियादी सुविधाओं के आभाव से जूझ रहा है।जबकि बीते माह से यह अस्पताल ट्रामा सेंटर युक्त अस्पताल घोषित है।बावजूद अस्पताल में बगैर नाम मात्र का एक एक्सरे मशीन एवं टेक्नीशियन की मदद से संचालित किया जा रहा है।वहीं अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था नदारद है।वहीं पैथोलॉजी में भी मात्र 10 से 11 प्रकार की जांच की सुविधा उपलब्ध है।जिससे मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।साथ ही फार्मासिस्ट एवं लैब टेक्निशियन अपने-अपने कक्ष को ओपीडी के समय ही खोलते हैं और बन्द करते हैं।जिससे इमरजेंसी में आनेवाले मरीजों को दवाई,सुई,जांच आदि के लिए बाजार जाना पड़ता है।जिससे उन्हें मानसिक,शारिरिक एवं आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। **बिना एक्सरे रिपोर्ट से होती है परेशानी-** अनुमंडलीय अस्पताल में बीते दो तीन वर्षों से एनजीओ की मदद से एक्सरे मशीन एवं टेक्नीशियन द्वारा अस्पताल में आने वाले जरूरतमंद मरीजों का एक्सरे किया जाता है।एक्सरे के बाद चिकित्सक बिना एक्सरे रिपोर्ट के चिकित्सक धूप अथवा लाइट की मदद से एक्सरे फ़िल्म को देखकर अनुमान लगाते हैं एवं मरीज को अनुमान के आधार पर ही दवाई आदि देकर छुटकारा पा लेते हैं।अस्पताल के चिकित्सक बताते हैं कि प्रतिदिन 200 से 300 मरीज अस्पताल में ओपीडी में इलाज हेतु आते हैं।जिसमें दर्जनों मरीजों का एक्सरे भी करवाने को निर्देशित किया जाता है।किंतु रेडियोलॉजिस्ट नहीं रहने के कारण सिर्फ एक्सरे फ़िल्म को देखकर अनुमान से दवाई आदि लिखी जाती है।वहीं सोमवार को 6 मरीजों ने एक्सरे करवाया।जिनमें सुनील कुमार राम,रेखा देवी एवं हरदिया की सोनिया देवी शामिल हैं।मरीजों ने कहा कि चिकित्सक द्वारा जांच लिखे जाने के बाद एक्सरे फ़िल्म चिकित्सक को दिखाकर दवाई लिए हैं। **पैथोलॉजी में भी कम जांच से मरीज परेशान-** अस्पताल में स्थित पैथोलॉजी में 10 से 11 जांच की सुविधा है।जिसमें हीमोग्लोबिन, सुगर,मलेरिया,टायफायड,डेंगू,ब्लड ग्रुप,पेशाब आदि शामिल हैं।वहीं सोमवार को विभिन्न जगहों से आये लगभग 15 मरीजों ने पैथोलॉजी में जांच करवाया।वहीं इलाज के दौरान चिकित्सकों को कुछ ऐसी जांच की भी आवश्यकता होती है,जो कि अस्पताल में हो पाना सम्भव नहीं है।ऐसी स्थिति में चिकित्सक अपने स्वविवेक का प्रयोग करते हुए जांच हेतु बाजार के पैथोलॉजी से जांच करवाने कहते हैं।जिसके कारण मरीजों को काफी परेशानी होती है। **क्या कहते हैं प्रभारी डीएस-** इस बाबत पर प्रभारी डीएस डॉ दिलीप कुमार ने कहा कि अस्पताल में उपलब्ध संसाधन का नियमानुकूल प्रयोग कर मरीजों की देखभाल की जाती है।वहीं अस्पताल में चिकित्सक समेत कई अन्य कमियां जिसको लेकर विभागीय पत्राचार भी किया गया है।उन्होंने जल्द ही अनुमंडलीय अस्तपताल में बुनियादी सुविधाएं होने की बात कही है।

## रचनात्मक कार्यों क़ो लेकर सम्मानित किये गए शिक्षक अरविन्द

निज संवाददाता। वारिसलीगंज



जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक नवादा संयुक्त रूप से सम्मानित करते हुए

प्रखंड के आदर्श मध्य विद्यालय जमुआवां के शिक्षक अरविंद कुमार एक बार फिर जिला स्तर पर सम्मानित होकर विद्यालय व प्रखण्ड का नाम रोशन किया.वहीं शिक्षक अरविंद ने कहा कि यह सम्मान हमारे विद्यार्थियों का, हमारे विद्यालय का, हमारे प्रखंड के शिक्षकों का, उन अभिभावकों का सम्मान है जो अक्सर नवाचर के लिए प्रोत्साहित करते रहे हैं। बताते चलें कि शिक्षा में शून्य निवेश नवाचार को लेकर अरविंदो सोसायटी द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम में इन्हें पहली बार सम्मान मिला। पुनः बालिका वर्ग के निजता, सम्मान, सुरक्षा व अधिकार को लेकर इनके द्वारा स्थापित कामाख्या कक्षा की स्थापना के लिए इंदिरा सिंह बी.एड.टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज गढ़वा(झारखंड) ने कामाख्या कक्ष के जनक की उपाधि से नवाजते हुए सम्मानित किया गया। तत्पश्चात साइबर क्राइम से बचाव हेतु "चाइल्ड साइबर क्राइम कंट्रोल यूनिट" का गठन, जूनियर वर्ग के बालक वर्ग हेतु कब यूनिट की स्थापना, पर्यावरण कार्यक्रम के तहत पौधों को गोद लेने की परंपरा, खेल प्रतियोगिताओं में राज्य स्तर पर विद्यालय की पहचान स्थापित करना, समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों संग समावेशित करना, दिव्यांग बालिकाओं हेतु निःशुल्क कंप्यूटर शिक्षक प्रदान करना, विद्यालय परिसर में गुरुकुल परंपरा पर आधारित प्रदूषण मुक्त स्वच्छ वातावरण का निर्माण, गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन योजना हेतु किचेन गार्डन को बढ़ावा देना, हस्तलिखित बाल-पत्रिका एवं ई-पत्रिका नव प्रसून एक स्वप्निल एहसास का प्रकाशन, बाल संसद, यूथ क्लब, इको क्लब इत्यादि के माध्यम से नवीन गतिविधियों का संचालन, बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन इत्यादि के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी नवादा द्वारा वर्ष 2022 में जिला शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया। पुनः दुर्गा पूजा एवं छठ पूजा के अवसर पर विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए एनसीसी एवं स्काउट एंड गाइड के विद्यार्थियों की ड्यूटी के दौरान बेहतरीन ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए इन्हें जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक नवादा द्वारा संयुक्त रूप से जिला स्थापना दिवस 2024 के अवसर पर सम्मानित किया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी महेश्वर रविदास, भारत स्काउट एंड गाइड के जिला सचिव राम अकबाल शर्मा, अपसढ पंचायत के मुखिया राजकुमार सिंह, प्रधानाध्यापक परमानंद प्रसाद, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अशोक सिंह, जिला सचिव ललितेश्वर शर्मा, प्रखंड अध्यक्ष शंभू प्रसाद सिंह, बी.के.साहू के सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉक्टर गोविंद जी तिवारी सहित सैंकड़ों शिक्षकों व अभिभावकों ने बधाई देते हुए कहा कि ये शिक्षकों के प्रेरणाश्रोत हैं।

## थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर पल्लव को दी गई विदाई




निज संवाददाता। बेगूसराय

वीरपुर थाना में पांच माह पूर्व थाना अध्यक्ष के पद पर आए पुलिस पदाधिकारी पल्लव को सोमवार 29 जनवरी को जनप्रतिनिधियों, थाना क्षेत्र के ग्राम रक्षा दल के सदस्यों के अलावे थाना परिवार के सदस्यों ने विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया। उक्त लोगों के द्वारा थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर पल्लव को अंग वस्त्र,प्रतिक चिन्ह,फुल माला,व भगवान श्रीकृष्ण के फोटो देकर सम्मानित किया।मौके पर प्रभारी थानाध्यक्ष अंजलि कुमारी, पुलिस पदाधिकारी अनिल मिश्र, दया शंकर राम, विनोद कुमार,मदन कुमार, सरपंच प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह उर्फ बुटाली सिंह,ग्राम रक्षा दल के धीरज कुमार, कुन्दन कुमार,मणिष कुमार, विक्रम कुमार के अलावे सभी चौकीदार और दफा दार मौजूद थे।

## प्रखंड मुखिया संघ की बैठक में नये सरकार बनने का स्वागत



निज संवाददाता। बेगूसराय

मंसूरचक प्रखंड के गोविंदपुर-02 पंचायत के मुखिया राममूर्ति चौधरी के आवास स्थान अहियापुर में प्रखंड मुखिया संघ की बैठक मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद इजहार अंसारी की अध्यक्षता में हुई. बैठक में संगठन को मजबूत करने एवं पंचायत के सर्वांगीण विकास पर विस्तृत चर्चा किया गया. मुखिया राममूर्ति चौधरी ने कहा कि नयी बनी डबल इंजन की सरकार में बिहार के विकास को सही दिशा मिलेगी और पंचायतीराज भी मजबूत होगा. पंचायत के अवरोधि विकास को गति मिलेगी. सभी मुखिया संघ ने नयी सरकार को शुभकामना देते हुए पंचायत के विकास कार्य के लिए पर्याप्त राशी मुहैया करवाने की आशा जताई.

# रामलला झांकी में शामिल बच्चों को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा सम्मानित

निज संवाददाता। रजौली



मुख्यालय के नीचे बाजार स्थित शिवालय मंदिर में सोमवार की दोपहर शोभायात्रा में शामिल छोटे-छोटे बच्चों को सम्मानित किया गया।इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में एसआई पिंकी कुमारी,नवादा शहर छत्रपति शिवाजी अध्यक्ष जीतू प्रताप,विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष कैलाश विश्वकर्मा,नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी एवं उपाध्यक्ष मो गुड्डू आलम मौजूद रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बजरंग दल के प्रखण्ड संयोजक पिन्टू वर्मा ने कहा कि बीते 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शोभायात्रा में छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा राम-लक्ष्मण-सीता व बजरंगबली का रूप धारण कर झांकी निकाली गई थी।जिसमें सचिन कुमार प्रभु श्रीराम,निर्भय कुमार लक्ष्मण जी,पावनी कुमारी माता सीता एवं अमन कुमार और बिलशन कुमार बजरंगबली बने थे।जिन्हें उत्साहित करने को लेकर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष मनीष सिंह,नगर उपाध्यक्ष अरविंद विश्वकर्मा एवं बजरंगदल के सह संयोजक संदीप वर्मा,मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की आरती देवी,सोनी गोस्वामी व गंगोत्री देवी एवं मुख्य अतिथियों द्वारा सभी बाल-कलाकारों को अंग वस्त्र,धर्मग्रंथ एवं श्रीरामजानकी की फोटो देकर सम्मानित किया गया।वहीं बजरंगदल के सह संयोजक ने कहा कि मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के संगठन के गठन एवं विस्तार पर चर्चा किया गया।साथ ही शिवालय मंदिर के समीप छठ घाट के आसपास बाजार के बह रहे नाले को लेकर नगर पंचायत प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी से विशेष चर्चा किया गया।जिसको लेकर उनके द्वारा जल्द ही निराकरण करने की बात कही गई है।इस मौके पर शोभायात्रा के अध्यक्ष नवीन कंधवे,समाजसेवी बंटी सिंह व रंजन कुमार बब्लू,बजरंगदल के गौतम तांती,सोनू सिंह,जयराम सिंह,सुमित कुमार बिट्टू,अनुज एयरटेल,धोनी यादव,गोरा सेठ,संतोष वर्मा,दीपक भदानी,दीपू वर्मा आदि दर्जनों लोगों को प्रखण्ड संयोजक पिन्टू वर्मा के द्वारा अंग वस्त्र आदि देकर सम्मानित किया।साथ ही सभी ने शोभायात्रा के सफल बनाने में स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन को धन्यवाद दिया गया।

आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस कर रही है छापामारी

# भाई ने भतीजे के साथ मिलकर की कुल्हाड़ी से मारकर अपने ही भाई की हत्या




निज संवाददाता

**जहानाबाद**। जहानाबाद काको थाना छोटकी काको गांव में भाई ने भतीजे के साथ मिलकर अपने ही भाई की हत्या कर दी। मृतक का नाम रामप्रवेश मांझी उम्र 65 वर्ष बताया जाता है। भाई एवं भतीजे का आरोप है कि रामप्रवेश मांझी झाड़फूंक का काम करता था। मृतक के भाई ने आरोप लगाया कि मेरे बहू को यह भूत कर दिया है जिसके कारण मेरे बहू की बच्चा नहीं हो रहा था। किसी को लेकर कई बार दोनों से विवाद भी हुआ था और इसी को लेकर दोनों परिवार में तनाव बना रहता था। सुरेंद्र मांझी ने बताया कि रविवार की रात्रि दोनों में इसी बात को लेकर कहा सुनी हुआ। तभी इसका भाई एवं भतीजा कुल्हाड़ी लेकर आया और मार कर घायल कर दिया। जिसके कारण रामप्रवेश मांझी गंभीर रूप से घायल हो गया। इसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिवार जनों के रोते-रोते बुरा हाल है। काको थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि भाई एवं भतीजे ने मिलकर राम प्रवेश मांझी को कुल्हाड़ी से मार कर हत्या कर दिया। इसकी सूचना उसके परिजन द्वारा हम लोगों को दिया गया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया है। उन्होंने कहा कि हत्या करने वाले लोग घर छोड़कर फरार हैं। पुलिस गिरफ्तारी करने के लिए छापामारी कर रही है। उन्होंने कहा कि उसके परिवार द्वारा भूत प्रेत करने का आरोप लगाया जा रहा है। पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा की घटना का कारण क्या है।

## सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

निज संवाददाता

**जहानाबाद**। जहानाबाद में सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार घायल हो गए। दोनों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। शहर के गौरक्षणी मोहल्ला निवासी पप्पू कुमार और गोलू कुमार एक शादी समारोह में भाग लेने के लिए जा रहे थे। पटना-गया सड़क एनएच-83 पर मखदुमपुर के पास ब्रेर के कारण बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में दोनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिवार वालों ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। एक की हालत गंभीर है। पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया है। आसपास के लोगों का कहना है कि तेज रफ्तार से बाइक चलाने के कारण घटना घटी है। अचानक ब्रेकर आ गया जिसके कारण बाइक अनियंत्रित हो गई। दूसरी घटना राजा बाजार पुल के समीप की है। जहां एक दुकानदार दुकान खोलने के लिए जा रहा था।

जैसे ही पुल के समीप पहुंचा विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिसके कारण शाहपुर पिंजौर गांव निवासी राजीव कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजीव कुमार के दोस्त ने कहा कि यह दुकान खोलने के लिए जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार से आ रही एक बाइक टक्कर मारते हुए फरार हो गया।

# 58 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)**। रोहतास जिले के डेहरी रेलवे स्टेशन पर सोमवार को आरपीएफ ने दो तस्करों को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। उनके पास से बरामद ब्राउन शुगर की मात्रा 58 ग्राम है जिसका बाजार मूल्य तीन लाख रूपए बताया जाता है। आरपीएफ द्वारा ब्राउन शुगर बरामदगी एवं गिरफ्तारी की सूचना जिला प्रशासन को दी गई। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में बरामद मादक पदार्थ की विडियोग्राफी-फोटोग्राफी कराई गई, जिसके बाद अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डेहरी आरपीएफ प्रभारी राम विलास राम ने बताया कि गश्ती के दौरान दो युवकों संदिग्ध स्थिति में देख जांच किया गया, तो उनके पास से ब्राउन शुगर बरामद किया गया। गिरफ्तार तस्करों में रजनीश सिंह पिता देवेन्द्र सिंह एवं आकाश सिंह पिता डब्लू सिंह शामिल है। दोनों रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के आनंद नगर के निवासी बताए जाते हैं। इसके बाद इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी गई। प्रशासन द्वारा डिहरी की अंचलाधिकारी अनामिका कुमारी को मजिस्ट्रेट के रूप में भेजा गया। इसके बाद गिरफ्तार तस्करों, बरामद सामग्री की फोटो-ग्राफी विडियोग्राफी करा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। आरपीएफ प्रभारी ने बताया कि दोनों तस्करों के पास से तीन हजार रूपए नकद एवं तीन मोबाइल बरामद किये गए है। उन दोनों ने पूछताछ में बताया है कि वे डेहरी-सासाराम से ब्राउन शुगर रांची सप्लाई करते है। यहां के स्थानीय तस्करों से एक होटल के माध्यम से माल खरीद कर ले जाया जाता है। थानाध्यक्ष ने बताया मोबाइल डिटेल्स से स्थानीय तस्करों का नाम भी सामने आएगा।

**कार्यालय- झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा**
**विकास भवन-बी० समाहरणालय परिसर, प्रथम तल**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, कांडी की तत्कालीन वार्डेन–सह–शिक्षिका–चन्द्रावती सिंह का प्रशासनिक दृष्टिकोण से स्थानांन्तरण कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, भण्डरिया में कार्यालय आदेश ज्ञापांक– 1552 दिनांक– 08.10.2023 द्वारा किया गया। श्रीमती सिंह के द्वारा स्थानान्तरित विद्यालय में लम्बे समय तक योगदान नहीं किये जाने के उपरान्त कार्यालय पत्रांक–1798 दिनांक–28.11.2023 द्वारा उनसे स्पष्टीकरण की मांग करते हुए संबंधित पत्र उनके चयन/नियुक्ति संबंधी पत्र में वर्णित पते पर निबंधित डाक के द्वारा भेजा गया, किन्तु उक्त पत्र डाक विभाग द्वारा उनके उस पते पर नहीं रहने का उल्लेख करते हुए वापस किया गया है।

अतः इस आवश्यक सूचना के माध्यम से श्रीमती सिंह को सूचित किया जाता है कि वे पन्द्रह दिनों के अन्दर निर्धारित विद्यालय में योगदान करना सुनिश्चित करेंगी, अन्यथा एक पक्षीय निर्णय लेते हुए सेवा संविदा समाप्त करने की कार्रवाई की जायेगी।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

PR 317170 Human Resource Developement(23-24)#D

# आहार में मछली मारने को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल



निज संवाददाता

**अरवल**। अरवल के परासी थाना क्षेत्र अंतर्गत कमता आहार में मछली मारने को लेकर दो पक्षों में विवाद के बाद जमकर मारपीट की गई। इस घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। बताया जाता है कि कमता जलचर मत्स्य विभाग के अधीन है। जिसे विभाग के द्वारा प्रतिवर्ष संवैधानिक प्रक्रियाओं के तहत नीलामी की जाती है। इस दौरान भूषण चौधरी, सियाराम चौधरी एवं लवकुश चौधरी ने मत्स्य विभाग से इस जलचर को नीलामी प्रक्रिया के तहत लिया था और जलचर से मछली मार रहे थे। तभी कामता गांव का रहने वाला उमेश चंद्रवंशी, भगलू चौधरी, तथा सूरज नाथ महतो ने मछली मारने का विरोध किया। जिसके बाद दोनों पक्षों में तू-तू-मय हुआ और उसके बाद जमकर लाठियां चलने लगी। घटना के जानकारी दोनों पक्ष के लोगों को हुई जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग लाठी डंडे लेकर कामता आहार पर पहुंच गए और मारपीट की घटना को अंजाम दिया। आसपास मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की तस्वीर मोबाइल फोन में कैद कर लिया। वही मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी परासी थाने की पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घायलों को सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि दो पक्षों में मारपीट हुई है। जिसका वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दिख रहे सभी लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। वही दोनों पक्षों के द्वारा आवेदन दिया गया है।

## एमओ ने की बैठक

**नासरीगंज (रोहतास) (नि.सं.)**। प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरजीएफ भवन में सोमवार को एमओ नैन्सी कुमारी ने नगर व प्रखंड के पीडीएस दुकानदारों के साथ बैठक की। इस दौरान एमओ ने दुकानदारों को निर्देश दिया कि सभी राशन कार्डधारियों की आधार सिडिंग आगामी 5 फरवरी तक और नये राशन कार्डधारियों जिनकी कार्ड संख्या जेनरेट हो चुकी है उन्हें राशन उपलब्ध कराना शत प्रतिशत सुनिश्चित करें। उन्होंने आगाह किया कि कार्ड जेनरेट होने के बाद भी राशन नहीं प्राप्त करने वाले कार्डधारियों का कार्ड निरस्त कर दिया जायेगा।

**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय, केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू**

**ई0–निविदा सूचना**

**e-TENDER : - HJ AND DM/CJ MEDININAGAR/Q1/2024/290**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू। |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, फल, मांस, सरसों का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई०–निविदा का आमंत्रण। (प्रथम त्रैमासिक निविदा दिनांक 01.01.2024 से 31.03.2024 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | तिथि– 16.02.2024 से 22.02.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि– 16.02.2024 से 22.02.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना(Sample)जमा करने की तिथि। | तिथि– 23.02.2024 से 26.02.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि | तिथि– 23.02.2024 से 26.02.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | दिनांक 28.02.2024 को पूर्वाहन 11.30 बजे, अधीक्षक, केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू के कार्यालय वेश्म में अपर समाहर्त्ता, पलामू की उपस्थिति में। |

नोट :– 1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार के वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, मेदिनीनरग, पलामू के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक
केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू

PR.NO.317159 Prison(23-24):D

# अरविंद प्रताप सिंह ने जहानाबाद एसपी का संभाला पद



निज संवाददाता

**जहानाबाद**। जहानाबाद के नए पुलिस कप्तान अरविंद प्रताप सिंह ने पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था बनाए रखना सबसे पहले प्राथमिकता है। पब्लिक और पुलिस मित्र पूर्वक संबंध बनाए रखना है। दोनों के सहयोग से ही जिले में शांति व्यवस्था कायम रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई को किसी तरह की भी शिकायत अगर हो, फोन, फेसबुक, ट्विटर के माध्यम से शिकायत दर्ज कर सकते हैं। कहा कि प्रतिदिन जनता की शिकायत सुनेंगे और पहली प्राथमिकता होगी अपराध मुक्त एवं विधि व्यवस्था बनाए रखना अगर किसी तरह की घटना होती है तो उसका तुरंत उद्भेदन किया जाएगा। उन्होंने जिले वासियों से अपील की कि किसी तरह की कोई सूचना मिलती है, टेलीफोन के माध्यम से मुझे सूचित कर सकते हैं। मैं 24 घंटा सेवा में उपलब्ध रहूंगा पुलिस भी आपकी हर संभव मदद करने के लिए तत्पर रहेगा नए पुलिस कप्तान योगदान करने के बाद ही पुलिस विभाग में हलचल बढ़ गई है। उन्होंने अपने कार्यालय में बैठकर कई कामकाज भी निपटाए एवं पुलिस पदाधिकारी के कई आवश्यक निर्देश भी दिया।

# मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत



निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)**। कैमूर में पूर्व में हुए मारपीट में घायल युवक का इलाज के दौरान मौत हो गया। इसके बाद परिजनों द्वारा इसकी जानकारी भभुआ पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची भभुआ पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया है। घटना भभुआ थाना क्षेत्र के नखतौल गांव की है। 30 नवंबर को हैंडपंप पर पानी भरने के विवाद को लेकर गांव में ही अपने पाटीदारों के बीच मारपीट हुई थी। इसमें युवक घायल हो गया था। सदर अस्पताल भभुआ में उस समय प्राथमिक उपचार कराने के बाद बेहतर उपचार के लिए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया था। जहां ट्रॉमा सेंटर वाराणसी से वह उपचार कराकर 25 जनवरी को अपने गांव आया था। तभी 28 जनवरी के अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई थी। मृत व्यक्ति भभुआ थाना क्षेत्र के नखतौल गांव के डोमा बिंद का बेटा विमल बिंद(45) बताया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि भभुआ थाना क्षेत्र के नखतौल गांव में हैंडपंप पर पानी भरने को लेकर अपने पाटीदारों के बीच ही विवाद हुआ था। इसमें एक पक्ष द्वारा मारपीट कर विमल बिंद को बुरी तरह घायल कर दिया गया था। उस समय सदर अस्पताल भभुआ में उपचार कराकर बेहतर उपचार के लिए ट्रॉमा सेंटर वाराणसी ले जाया गया था। जहां भर्ती कर इलाज चल रहा था सुधार होने के बाद 25 जनवरी को इनको अपने गांव नखतौल लाया गया लेकिन 28 जनवरी की तबीयत फिर खराब हो गई। सदर अस्पताल भभुआ में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृत व्यक्ति के 2 बेटे और एक बेटी है।

# बड़े भाई ने छोटे भाई की पत्नी को पीटा, घायल

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)**। कैमूर के अधौरा थाना क्षेत्र के कान्हा नार गांव में घरेलू विवाद को लेकर बड़े भाई ने अपने ही छोटे भाई की पत्नी को मारपीट कर बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिया। जब यह जानकारी पीड़िता के पति को लगी तो वह घर पहुंचा और अपनी पत्नी को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अधौरा ले गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद महिला की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार करने के लिए सदर अस्पताल भभुआ रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में सदर अस्पताल भभुआ में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। घायल महिला की पहचान अधौरा थाना क्षेत्र के कान्हा नार गांव निवासी बाबूलाल प्रजापति की पत्नी गीता देवी (32) के रूप में हुई है। मामले की जानकारी देते हुए बाबूलाल प्रजापति ने बताया कि मैं घर से बाहर गया था। मेरी पत्नी घर पर थी तभी घरेलू विवाद को लेकर मेरे बड़े भाई और भौजाई ने मेरी पत्नी के साथ गाली-गलौज किया। जब उसने उन्हें मना किया तो दोनों ने लात-घुसों से उसकी पिटाई कर दी। जिससे वह घर में बेहोश हो गई। घटना की जानकारी मुझे मिला तो मैं घर पर पहुंचा तो अपनी पत्नी के उपचार के लिए निजी वाहन के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अधौरा लेकर आया। जिसके बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार करने के लिए सदर अस्पताल भभुआ रेफर कर दिया।

**Notice Inviting Tender**
**Civil Court, Latehar (Jharkhand)**

**Tender No.-01/2024** **Dated 27.01.2024**

The Court invites quotation in a sealed envelop from Original Equipment Manufacturer (OEM) Authorized Agencies/Firms/Vendors for purchase of **01 (One) no.** of "**Konica Minolta bizhub 550i" (B&W Multi-function Printer)** to be installed in the Civil Court, Latehar:-

| Sl.No. | Make/Model of the Machine | Quantity |
|---|---|---|
| 1 | Konica Minolta bizhub 550i (B&W Multi-function Printer) | 01 |

Sealed tenders are to be submitted in the office of the undersigned latest by **13.02.2024** till **04:30 P.M.** on any working days.

All the sealed envelops received during the stipulated time frame will be opened on **15.02.2024** before the Purchase Committee, Civil Court, Latehar for needful.

**Following conditions are required to be fulfilled:-**
(1) Dealer/Distributor/Firm must have valid Original Equipment Manufacturer (OEM) Authorization Certificate.
(2) Rate must be **Inclusive of all taxes.**
(3) Warranty period must be mentioned in the Tender.
(4) Dealer/Distributor/Firm must have its local office in the state of the consignee.
(5) Service reputation of Dealer/Distributor/Firm in the market will also be considered and priority will be given accordingly.
(6) Any tender received after the due date will not be entertained.
(7) The Court reserves the right to cancel the entire process at any point of time without assigning any reason.

Judge-in-Charge,
Civil Court, Latehar

PR 317167 (Law) 23-24 (D)

**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**
**NDC Office, Latehar, 829206 • Website:** www.latehar.nic.in

Tender Reference No: - Date: -
Very Short Tender Notice (BID): Supply/Installation of RO water purifier cum Cooler in Different Government schools in Latehar.

| No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Supply/ Installation of RO water purifier cum Chillerin Different Government schoolsin Latehar |
| 2 | Period of Work | 3 months |
| 3 | Date of Publication of Bid on website | 29.01.2024 |
| 4 | EarnestMoneytobe Deposited (EMD) | Rs. 10,00,000 (Rs Ten Lakh Only /-) in the form of DD from any Scheduled Commercial Bank in favour of NDC Officer,Latehar |
| 5 | Presentation | The bidder which qualifies in technical round shall present presentation before the purchase committee members on the day of opening of tender. |
| 6 | Last date and time of receipt of Bid | 05.02.2024, 11:00 AM |
| 7 | Date and Time of opening of Bid | 05.02.2024, 03:00 PM |
| 8 | Method of Selection | Quality and Cost-Based Selection (QCBS) Method 70:30 (Technical: Financial) The rates quoted by the agencies should be valid for 2 year from the issue of the RFP. |
| 9 | Bid Submission Place | NDC Office, Latehar |
| 10 | Bid Opening Place | NDC Office, Latehar |
| 11 | Contact Number | 9110130529 |

**NDC Officer**
**Latehar**

PR 317183 (Latehar) 23-24 (D)

# शरारती तत्वों द्वारा की गई पत्थरबाजी के मामले में अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)**। सासाराम नगर थाना क्षेत्र के प्रतापगंज मुहल्ले में शरारती तत्वों द्वारा की गई पत्थरबाजी मामले में पुलिस ने सोमवार को अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की है। मौके पर मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की गई है, स्थिति सामान्य है। बता दे नगर थाना क्षेत्र के बौलिया रोड के प्रतापगंज मुहल्ले में शुक्रवार रात दो पक्षों में विवाद के बाद शरारती तत्वों के पत्थरबाजी से अफरातफरी का माहौल हो गया था। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया था। सूचना पर एसडीपीओ सासाराम दिलीप कुमार मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया।

फिलहाल मौके पर पुलिस बत तैनात है, स्थिति नियंत्रण में है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीपीओ दिलीप कुमार ने बताया कि मामले में अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। स्थिति कल रात से ही सामान्य है। दोनों पक्षों के लोगों को बुलाकर समझा दिया गया है। एहतियात के तौर पर बौलिया रोड प्रतापगंज में तीन स्थानों पर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से पहचान कर मामले में शामिल लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

**ई० प्रोक्योरमेन्ट सेल**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**

**ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

**ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–01/2023-24/EE/BCD/LATEHAR दिनांक– 27.01.2024**

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि |
|---|---|---|
| 1 | Constuction of 900 meter Boundary wall, Guard Room and Main Gate at Model Degree College Goa, Latehar (Part-I) at Panchayat Jalimkhurd of Block Latehar under Latehar District. | 72,17,501.00 |
| 2 | Constuction of 1000 meter Boundary wall, Guard Room and Main Gate at Model Degree College Goa, Latehar (Part-II) at Panchayat Jalimkhurd of Block Latehar under Latehar District. | 74,51,269.00 |

1. कार्य पूर्ण की अवधि :– 06 (Six) Months
2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 05/02/2024 को 11:00 बजे
3. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 19/02/2024 को 11:00 बजे
4. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
5. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 20.02.2024 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल सं0–02, राँची।
6. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
7. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. सूचना प्रौधोगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

• अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note :- UCAN Registration in mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 317203 Building(23-24).D

## संक्षिप्त समाचार

### चोरी की दो बाइक के साथ दो धराए

**गया।** रामपुर थाने की पुलिस ने चोरी की दो बाइक के साथदो युवकों को पकड़ा है। पकड़े गए युवकों में रौशन कुमारऔरंगाबाद जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र के बंचरखुर्द एवं प्रेमकुमार कोतवाली थाना क्षेत्र के पंचायती अखाड़ा रेलवे पुलके पास का रहने वाला है। थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बतायाकि केन्द्रीय कारा के पीछे वाले गेट के पास विशेष वाहनचेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरानअलग-अलग बाइक से आ रहे दो युवक पुलिस को देखकरभागने लगे, जिन्हें पुलिस बलों की मदद से पकड़ लियागया। कागजात नहीं दिखाने पर बाइकों के सत्यापन के बादचोरी के निकले हैं।

### दुर्व्यवहार और छेड़ छाड़ मामले में केस दर्ज

**गया।** सरकारी लोक सेवक की सुरक्षा को लेकरमुफस्सिल पुलिस कितनी गंभीर है वह इस मामले मेंसाफ दिख रहा है।बीते 17जनवरी को बदमाशों द्वारा एकमहिला सरकारी लोक सेवक के कार्य में अवरोध उत्पन्नकिया,उसके साथ छेड़छाड़ की वारदात को अंजामदिया।लेकिन स्थानीय पुलिस द्वारा कोई करवाई नही कियागया।जिसके बाद रविवार को मामला तूल पकड़ता देखऔर उच्च स्तरीय दबाव पड़ने पर मामला दर्ज कियागया।बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के जगदीशपुर मोहल्लेमें बीते 17जनवरी को डाक बांटने के क्रम में चारनामजद बदमाशों सहित अन्य द्वारा दिन दहाड़े एकमहिला डाक कर्मी के साथ अभद्र व्यवहार करते हुएछेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया।स्थानीय लोगो केहस्तक्षेप से महिला को सुरक्षित निकाला गया।बावजूदइसके पीड़िता को मामला दर्ज कराने के लिए दर दरभटकना पड़ा।इस संबंध में थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद नेकहा कि मामले की जानकारी मिलने के बाद सुसंगतधाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

### घर के बाहर लगी बाइक उड़ा ले गए चोर

**गया।** चंदौती थाना क्षेत्र के गांधी नगर मोहल्ले से घर केबाहर लगी बाइक चोरी हो गई। इसको लेकर कोंच थानाक्षेत्र के कमल बिगहा निवासी रूपेश कुमार ने थाना मेंलिखित शिकायत की है। शिकायत में कहा है किवे वर्तमान में गांधी नगर मोहल्ले में किराये पर रह रहेहैं। 25 जनवरी को अपनी बाइक घर के बाहर खड़ा करदिया था। रात करीब 8:30 बजे घर के अंदर बाइकलगाने के लिए बाहर आया तो बाइक गायब पाया।

### पर्यटकों से लूटपाट करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार, लूट का सामान भी हुआ बरामद, सभी राजगीर के हैं निवासी

**नालंदा।** राजगीर में पर्यटकों के साथ हुए लूटपाट की घटना में शामिल 3 अपराध कर्मियों को पुलिस ने लूट के सामान के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। रविवार को राजगीर डीएसपी प्रदीप कुमार ने अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर मामले की जानकारी दी। डीएसपी ने बताया कि 15 जनवरी को 4:30 बजे के करीब सूर्यकुंड जैन मंदिर के ऊपर नगरनौसा थाना क्षेत्र के खीरू बिगहा निवासी निखिल कुमार अपने दोस्त अमरजीत कुमार के साथ पहाड़ पर घूमने आया था। इसी बीच चार अज्ञात अपराध कर्मियों द्वारा दोनों के साथ मारपीट कर मोबाइल लूट लिए थे। इस मामले में राजगीर थाना में कांड दर्ज करते हुए पुलिस अनुसंधान में जुट गई थी। एसआईटी टीम के द्वारा कांड का सफल उद्भेदन करते हुए तीन अप्राथमिक अभियुक्त एवं कांड में लूटी गई मोबाइल को बरामद किया गया हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ के क्रम में यह भी पता चला कि 21 सितंबर 23 को सूर्यकुंड के ऊपर हुई लूट कांड में इन्हीं लोगों की संलिप्तता थी। गिरफ्तार अभियुक्त राजगीर थाना क्षेत्र के विरायतन निवासी झगड़ु राजवंशी का पुत्र योगेंद्र राजवंशी उर्फ रूसो, शिवस्थान कॉलोनी निवासी भूषण यादव का पुत्र मुकेश यादव एवं बाढ़ों चौधरी का पुत्र दीनानाथ चौधरी उर्फ बौआ चौधरी है। पुलिस ने लूट कांड के इस उद्भेदन के अलावे तीन अन्य कांड में भी इनकी संलिप्तता थी। इनमें मारपीट,हत्या का प्रयास, हत्या एवं लूटपाट शामिल हैं। राजगीर थाना अध्यक्ष अभय कुमार, दारोगा रवि कुमार, काजल कुमारी, सौरभ कुमार, आशीषमणी एवं राजगीर थाना की सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही।

### घर में संदिग्ध हालत में मिला था युवक का शव, पत्नी ने ठंड लगने से मौत की कही बात, भाई बोला- पत्नी ने कराई है हत्या

**नालंदा।** नालंदा थाना के कुल गांव में बुधवार की रात संदिग्ध हालत में एक युवक की मौत हो गई थी। मृतक कुल गांव निवासी नागेंद्र राम का बेटा मुन्ना राम (40) था। इस मामले में नया मोड़ सामने आया है। शनिवार को मुन्ना राम की पत्नी सुधा देवी ने ठंड की वजह से पति की मौत की आशंका व्यक्त करते हुए थाना में आवेदन दिया है। वहीं पुलिस यूडी केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मृतक का भाई सत्येंद्र प्रसाद और पूरा परिवार भाई की पत्नी पर ही मुन्ना राम की हत्या कराने का आरोप लगा रहा था। परिवार वालों का कहना था कि घटना वाले रात की पूर्व संध्या उनका भाई ठीक-ठाक था। तीन दिन पहले ही वह घर लौटा था। अचानक बुधवार की रात उसकी मौत हो गई। गुरुवार को उन लोगों को घटना की जानकारी मिली, चेहरे पर जख्म के निशान थे और शरीर काला पड़ा हुआ था। परिवार वालों का कहना था कि मुन्ना राम की पत्नी गांव के एक युवक के साथ 6 महीने पहले फरार हो गई थी। इसके बाद डेढ़ माह पूर्व ही वह घर वापस लौटी थी। अक्सर पति-पत्नी के बीच विवाद होता रहता था। नालंदा थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। ठंड लगने की वजह से मौत की आशंका व्यक्त करते हुए आवेदन मिला है। प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।स्थानीय डॉक्टर द्वारा दो दिनों से युवक का ठंड का इलाज किया जा रहा था।

### 'क्रांतिकारियों की धरती को नीतीश कुमार ने किया कलंकित', कांग्रेस प्रवक्ता ने CM नीतीश पर साधा निशाना



**गया।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू ने सीएम नीतीश पर निशाना साधा है। विजय ने कहा कि आज लोकतंत्र की जननी, क्रांति, सभी संघर्षों की उर्वरा भूमि बिहार को कुर्सी से चिपके रहने के लिए नीतीश कुमार ने शर्मशार किया है। गठबंधन में कांग्रेस पार्टी सहित सभी 28 पार्टियों द्वारा नीतीश कुमार को उचित सम्मान के बाद भी उनकी राजनीतिक पाला बदलने का बिहार की घटना को क्रांतिकारी, प्रगति शील, जनता करारा जवाब देंगी। आमजनों में " मिट्टी में मिल जाएंगे, भाजपा मे ना जायेंगे " की बातें जो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी हमेशा कहते थे, यह लोगों में आम चर्चा बनी हुई है।

**'लाखों लोगों को मिला रोजगार':** उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के नेतृत्व में विगत कई दिनों से चल रहे भारत जोड़ों न्याय यात्रा, न्याय का हक मिलने तक के नारों को बुलंद करते हुए बिहार में व्यापक सफल होगा। नीतीश कुमार समाजवाद को अवसरवाद में बदलने का कीर्तिमान स्थापित कर बिहार की सत्ता से नीति, सिद्धांत को हटाने का कार्य किया है, जिससे बिहार की जनमानस भी शर्मशार है। बिहार में महा गठबंधन की सरकार विगत 17 माह में सहयोगी दलों के दबाव में लाखो, लाख की संख्या मे रोजगार देने का जो ऐतिहासिक काम हुआ है, जिसकी चर्चा संपूर्ण देश में हो रही है। इस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता हुए शामिल। पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, पार्षद प्रतिनिधि शशि किशोर शिशु, दामोदर गोस्वामी , शिव कुमार चौरसिया, टिंकू गिरी, सुनील कुमार सिन्हा, मुरारी शर्मा, उदय शंकर पालित, विनोद उपाध्याय, बाल्मीकि प्रसाद, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, मोहम्मद शमीम आलम सहित अन्य शामिल रहे।

# कार-बाइक की टक्कर में पति की मौत, पत्नी घायल

## पत्नी को परीक्षा केन्द्र छोड़ने जा रहा था पति, कार सवार की तलाश में जुटी पुलिस

निज संवाददाता। गया

गया में सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। जिले के फतेहपुर थाना के भागलपुर मोड के पास कार और बाइक में टक्कर हुई थी। बाइक पर पति और पत्नी सवार थे। मौके पर पति की मौत हो जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जबकि घायल पत्नी को इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मृतक कीपहचान शत्रुघ्न कुमार(25) के रूप में हुई है। मोहनपुर थाना के ग्राम निदानी टोला मानिकचक गांव का रहने वाला था।



**पत्नी को परीक्षा केन्द्र छोड़ने जा रहा था:** जानकारी के मुताबिक शत्रुघ्न कुमार अपनी पत्नी सुषमा कुमार को पार्ट वन का एग्जाम दिलाने के लिए जगजीवन कॉलेज ले जा रहा था। इस बीच फतेहपुर थाना क्षेत्र के भागलपुर मोड़ के पास जैसे ही पहुंचा की तेज़ रफ्तार में रही मारुति स्विफ्ट डिजायर कार से बाइक की टक्कर हो गई। मृतक के पिता ने बताया कि उनका बेटा हेलमेट पहना हुआ था फिर भी उसके सिर में चोट लगने से उसकी मौत हो गई। वहीं पीड़ित ने फतेहपुर पुलिस से दुर्घटना करने वाले कार समेत चालक को चिन्हित कर गिरफ्तार करने की मांग की है। उन्होंने बताया बेटे की 2020 में शादी हुई थी। दोनों की आठ माह की एक बच्ची भी है।



बुजुर्ग हत्याकांड मामला

# चाचा, भाई समेत चार नामजद, 2 अज्ञात पर भी FIR

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के दीपनगर थाना क्षेत्र के काको बीघा में शनिवार की शाम बुजुर्ग की गोलीमार हत्या कर दी गई थी। मृतक स्वर्गीय द्वारिका यादव के (55) वर्षीय पुत्र ताराचंद यादव थे। इस मामले में ताराचंद यादव के पुत्र राजेश कुमार ने दीपनगर थाना में चार नामजद समेत दो अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की तहकीकात में जुट गई है। इनमें चाचा और चचेरे भाई को नामजद किया गया है। दरअसल 13 जून 2023 की दोपहर में बदमाशों द्वारा धारदार हथियार से गला रेतकर काको विगहा निवासी दुलारचंद गोप के पुत्र नीतीश कुमार उर्फ टेकनी की हत्या कर दी थी। इस मामले में मृतक ताराचंद समेत कुल आठ लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

**नाक के पास मारी थी गोली:** ताराचंद यादव के पुत्र राजेश ने दुलारचंद गोप एवं उसके बेटे पर हत्या का षड्यंत्र रचने और किसी अन्य अपराधियों से हत्या करवाने का आरोप लगाकर नामजद प्राथमिकी



छापेमारी में जुटी पुलिस

दर्ज कराई हैं। ताराचंद यादव शनिवार के समय अपने दलान में बैठे हुए थे। तभी बाइक सवार बदमाशों ने नाक के पास गोली मार हत्या कर दी थी। दीपनगर थाना अध्यक्ष सुनील कुमार जायसवाल ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस जांच में जुट गई है। एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुरानी अदावत में हत्या का आरोप लगाया जा रहा है।

## 'सब के उजाड़ देल हो चाचा', नीतीश कुमार पर आनंद ने गाया पलटी मार गाना



निज संवाददाता। गया

बिहार में नई सरकार के वजूद में आने पर एक युवक का गाना यूट्यूब पर धूम मचा रहा है। युवक आनंद राज ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ऊपर सटायर गीत गाया है। हालांकि वह अक्सर रोमांटिक गाना ही गाया करता है, लेकिन इस बार उसने नीतीश कुमार को आड़े हाथों लिया है। उसके इस गाने को यूट्यूब पर खूब पसंद किया जा रहा है। "उलटी पाला मार के... सत्ता के पटिया पलट के... सबके उजाड़ दे ल हो चाचा"। चंदौती थाना क्षेत्र के रहने वाले आनंद राज ने बताया कि महागठबंधन की सरकार गिरने और एनडीए की सरकार बनने की घटना को देखने के बाद गीत लिखा और उसे म्यूजिक कॉम्बिनेशन के साथ पिरो कर यूट्यूब पर अपलोड कर दिया, जिसे लोग तेजी से पसंद कर रहे हैं। उसने बताया कि गीत के बोल हैं "उलटी पाला मार के... सत्ता के पटिया पलट के... सबके उजाड़ दे ल हो चाचा"। इस गीत के बोल को लोग समझ भी रहे हैं और पसंद भी कर रहे हैं। यह देख सुनकर अच्छा भी लग रहा है। बिहार की सरकार में इस वर्ष यह एक नई घटना है। इस वजह से लोग इसे पसंद कर रहे हैं। बीते एक सप्ताह से लोगों की नजर नीतीश कुमार पर ही टिकी थी। और जो खेल उनके द्वारा खेला गया उसी पर गीत लिखा गया। इस गीत में मगही और भोजपुरी बोल हैं। आनंद राज बीते कुछ समय से यूट्यूब पर अपने गाए हुए गीत अपलोड कर रहे हैं। इस काम में उन्हें सफलता भी मिल रही है। लोग उनके गीत को पसंद भी कर रहे हैं।

# विवाहिता का सन्दिग्ध हालत में मिला शव

## परिजन बोले- गला दबाकर हत्या की गई, शव को पंखे से लटकाया

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में रविवार को संदिग्ध हालत में एक विवाहिता की मौत हो गई। मामला बेन थाना के लक्ष्मी बीघा गांव का है। मृतका की पहचान विक्की कुमार की (22) वर्षीया पत्नी कविता कुमारी के रूप में की गई है। देर शाम परिजन पुलिस की मदद से शव को लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। घटना के संबंध में मायके वाले हिलसा थाना के बलवापर निवासी मृतका के भाई ने संजीत कुमार ने बताया कि शादी के वक्त हैसियत के हिसाब से सारा सामान दिया गया था। नगद रुपए के साथ बाइक भी दी गई थी। कुछ दिनों तक सब कुछ ठीक-ठाक रहा, लेकिन फिर से ससुराली परिवार के द्वारा दहेज के रूप में चार लाख रुपये और एक गाड़ी की मांग की जाने लगी। नहीं देने पर उनकी बहन को प्रताड़ित किया जाने लगा। भाई ने आरोप लगाया कि रविवार को कविता कुमारी की गला दबा ससुराल वालों ने हत्या कर दी है। हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए पंखे में फंदे से लटका दिया। उनकी



फादल फोटो

बहन का शव चौकी पर पड़ा हुआ था और गले पर काला निशान है। परिजनों ने आरोप लगाया कि सदर अस्पताल में भी पोस्टमॉर्टम के एवज में 12 सौ रुपए लिए गए और कई घंटों तक उन्हें रोक कर रखा गया। बेन थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि घर में शव मिलने की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। लिखित आवेदन मिलने पर एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल ससुराली परिवार घर छोड़ फरार है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# फैशन शो और तत्वा बैंड की रही धूम, आईआईएम बोधगया एलिगांते-7 में दिखा प्रतिभा का जलवा

निज संवाददाता। गया

आईआईएम बोधगया के वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव एलिगांते 7.0 प्रतिभा और उत्साह से लबरेज रहा। इस तीन दिवसीय उत्सव में देश भर के विभिन्न संस्थानों का जलवा बना रहा। सांस्कृतिक गतिविधियों एवं विभिन्न स्पोर्ट्स प्रतिस्पर्धाओं से भरे इस उत्सव की शुरुआत 26 जनवरी 2024 को सुबह गणतंत्र दिवस समारोह के साथ हुई थी जो 28 जनवरी की देर रात तक चली। इस मौके पर आईआईएम निदेशक प्रो. विनीता एस सहाय द्वारा राष्ट्रीय ध्वजारोहण होते ही समस्त आईआईएम परिसर राष्ट्रगान से गूंज उठा। इस मौके पर आईआईएम निदेशक व मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट पीएस मिन्हास, कमांडेंट, ओटीए, गया द्वारा आईआईएम के नवनिर्मित खेल स्टेडियम का उद्घाटन भी किया गया।





**क्रिकेट मैच भी खेला गया:** एलिंगाते 7.0 उत्सव की शुरुआत आईआईएम छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ हुई। वहीं लेफ्टिनेंट मिन्हास के नेतृत्व में ओटीए की टीम व आईआईएम बोधगया के छात्रों के बीच एक क्रिकेट मैच भी खेला गया। दिन में विभिन्न खेल गतिविधियाँ हुईं जिनमें फुटबॉल, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन आदि शामिल रहे और शाम का समापन छात्रों द्वारा प्रतिभा एवं संगीत भरे जैमिंग सत्र के साथ हुआ। स्टूडेंट अफेयर्स कमिटी की चेयरपर्सन प्रो. श्रीलेखा मिश्रा और स्पोर्ट्स कमिटी के चेयरपर्सन प्रो. अमरेश कुमार इस वार्षिकोत्सव के मुख्य आयोजकों में शामिल रहे। उत्सव के दूसरे दिन दिन 'नव्यता' फैशन शो शामिल रहा, जहां इंस्टिट्यूट ऑफ डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी (आइडिटी), मुजफ्फरपुर और आईआईएम बोधगया के छात्रों ने भाग लिया। शाम को छात्रों ने मशहूर गायक और गीतकार असीम शर्मा और दिल्ली स्थित संगीत बैंड 'तत्वा' की प्रस्तुति का लुत्फ उठाया।

# चोरी करने घर में घुसा, भागने के दौरान छत से गिरा चोर

निज संवाददाता। गया

गया में घर चोरी करने के घर में घुसे चोर की भनक के बाद घर वाले उठ गए। इसके बाद चोर भागने की कोशिश में जुट गया और फर्स्ट फ्लोर गिर गया। गिरने की आवाज पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। आनन-फानन में लोगों ने डायल 112 की टीम को इसकी सूचना दी। घटना डेल्हा थाना के खरखूरा बैरागी मोहल्ले की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने चोर को लोगों से छुड़ाकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के संबंध में संजू कुमार ने बताया कि मेरा परिवार खाना खाकर सोने चला गया। रात करीब 1 बजे मेरे घर में चोर घुस गया। इस दौरान घर के दूसरे कमरे से आ रही आवाज को सुनकर मेरी नींद खुली। जब कमरे में देखने गया तो पूरा कमरा के सामान बिखरा पड़ा था। इधर-उधर देखा तो एक युवक कमरे में छिपा था, जो मुझे देखकर भागने लगा। भागने के दौरान वो





पहली मंजिल से नीचे गिर गया।

**क्या कहती है पुलिस:** डेल्हा थाना के थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार के अनुसार घायल चोर का का इलाज कराया जा रहा है। किसी तरह का आवेदन नहीं मिला है, मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कोयम्बटूर से प्रशिक्षु रेंजर और फॉरेस्टर की टीम पहुंची नालंदा

## सदस्यों ने जू-सफारी का किया भ्रमण, खाने से लेकर जानवरों के रखने तक की ली जानकारी

निज संवाददाता। नालंदा

तमिलनाडु के कोयंबटूर से प्रशिक्षु रेंजर और फॉरेस्टर की, एक टीम ने रविवार को वाईल्ड लाईफ जू सफारी का अध्ययन सह भ्रमण किया। और उन्होंने जाना कि कैसे वन्यप्राणियों की देखभाल की जाती है। इस बाबत जू सफारी के निदेशक हेमंत पाटिल ने बताया कि वाईल्ड लाईफ जू सफारी को तमिलनाडु वन अकादमी, कोयंबटूर 2023-24 के दौरान तमिलनाडु वन बल के आधुनिकीकरण के तहत सात दिवसीय एक्सपोजर दौरा के लिए चयन किया गया। जो जू सफारी राजगीर के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने बताया कि जू सफारी के अलावे टीम द्वारा पटना चिड़ियाघर का भी परिभ्रमण किया गया है। एक्स्पोज़र दौरा के क्रम में टीम का नेतृत्व कर रहे जू सफारी के रेंज ऑफिसर राकेश कुमार ने टीम को, जू प्रबंधन के अलावा वन्यप्राणियों





की देखभाल और उनके आहार से जुड़ी संपूर्ण जानकारियां दीं। टीम में शामिल 09 सदस्यीय प्रशिक्षु रेंजरों और फॉरेस्टरों ने राजगीर वाईल्ड लाईफ जू सफारी का अध्ययन सह भ्रमण किया। इस दौरान रेंज ऑफिसर राकेश कुमार ने पर्यटकों को उपलब्ध कराई जानी वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि इस टीम में प्रशिक्षु फारेस्ट रेंज ऑफिसर्स में ए.शक्ति प्रसाद कदारी कामां, एस. सेंथुरासुंदरासन व आर.मुरुगेसन के अलावे फॉरेस्ट ऑफिसर्स में पी.प्रभार, ए.सिथरा बेगम, वनवासी, ए.अन्नादुरै, एन. विजय कुमार, आर.सरवनन व के.कुमारासन शामिल हैं।

**वनकर्मियों की कार्यशैली की ली जानकारी:** उन्होंने टीम के सदस्यों को वन्यप्राणियों और उनके लिए बनाए गए केज दिखाए। केज के मापदंड व क्या सुविधाएं होनी चाहिए, इस बारे में एक-एक बिंदु स्पष्ट किया गया। इस दौरान प्रशिक्षुओं की जिज्ञासा भी शांत की गई। जिसमें मांसाहारी व शाकाहारी वन्यप्राणियों को प्रतिदिन कितनी बार व कितना आहार दिए जाने से लेकर, वन्यप्राणियों का उपचार कैसे की जाती है के बारे में उन्हें विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं जू में कार्यरत जू कीपर व अन्य वनकर्मियों सहित कर्मचारी की संख्या और उनकी कार्यशैली की भी जानकारी दी गई।

वहीं पर्यटकों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं में पेयजल, बैठने व सुस्ताने की व्यवस्था, सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरे, नेमप्लेट व साइनेज बोर्ड, बैटरी चलित इ रिक्शा, दिव्यांग पर्यटकों के लिए सफारी बस सहित व्हीलचेयर आदि के व्यवस्था को भी दिखाया गया। रेंज ऑफिसर राकेश कुमार ने आगे बताया कि प्रशिक्षु टीम का हर सदस्य जू की व्यवस्था से बेहद प्रभावित और सफारी प्रबंधन के आतिथ्य सत्कार से अभिभूत हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### लाला लाजपत राय स्वतंत्रता संग्राम के अजेय योद्धा, जयंती पर सेमिनार

**आरा**। पंजाब केसरी उपनाम से विभूषित लालालाजपत राय की 165वीं जयंती पर रविवार कोलोक चेतना मंच के तत्वावधान में सेमिनारहुआ। मौके पर कई वक्ताओं ने पक्ष रखा। जिलाहिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो बलिराजठाकुर ने कहा 1947 से हम आजादी की लड़ाईकी विरासत के सहारे जीते रहे हैं। इस कीमतीविरासत की हिफाजत करनी है। उसे मजबूतबनाना है। उसे विकसित करना है। जिन समाजोंको वर्तमान और भविष्य में प्रेरणा देने के लिएअपने पूर्वज नहीं होते वे समाज अनाथों के समानहोते हैं। लाला लाजपत राय का जीवन राष्ट्र कोवर्तमान और भविष्य में देशभक्ति की प्रेरणा देतारहेगा। लाला साहब को आजादी की लड़ाई काअपराजेय योद्धा बताते हुए प्रोफेसर ठाकुर ने कहाकि स्वावलंबन के पक्षधर, त्याग की प्रतिमूर्ति,भारतीय संस्कृति के प्रवक्ता कर्मयोग के व्रती,महान स्वतंत्रता सेनानी, शहीद लाला लाजपतराय को देशवासी भूल नहीं सकते। वे तिलक औरविपिन चंद्र पाल के साथ कांग्रेस के गरम दल केसदस्य थे। डॉ नंद जी दुबे, डॉ दिवाकर पांडेयऔर शिवदास सिंह ने लाला लाजपत राय कोएक महान मानवतावादी बताया।

### रेल रोको आंदोलन को लेकर मुस्तैद रही पुलिस

**आरा**। रेलवे विभाग द्वारा रेल पायलटका रिजल्ट में धांधली करने काआरोप लगा कर छात्रों द्वारा रेल रोकोअभियान चलाया जा रहा रहा है।जिसको देखते हुए जीआरपीआरपीएफ और जिला पुलिस केजवानों ने सुबह से ही रेलवेस्टेशन पर मोर्चा संभाल लिया था।रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्म पर पुलिस के जवान गश्ती कररही थी। लेकिन कही भी छात्र नहीदिखे और न ही छात्रों द्वारा किसी भीप्रकार अनैतिक कार्य ही किया गया।जी आर पी थानाध्यक्ष पंकज दास नेबताया की रविवार को छात्रों द्वारा रेलरोकने की सूचना मिली थी। जिसकेबाद रेल डीएसपी के द्वारा मैसेजकिया गया था की सुबह छः बजे सेही सभी जवान रेलवे स्टेशन परकिसी भी आपात स्थिति से निपटनेके लिए तैयार रहेंगे। छात्रों द्वारा रेलरोको आंदोलन को देखते हुए रेलवेस्टेशन पर विशेष रूप से विधिवयवस्था ड्यूटी संधारण किया गया।

### जदयू नेता ने जतायी खुशी, कहा- विकसित व मजबूत बनेगा बिहार

**आरा**। जदयू नेताओं ने नीतीशकुमार को पुनः मुख्यमंत्री पद कीशपथ ग्रहण करने पर बधाई दी है।जनता दल यूनाइटेड, केजिलाध्यक्ष महानगर जयप्रकाशचौधरी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमारऔर विजय कुमार चौधरी समेतउन सभी नेताओं को बधाई दिया हैजिन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिकगठबंधन सरकार बिहार प्रदेश मेंशपथ लिया है। कहा है कि आशाव विश्वास है कि अब बिहार एकविकसित मजबूत बिहार बनकर पूरेभारत में गौरव प्राप्त करेगा।

### परिचय कुमार बने आरा के सदर के नए एसडीपीओ

**आरा**। 2021 बैच के आईपीएस अधिकारी परिचय कुमार को सदर एसडीपीओ का कमान सौपागया है। मूल रूप से मोतिहारी के रहनेवाले पूर्व में इंजीनियर रह चुके परिचयकुमार फिलहाल मुंगेर के एएसपी थे।इधर 2012 बैच के आईपीएस सत्यनारायण कुमार को एमएमपी काकमांडेंट बनाया गया है। इसके पूर्व दसमाह तक को अपनी सेवा दे चुके 2019 बैच केआईपीएस चंद्र प्रकाश को पटना मध्य का सिटी एसपी बनायागया है। उन्होंने में करीब दस माह तक अपनी सेवा दी।चंद्र प्रकाश दस माह के अपने कार्य काल में बड़े से बड़ेअपराधियों को सलाखों के पीछे डालने और अपराध परनियंत्रण करने में उनकी भूमिका रही है।

### बिहार हित में मुख्यमंत्री का निर्णय : पूर्व राज्यमंत्री

**आरा**। जदयू के पूर्व राज्यमंत्रीभाई बरमेश्वर ने नीतीश कुमारकी एक बार फिर मुख्यमंत्री बननेपर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कियाहै। कहा कि मुख्यमंत्री ने बिहारके विकास और यहां के बिहारियोंके हित में एनडीए के साथसरकार बनाने और महागठबंधनछोड़ने का फैसला लिया है। जदयूका एक-एक कार्यकर्ता मुख्यमंत्रीके साथ हैं।मुख्यमंत्री के निर्णय साबित करदिया कि आज भी वे अपनीस्वच्छ छवि के कारण सभी लोगोंके पसंदीदा हैं।

### छात्रा का सुसाइड, 6 महीने पहले भाई ने लगाई थी फांसी

**आरा**। भोजपुर में छात्रा अंशु कुमारी (19) ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। वह इंटर की छात्रा थी। इलाज के दौरान आरा सदर अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पूरा मामला बड़हरा थाना क्षेत्र के कोल्हरामपुर गांव का है। वहीं 6 महीने पहले अंशु के छोटे भाई अमित कुमार ने घरेलू विवाद से परेशान होकर फांसी लगा ली थी, लेकिन वह बच गया। अंशु अपने तीन भाई और दो बहन में बड़ी थी। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अंशु पटना जिले के दरियापुर गांव अपने नाना मसूधन के घर पर ही रहकर पढ़ाई करती थी। इधर, मृत छात्रा के पिता रवि शंकर साह ने बताया कि वह 10 दिन पहले परिवार वालों से मिलने गांव आई थी। उसकी शादी की बात चल रही थी। 30 जनवरी को दानापुर के समीप एक गांव में उसके लिए लड़का देखने वाले थे। रविवार की दोपहर उसके दोनों भाई घर से बाहर थे, बहन और मां छत पर थी। इसी बीच उसने अपने कमरे में जाकर गले में दुपट्टा बांध पंखे से लटक खुदकुशी कर ली। कुछ देर बीत जाने के बाद जब उसकी छोटी बहन मुस्कान छत से नीचे आई और उसके कमरे में गई तो उसने देखा कि वह गले में दुपट्टा बांध पंखे से लटकी हुई है। इसके बाद उसने शोर मचाना शुरू किया। परिवार के सभी सदस्य वहां आए और उसे नीचे उतारा। उसके बाद परिजन द्वारा उसे आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन शव का बिना पोस्टमार्टम कराए ही वापस गांव ले आए।



### तेज रफ्तार ट्रक ने किसान को रौंदा, आलू लेकर घर जा रहे थे बुजुर्ग किसान, मौके पर ही हुई मौत

**आरा**। भोजपुर जिले के चांदी थाना क्षेत्र के चांदी-कोईलवर मार्ग पर फरहंगपुर (करजा) गांव के समीप रविवार की शाम बेलगाम ट्रक ने आलू लेकर सड़क पार कर रहे बुजुर्ग किसान को रौंद दिया। हादसे में उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अपरा-तफरी मची रही।इसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर उक्त ट्रक को भी जब्त कर लिया है। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदस्य अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृतक चांदी थाना क्षेत्र के बहियारा गांव निवासी स्व.मो. सूर्य अली मियां के 66 वर्षीय पुत्र मो.साकिर मियां है एवं वह पेशे से किसान थे। इधर,मृतक के भतीजे मो.शमीम अंसारी ने बताया कि वह खेत से दो किलो के करीब आलू लेकर घर आ रहे थे और सड़क किनारे एक लाइन से कई ट्रक लगी हुई थी। जैसे ही वह आलू लेकर सड़क पार कर रहे थे। तभी बेलगाम ट्रक उन्हें रौंद दिया और वह उन्हें कुछ दूर तक पर घसीटते हुए ले गया, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।



**परिजनों का रो-रोकर बुरा हालः** स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना उनके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन फौरन घटनास्थल पर पहुंचे। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। बताया जाता है कि मृतक के परिवार में पत्नी आसमा बेगम व दो पुत्री तमन्ना परवीन,खुशबू परवीन एवं एक पुत्र मो.मुस्तफा है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की पत्नी आसमा बेगम एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# 22 जवानों के वेतन लंबित मामले में सैनिक संघ के जिलाध्यक्ष बोले- कार्रवाई नहीं होने पर प्रदर्शन

## ‘हमारी मत के बिना चुनाव जीतना असंभव’

निज संवाददाता। बक्सर

22 जवानों के लंबित वेतन की मांग का विवाद अब धीरे-धीरे गहराता जा रहा है। इसको लेकर बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ जिला बक्सर जिलाध्यक्ष और बिहार राज्य उपाध्यक्ष रामनाथ सिंह ने केंद्रीय मंत्री सह सांसद अश्विनी चौबे पर बड़ा हमला बोला है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमने 22 जवानों की पेंडिंग तनख्वाह को लेकर सांसद को अवगत कराया था। लेकिन उन्होंने इसपर कोई सुध नहीं ली। अगर किसी भी नेता को लगता है कि हमलोग के वोट के बिना वो चुनाव जीत जाएगा तो यह असंभव है। आंकड़ा बताते हुए उन्होंने कहा कि हमलोग एक एमपी या एमएलए को हराने जिताने की क्षमता रखते हैं।




**चार महीने से रोका गया वेतनः** सैनिक संघ के अनुमंडल अध्यक्ष सूबेदार मेजर हरिशंकर सिंह सेना मेडल ने बताया कि एफसीआई बक्सर में ड्यूटी किए कुल 22 सैनिकों का चार माह से वेतन रोक रखा गया है। इसकी सूचना राजनाथ सिंह और कंपनी के कई वरीय अधिकारियों को दी गई है। लेकिन अबतक इस मसले पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। संघ ने बताया कि सेना के जवान विंग कमांडर रविंद्र अच्युतम सिक्योरिटी एजेंसी के अंडर में काम कर रहे थे। तनख्वाह के बारे में एजेंसी से पूछने बताया जाता है कि एफसीआई ने मेरा पैसा काट लिया है। एफसीआई से पूछने पर यह जानकारी मिलती है कि सिक्योरिटी एजेंसी हमसे ज्यादा पैसा ले चुकी है।

**सांसद से भी की थी मुलाकातः** उन्होंने कहा कि इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वो सड़क पर उतरेंगे। मामले को लेकर संघ ने सांसद अश्विनी चौबे से भी मुलाकात की थी। सांसद से मुलाकात के दौरान उन्होंने एफसीआई के संबंधित पदाधिकारियों को बुलवाया और संघ के जवानों से कार्यरत गार्डो की सूची और आवेदन जमा करवाया था। लेकिन कोई कार्रवाई अबतक नहीं हुई है।

# युवा जेडीयू के उपाध्यक्ष समेत दो की पिटाई

निज संवाददाता। आरा



### बालू माफियाओं के खिलाफ उठाई थी आवाज, शादी से लौटने के दौरान किया हमला

भोजपुर के संदेश थाना के बचरी गांव में रविवार को पूर्व के विवाद को लेकर युवा जदयू उपाध्यक्ष व उनके भाई की लोहे की रॉड से जमकर पिटाई कर दी गई। दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इस मारपीट में उपाध्यक्ष की सिर में गंभीर चोट आई है। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। घायलों में संदेश थाना के बचरी गांव निवासी स्व.राज कुमार सिंह के बेटे और युवा जदयू उपाध्यक्ष शंभू नाथ सिंह एवं उनके 29 वर्षीय भाई जितेंद्र कुमार सिंह शामिल है। इधर, युवा जदयू उपाध्यक्ष शंभू नाथ सिंह ने बताया कि पूर्व में उन्होंने बालू माफियाओं के अवैध खनन खिलाफ जन संवाद के दौरान आवाज उठाई थी। इसको लेकर उन लोगों से विवाद चल रहा था। गांव में ही जब वह एक शादी समारोह से वापस अपने गांव लौट रहे थे। उसी दौरान बीच रास्ते में पाह से घात लगाए उक्त बालू माफियाओं द्वारा घेरकर उनकी जमकर पिटाई कर दी गई। इसके बाद जब उन्होंने बीच-बचाव करने के लिए अपने भाई जितेंद्र कुमार सिंह को बुलाया तो लोगों द्वारा उनकी भी पिटाई कर दी गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहीं दूसरी ओर जख्मी युवा जदयू उपाध्यक्ष शंभू नाथ सिंह ने मुन्ना सिंह एवं उनके साथ रहे अन्य लोगों पर लाठी-डंडे एवं रॉड से मारकर खुद को एवं अपने भाई को जख्मी करने का आरोप लगाया है।

पूरा मामला शांत होने के बाद पीड़ित उपाध्यक्ष ने संदेश थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है । हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# सड़क हादसे में FCI के दो कर्मचारी जख्मी

निज संवाददाता। आरा

आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के उदवंतनगर थाना के निजी स्कूल मोड़ के पास रविवार की देर शाम ट्रैक्टर ने बाइक सवार दो दोस्तों को टक्कर मार दी। दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद परिजन ने उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। ज़ख्मियों में पटना जिला के नौबतपुर थाना के चक्जान गांव निवासी संजय शर्मा के बेटे अमित कुमार(23) और उसी गांव के निवासी शंकर प्रसाद के बेटे विपुल कुमार(22) शामिल हैं। वह दोनों रोहतास जिला के बिक्रमगंज स्थित एफसीआई में प्राइवेट मुंशी के पद पर काम करते है। शनिवार को वह दोनों बाइक से अपने गांव गए थे। रविवार की देर शाम जब वापस अपने गांव से बिक्रमगंज लौट रहे थे। उसी दौरान उदवंतनगर निजी स्कूल मोड़ के पास सामने से आ रही ट्रैक्टर में उनके बाइक में टक्कर मार दी। इस घटना में दोनों सड़क किनारे खून से लथपथ हालत में गिरे हुए थे। इसके बाद स्थानीय लोगों के मदद से दोनों जख्मियों को उदवंतनगर पीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया उसके बाद पटना रेफर कर दिया गया।



**गांव से ड्यूटी करने जा रहे थे दोनों दोस्त, बेलगाम ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, पटना रेफर**

# जेल के कैदी बना रहे कई सामान, कम दामों में खरीदें: काराध्यक्ष

## मुख्य धारा में जोड़ने का प्रयास, जेल में जल्द खुलेगा निर्मित उत्पादों के विक्रय के लिए शानदार आउट-लेट

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के सेंट्रल जेल में बंद कैदियों को सुधारकर उन्हें रोजगार के मुख्य धारा से जोड़ने की कवायद रंग ला रही है। जेल में प्रशिक्षण लेने के बाद कैदी अब रोजमर्रा के इस्तेमाल की कई वस्तुएं बनाकर लाखों रुपए कमा रहे हैं। इन वस्तुओं को बिहार की सभी जेलों में आदान-प्रदान के अतिरिक्त बाजार में भी बेचने की तैयारी चल रही है। जेल के कैदी अब लोगों के लिए कपड़े, साबुन, तेल, अगरबत्ती, सत्तू-बेसन, मसाले, फिनाइल, क्लीनर और फर्नीचर और गृह सज्जा में उपयोग में लाए जाने वाले उत्पाद तैयार कर रहे हैं। यह उत्पाद न सिर्फ गुणवत्तापूर्ण होंगे बल्कि बाजार से भी काफी कम कीमत पर लोगों को उपलब्ध होंगे। इसके लिए जल्द ही केंद्रीय कारा के पास एक भव्य आउट-लेट का निर्माण भी कराया जाएगा। इस ब्रांड का नाम “मुक्ति” रखा गया है। मुक्ति ब्रांड की ब्रांडिंग और उसके लिए बाजार तलाशने का काम राज्य की सरकार करेगी। फिलहाल तो केंद्रीय कारा के बाहरी परिसर में एक आउटलेट खोलकर सामानों की बिक्री शुरू होगी। लेकिन धीरे-धीरे बाजार में इसकी पहुंच बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के स्तर से प्रयास किया जाएगा। इससे न सिर्फ उत्पादों को बेहतर प्लेटफार्म मिले बल्कि कैदियों की आय और उनके कार्य कुशलता भी बढ़े। जो कि कैदियों को मुख्य धारा में जोड़ने का कारा और सुधार विभाग का एक बेहतरीन प्रयास साबित होने की उम्मीद पैदा करता है। बक्सर में वर्तमान में कैदी चादर, तौलिया, ऊनी शॉल, साबुन, फिनाइल लकड़ी के फर्नीचर, रसोई में उपयोग आने वाले चकला-बेलन, अगरबत्ती, मशरुम जैसे उत्पाद तैयार करेंगे। धीरे-धीरे उत्पादों की संख्या भी बढ़ती जाएगी। हालांकि जो आउटलेट यहां बनाया जाएगा, उसमें बिहार के विभिन्न जेलों से बनाए गए उत्पाद जैसे कि तेल मसाले और अन्य आवश्यक वस्तुएं भी उपलब्ध होंगी।





**कारा अधीक्षक का बयानः** केंद्रीय कारा अधीक्षक राजीव कुमार ने कहा कि मुक्ति ब्रांड वाकई बंदियों की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करेगा। बंदी अपने पुराने आपराधिक जीवन के काले अतीत से निकल कर नए सवेरे की तरफ बढ़ सकेंगे। सजा पूरी करने के बाद जब वह जेल से बाहर निकलेंगे तो अपराध के दलदल से निकलकर स्वरोजगार से अपने जीवन को बेहतर बनाएंगे।

# स्टेशन पर आरपीएफ की कार्रवाई से मचा हड़कंप

## बिना टिकट यात्रा कर रहे 22 रेल यात्रियों और 5 को नो पार्किंग में पकड़ा

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर स्टेशन पर अवैध रूप से यात्रा कर यात्रियों और नो पार्किंग के विरोध में आरपीएफ ने बड़ी कार्रवाई की है। रेलवे अधिनियम ड्राइव के तहत आरपीएफ पोस्ट प्रभारी दीपक कुमार के निर्देशन में सभी को पकड़कर न्यायालय आरा को समर्पित कर दिया गया है। बक्सर आरपीएफ के चलाए गए चेकिंग अभियान से यात्रियों और स्टेशन परिसर में अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मच गया है। सभी इधर से उधर भागने लगे। बता दें कि आरपीएफ द्वारा महिलाओं के लिए आरक्षित डिब्बे में यात्रा कर रहे पुरुष, दिव्यांग के लिए आरक्षित डिब्बे में यात्रा करते सामान्य यात्री,अनाधिकृत रूप से रेलवे परिसर में घूमने, नो पार्किंग एरिया में पार्किंग के अपराध में कार्रवाई की गई है।अभियान में एसआई दिनेश चौधरी, एएसआई सुनील कुमार, आरक्षी राजमुकुल, आनंद बहादुर सिंह व आरक्षी बिंदेश्वर कुमार सहित अन्य कई मौजूद रहे। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी दीपक कुमार ने कहा कि वे बिना टिकट कभी भी रेल यात्रा न करें, यह दंडनीय है।सदैव रेल टिकट लेकर उचित श्रेणी में ही रेल यात्रा करें। इसके साथ ही महिलाओं और दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित डिब्बे में यात्रा नहीं करे। इससे महिलाओं और दिव्यांगों को परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत है। इस संबंध में बिना टिकट उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग कार्य सघनता पूर्वक कराया जा रहा है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। बताया गया कि रेलवे अधिनियम ड्राइव के तहत आज 05 व्यक्तियों को नो पार्किंग एरिया में अनाधिकृत रूप से ई रिक्शा पार्क करने, अनाधिकृत रूप से महिलाओं के लिए आरक्षित कोच में यात्रा करने के अपराध में 17 व्यक्तियों व दिव्यांगों के लिए आरक्षित कोच में यात्रा करने के अपराध में पांच व्यक्तियों को पकड़ा गया। उनको अग्रिम कार्रवाई वास्ते न्यायालय अग्रसारित किया गया ।



# चौगाई में फायरिंग, 3 खोखा पुलिस को मिले, दो पक्षों के बीच हुआ विवाद

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के चौगाई गांव में अचानक गोली चलने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि इस दौरान किसी के हताहत की सूचना नहीं है। बताया गया कि जमीन विवाद में दहशत फैलाने के उद्देश्य से गोली चली है। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। एक पक्ष ने पुलिस को आवेदन देकर तीन लोगों पर मारपीट और गोली चलाने की एफआईआर दर्ज कराई है।

मुरार थाना क्षेत्र के चौगाई निवासी नन्हे सिंह उर्फ धीरेंद्र और इसी गांव के सोनू, गोल्डन एवं बबलू सिंह के बीच गांव की ही एक जमीन को लेकर पुराना विवाद चल आ रहा था। सबसे पहले इन लोगों में डुमरांव स्थित एक शादी समारोह में नोक झोंक हुई। रविवार को फफदर गांव से कुछ लोग वहां पहुंचे दोनों पक्ष के लोग वहां मौजूद थे। दोनों पक्षों के बीच अभी बातचीत चल रही थी। इसी दौरान सोनू, गोल्डन एवं बबलू सिंह पर आरोप है कि नन्हें सिंह के दरवाजे पर जाकर गोली चलाने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख सभी फरार हो गए।

घटनास्थल से गोली के कुछ खोखे बरामद हुए हैं मुरार थाना अध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने पुष्टि करते हुए कहा है कि वीरेंद्र सिंह और नन्हें सिंह के बीच जमीनी विवाद का मामला था। इसी बात को लेकर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया है। हालांकि नन्हें सिंह ने तीनों लोगों पर नामजद प्राथमिकी भी दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष रविकांत कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस जांच कर रही है।

# 4 माह की बच्ची को टैक्टर ने रौंदा, मौत

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के महादेवगंज में 4 माह की बच्ची को ट्रैक्टर ने रौंद दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। माता पिता मजदूरी करते समय बच्ची को सड़क के बगल में सुला दिए थे। वहीं पर काम कर रहे थे। तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर बच्ची को कुचल दिया। इसके बाद ट्रैक्टर को मौके पर छोड़ चालक फरार हो गया। इस घटना के बाद से ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने मौके पर पहुंच ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। इसमें पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना रविवार की शाम की है। बच्ची केसठ गांव निवासी अरुण मुसहर की 4 माह की बेटी चांदनी कुमारी है। बेटी के पिता और माता बधार में काम कर रहे थे। अपनी बेटी को सड़क किनारे सुलाए हुए थे। तभी तेज रफ्तार से अनियंत्रित एक ट्रैक्टर चालक ने सोई हुई बच्ची को रौंद दिया। इससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। वहीं परिजनों ने स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बच्ची को लाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो रो का बुरा हाल है। वहीं महादलित बस्ती में घटना की सूचना मिलते ही बस्ती वालों का आक्रोश गहरा गया। बस्ती वाले उक्त टैक्टर चालक को पकड़ उसे सजा देने की मांग कर रहे थे। थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस जांच में जुट गई है। हालांकि, अभी तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

### आग से झुलसकर बच्ची की मौत

**आरा**। भोजपुर के बड़हरा थाना के ज्ञानपुर सिमरिया गांव में रविवार को आग से झुलसी एक बच्ची की मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल के बर्न वार्ड में उसने दम तोड़ दिया। मृत बच्ची की पहचान बड़हरा थाना के ज्ञानपुर सिमरिया गांव निवासी रामप्रीत यादव की बेटी रिंकी कुमारी(7) के रूप में हुई है वो दूसरी क्लास में पढ़ती थी। इधर,मृत बच्ची की फुआ चंदा देवी ने बताया कि शनिवार की शाम ठंड ज्यादा होने के कारण वह घर में बोरसी से आग ताप रही थी। उसी दौरान वह बुरी तरह झुलस गई। एक बच्ची ने उसे झुलस्ते हुए देखा तो उसने इसकी जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद परिजन फौरन वहां पहुंचे और आग को बुझाया। इसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। इसके बाद बर्न वार्ड में भर्ती कराकर इलाज किया जा रहा था।

# तालाब में डूबने से युवक की मौत

## पैर फिसलने की वजह से हुआ हादसा, ग्रामीणों ने निकाला शव

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के पिरो थाना के लहरी तिवारी गांव में रविवार की रात तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीण की मदद से शव बरामद किया गया। मृत युवक की पहचान पिरो थाना के लहरी तिवारीडीह गांव निवासी फौजदार पासवान के बेटे धनजी पासवान(30) के रूप में हुई है। वह मजदूरी किया करता था। इधर,मृतक के भतीजा मुन्ना पासवान ने बताया कि वह अपने घर से रविवार की सुबह खाना खाकर गांव के ही बधार में धान झरवाने गया था। काम खत्म करने के बाद गांव की आहार में शौच करने के लिए चले गए। शौच करने के बाद जब वह वापस आहार में हाथ-पैर धोने के लिए गए हुए थे । इस दौरान उनका पैर फिसल गया और वह आहार में गिरकर डूबने से मौत हो गई। घटना के सूचना मिलने के बाद पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर आर सदस्य अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाया । मृतक एक भाई श्रीमन पासवान एवं एक बहन उषा देवी से दूसरे स्थान पर थे। मृतक के घर में पत्नी रिंकी देवी, दो बेटी मुटरी एवं भोली और एक पुत्र नीतीश कुमार है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। मां बुधिया देवी और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper


**दो दशक से बिहार की राजनीति के केंद्र बिंदु हैं नीतीश**

# सीएम टिके रहे, सहयोगी बदलते रहे



**पटना।** पिछले दो दशक से बिहार की राजनीति के केन्द्र बिंदु तथा राजनीतिक धुरी हैं नीतीश कुमार। राजनीति में वे पांच दशक पूरा कर चुके हैं। विधायक, सांसद व केन्द्रीय मंत्री के रूप में उन्होंने नयी पहचान बनायी। मुख्यमंत्री के रूप में वे बिहार के 'विकास पुरुष' कहलाए जाते हैं।

नीतीश कुमार का जन्म 1 मार्च 1951 में नालंदा के हरनौत के कल्याण बिगहा गांव हुआ। उनके पिता कविराज राम लखन स्वतंत्रता सेनानी थे और आधुनिक बिहार के संस्थापकों में से एक महान गांधीवादी अनुग्रह नारायण सिन्हा के करीबी थे। वे वैद्य भी थे। नीतीश कुमार के पुकार का नाम मुन्ना है। उन्होंने 1972 में पटना के बिहार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग (अब एनआईटी) से विद्युत इंजीनियरिंग में डिग्री प्राप्त की।

इसके बाद बिहार राज्य बिजली बोर्ड में इंजीनियर के रूप में अपनी सरकारी सेवा की शुरूआत की। लेकिन वे यहां आधे मन से काम करते रहे। उनका मन नहीं लगा और बाद में राजनीति में आ गए। 1974 व 1977 में जयप्रकाश नारायण के सम्पूर्ण क्रांति आंदोलन में शामिल रहे। वे पहली बार बिहार विधानसभा के लिए 1985 में चुने गये थे।

1987 में वे युवा लोकदल के अध्यक्ष बने। 1989 में उन्हें बिहार में जनता दल का सचिव चुना गया और उसी वर्ष वे नौवीं लोकसभा के सदस्य भी चुने गये थे। 1990 में वे पहली बार केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री बने। 1989 और 2000 में उन्होंने बाढ़ लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

वर्ष 1973 में नीतीश कुमार का विवाह मंजू कुमारी सिन्हा से हुआ, वे अध्यापिका थीं। उन्हें एक बेटा निशांत है, जो बीआईटी-मेसरा से इंजीनियरिंग में स्नातक हैं। वर्ष 2000 में वे पहली बार बिहार के मुख्यमंत्री बने लेकिन बहुमत साबित नहीं कर पाए। वर्ष 2005 से ( मांझी के 9 माह के कार्यकाल को छोड़) वे लगातार बिहार के मुख्यमंत्री हैं।

### नीतीश कुमार का सियासी सफर

- अप्रैल से नवंबर 1990 केन्द्रीय कृषि व सहकारिता राज्य मंत्री
- 19 मार्च 1998–05 अगस्त 1999 तक केंद्रीय रेल मंत्री
- 13 अक्टूबर 1999 से 22 नवंबर 1999 तक भूतल परिवहन मंत्री
- 27 मई 2000 से 20 मार्च 2001 तक कृषि मंत्री।
- 22 जुलाई 2001 से 21 मई 2004 तक रेल मंत्री।
- 1985 में पहली बार विधायक निर्वाचित हुए
- 1989 में पहली बार लोकसभा के लिए चुने गए। फिर 1991, 1996, 1998, 1999 व 2004 में निर्वाचित हुए
- सीएम पद की शपथ ली
- 3 मार्च 2000, 24 नवंबर 2005, 26 नवंबर 2010, 22 फरवरी 2015, 20 नवंबर 2015, 27 जुलाई 2017, 16 नवंबर 2020, 10 अगस्त 2022, 28 जनवरी 2024

## एनसीसी के ए प्रमाण पत्र के लिए 418 कैडेटों ने दी परीक्षा

**आरा।** एनसीसी पांच बिहार बटालियन की ओर से न्यू पुलिस लाइन चंदवा परिसर में एनसीसी के ए सर्टिफिकेट के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की गयी। इसमें 14 विद्यालयों के 418 कैडेटों ने हिस्सा लिया। कैडेटों ने पूरे मनोयोग से परीक्षा दी।

बता दें कि दो साल एनसीसी की जूनियर डिविजन की ट्रेनिंग लेने के बाद दोनों प्रशिक्षण सत्र के दौरान 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने वालेब एनसीसी कैडेट्स को ए प्रमाण पत्र परीक्षा में बैठने का मौका मिलता है। इस परीक्षा में उत्तीर्ण एनसीसी कैडेट्स को एनसीसी का ए प्रमाण पत्र मिलता है, जिसका लाभ कैडेट्स को अपने करियर के दौरान सेना भर्ती और केंद्र सरकार व राज्य सरकार की विभिन्न नौकरियों में रिजर्वेशन के रूप में लाभ मिलता है। बता दें कि पूर्व में मैप रीडिंग, वेपन ट्रेनिंग, युद्ध कला, ड्रिल की प्रैक्टिकल परीक्षा ली गयी थी। मौके पर एनसीसी के कर्नल मनु तिवारी, लेफ्टिनेंट कर्नल एपी सिंह, सूबेदार मेजर रविन्द्र कुमार, हवलदार केके मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

**संक्षिप्त समाचार**

### केविवि धर्मशाला के शोधार्थी ने सरैया के प्राचीन टीला को जाना

**मुजफ्फरपुर/सरैया।** वीरपुर स्थित भगवान बुद्ध के प्रतिपालक माता एवं बौद्ध धर्म की प्रथम भिक्षुणी महा प्रजापति गौतमी के महापरिनिर्वाण स्थल पर रविवार को केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश) के शोधार्थी छात्र सौरव आनंद पहुंचा। मूल रूप से बिहार के नालंदा का रहनेवाला सौरव अपनी शोध यात्रा



के दौरान 25 दिसंबर को हरियाणा के टोपरा कलां से साइकिल द्वारा चीनी यात्री ह्वेनसांग के चारिका पथ (जिस रास्ते से पैदल यात्रा की थी) उसी रास्ते लुंबिनी, कौशांबी, केसरिया होते हुए वैशाली पहुंचा है। उन्होंने गौतमी के महापरिनिर्वाण स्थल के प्राचीन टीला पर जाकर आसपास के लोगों से जानकारी ली। सौरव ने बताया कि उसके शोध का विषय पुरातत्व एवं पर्यटन है। यात्रा का समापन बोधगया में होगा। बताया कि यहां नंगे पांव 500 से अधिक बौद्ध भिक्षुणियों के साथ महा प्रजापति गौतमी इस स्थल पर पहुंची थी। यहीं पर वह महापरिनिर्वाण को प्राप्त की थी। यह महापरिनिर्वाण स्थल पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

### भागलपुर ने मरांडी ब्रदर गोकुलपुर को 2-1 गोल से हराया कहलगांव

**भागलपुर/कहलगांव।** चांयटोला खेल मैदान में रविवार को 43 वां एसएफसी फुटबॉल चैलेंज शील्ड प्रतियोगिता कैथपुरा चांयटोला का अंतिम नॉकआउट मैच भागलपुर बनाम मरांडी ब्रदर्स गोकुलपुर के बीच में खेला गया।मैच के पहले हाफ के तीसरे मिनट में भागलपुर ने एक गोल कर बढ़त बना लिया। जबकि दूसरे हाथ के 25 वे मिनट में फिर से दूसरा गोल करने में सफल रही और वहीं पर मरांडी ब्रदर्स दूसरे हाथ के 30 वे मिनट में एक गोल दागा और इस तरह से भागलपुर की टीम ने दो एक से विजय हासिल किया। निर्णायक की भूमिका में रामानंद कुमार, उदय कुमार, रोहित कुमार थे उद्घोषक की भूमिका में पवन कुमार और कुंदन कुमार थे।

### टाटा स्टील ने डॉ, अमर नाथ सिंह को सम्मानित किया

**भागलपुर/सुल्तानगंज।** कृष्णगढ़, सुल्तानगंज निवासी तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के पूर्ववर्ती शोधार्थी व वर्तमान में झारखंड राज्य स्थित सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय अंतर्गत एएन कॉलेज दुमका में वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष व झारखंड बायोडाइवर्सिटी बोर्ड के सदस्य डॉ. अमर नाथ सिंह को टाटा स्टील के रॉ मैटेरियल डिवीजन के वाइस प्रेसिडेंट डीबी सुंदरमम ने 33वें एनुअल फ्लावर व वेजिटेबल शो के उद्घाटन सत्र में सम्मानित किया। डॉ. सिंह पिछले कुछ वर्षों से टाटा स्टील के हितधारकों को नियमित रूप से जैविक खेती, मशरुम उत्पादन, केंचुआ खाद उत्पादन, बंजर भूमि प्रबंधन इत्यादि विषय पर प्रशिक्षण दे रहे हैं। सम्मान मिलने पर सुल्तानगंज के लोगो ने हर्ष है।

# पटना में अब तक का सबसे घना कोहरा

**20 मीटर विजिबिलिटी**

**भागलपुर के सबौर में 3 डिग्री के करीब पारा, आने वाले दिनों में और बढ़ेगी ठंड**



**पटना।** बिहार के कई जिले घने कोहरे की चपेट में हैं। पटना में सोमवार को अब तक का सबसे घना कोहरा देखने को मिला। विजिबिलिटी 20 मीटर रही। सुबह-सुबह लोग अपनी गाड़ियों की लाइट जलाकर सड़क पर दिखाई दिए। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में बिहार में ठंड और बढ़ने वाली है। पिछले 24 घंटे में भागलपुर का सबौर सबसे ठंडा रहा। यहां 3 डिग्री के करीब पारा पहुंच गया। पटना मौसम विभाग के वैज्ञानिक शैलेंद्र कुमार ने बताया की एक और पश्चिमी विक्षोभ 30 जनवरी यानी कल आएगा। इसके बाद 3 फरवरी को भी एक पश्चिमी विक्षोभ आने वाला है। जिसके कारण न्यूनतम पारा बढ़ेगा और 5 फरवरी तक रहेगा। 6 फरवरी से फिर न्यूनतम पारा में गिरावट दर्ज की जाएगी जिससे ठंड बढ़ेगी।

**4 से 5 दिनों तक ठंड की स्थिति रहेगी-** अगले 4 से 5 दिनों तक ठंड की स्थिति बनी रहेगी, लेकिन कड़ाके की ठंड से लोगों को राहत मिलने वाली है। लोगों को न सिर्फ दिन में ठंड से राहत मिलेगी। बल्कि न्यूनतम पारा भी चढ़ेगा। 26 जनवरी और 28 जनवरी को दो पश्चिमी विक्षोभ आए थे। लेकिन, कमजोर होने की वजह से बिहार के मौसम को प्रभावित नहीं कर सके।

इसलिए अब ठंड से राहत मिलने की उम्मीद है। इस दौरान न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। पिछले 24 घंटे के दौरान भागलपुर का सबौर सबसे ठंडा रहा। जहां का न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

## मनरेगा कार्य में गड़बड़ी पर प्राथमिकी दर्ज

**भागलपुर/गोराडीह।** प्रखंड के जमीन मुरहन पंचायत में मनरेगा कार्य में गड़बड़ी को लेकर रविवार को प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी के बयान पर तत्कालीन मुखिया, पंचायत रोजगार सेवक और कनीय अभियंता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पंचायत की पांच योजनाओं में अनियमितता पाये जाने पर आर्थिक अपराध ईकाई से निर्देश के बाद यह कार्रवाई की गयी।

इसमें प्रमोद सिंह के घर से प्राथमिक विद्यालय छोटी जमीन तक नाली का निर्माण, ग्राम छोटी जमीन में गोस्वामी टोला से प्राथमिक विद्यालय तक पक्का नाला का निर्माण कार्य, कालिकापुर सिमाना से प्रदीप सिंह के घर तक पक्का नाला का निर्माण, छोटी जमीन में बिक्रम सिंह के घर से मेन रोड तक आरसीसी नाला का निर्माण और ग्राम मुरहन में तुलसी पंडित के खेंत से सरैया मौजा तक बांध की मरम्मती कार्य व पुलिया निर्माण कार्य में गड़बड़ी पायी गयी है। इसके बाद आर्थिक अपराध इकाई पटना के पत्रांक 14189 के आलोक में प्राथमिकी के लिए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा को निर्देश दिया गया था। इसके बाद जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ने गोराडीह थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी। थाना प्रभारी संजय सत्यार्थी ने बताया कि गोराडीह पीओ के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही हैं।

### कुहासे से थमी रफ्तार 12 ट्रेनें फिर विलंब

**मुजफ्फरपुर।** कुहासा के आगे ट्रेनों की रफ्तार धीमी पड़ गई है। उत्तर भारत से मुजफ्फरपुर समेत उत्तर बिहार आने वाली ट्रेनें लगातार देरी से चल रही है। रविवार को मुजफ्फरपुर जंक्शन पर एक दर्जन प्रमुख ट्रेनें देरी से पहुंची। ट्रेनों के इंतजार में यात्री जंक्शन पर ठिठुरते रहे। ऑपरेटिंग विभाग के पदाधिकारियों ने बताया कि कुहासे के साथ एनआई वर्क की वजह से ट्रेनों को नियंत्रित और रूट बदलकर चलाया जा रहा है, इससे ट्रेनें लेट हो रही हैं।

## बिहार में राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पहुंची

# पूर्णिया में करेंगे जनसभा



**किशनगंज।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बिहार में प्रवेश कर चुकी है। बंगाल के उत्तरी दिनाजपुर से किशनगंज पहुंचे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि देश में आरएसएस और भाजपा की विचारधारा ने हिंसा और नफरत फैला रखी है। भाई-भाई से लड़ रहा है, एक धर्म का व्यक्ति दूसरे धर्म के व्यक्ति से लड़ रहा है, भाषाओं के बीच लड़ाई हो रही है। हम जानते थे कि ये मोहब्बत का देश है। नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खुलनी चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि हिंदुस्तान की राजनीति पर यात्रा का बहुत बड़ा असर पड़ा। एक विचारधारा जो भाजपा देश के सामने रोज रखती है, नफरत, हिंसा। उसके खिलाफ एक नई विचारधारा खड़ी हुई, मोहब्बत, जितनी भी कोशिश कर लो नफरत को नफरत नहीं काट सकती, नफरत को सिर्फ प्यार काट सकता है।

राहुल गांधी के स्वागत के लिए बस स्टैंड के पास हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। सुरक्षा को लेकर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

**राज्य में दो दिनों तक रुकेंगे**

राहुल राज्य में 2 दिन रुकेंगे। सोमवार सुबह 9 बजे उसकी न्याय यात्रा बंगाल बॉर्डर से किशनगंज के फरानगोला चौक पहुंची। राहुल अगले दो दिनों तक राज्य के सात जिलों में 425 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। इस दौरान पूर्णिया में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। आज भी वे यात्रा के दौरान कई जनसभाओं को संबोधित करेंगे। आज की यात्रा पूरी करने के बाद अररिया के लिए रवाना हो जाएंगे। जिला प्रशासन अलर्ट है। जिस रूट से राहुल गांधी गुजरेंगे, उस रूट पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

राहुल गांधी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया था, लेकिन सीएम ने यात्रा में शामिल होने से इनकार कर दिया था। यात्रा के बिहार में एंट्री लेने से एक दिन पहले ही नीतीश ने भाजपा से गठबंधन कर लिया।

### बूरीमारा में दिन के समय आराम करेंगे राहुल

29 जनवरी को किशनगंज के फरानगोला चौक से प्रवेश करने के बाद राहुल गांधी कैल्टेक्स चौक, बिहार बस स्टैंड, अशफाक उल्ला खां स्टेडियम, खगड़ा रेलवे फाटक, हलीम चौक, कदम रसूल मदरसा, लहरा चौक, ब्लॉक चौक, मस्तान चौक, मस्जिद चौक, रहमतपाड़ा- नूजन होदा होते हुए बूरीमारा पहुंचेगे। बूरीमारा में राहुल आराम करेंगे।

## ताइक्कांडो खिलाड़ियों को मिले प्रमाणपत्र



**भागलपुर/नवगछिया।** एसपीएस ताइक्कांडो प्रशिक्षण केंद्र में ताइक्कांडो प्रशिक्षक सह अंतर्राष्ट्रीय ताइक्कांडो खिलाड़ी जेम्स फाइटर के नेतृत्व में प्रमाण पत्र वितरण किया गया। पूर्व में प्रशिक्षण केंद्र खिलाड़ियों ने बेल्ट प्रमोशन परीक्षा दी थी।

बिहार ताइक्कांडो संघ व भागलपुर जिला ताइक्कांडो संघ की ओर से ये खिलाड़ी पास हुए थे। इनमें भाग्यलक्ष्मी,आस्था कुमारी,अक्षयकुमार ,रोशनीकुमारी, तन्मय वर्मा,चेतन कुमार,भूपेंद्र कुमार, हरिओम कुमार, प्रियांशु कुमार, चित्रा कुमारी, सोनम कुमारी है।

प्रमाण पत्र मिलने पर जिला ताइक्कांडो महासचिव घनश्याम प्रसाद, अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव, शिक्षाविद रामकुमार साहू, कृष्ण कुमार साहू, कंचन सिंह, बादल कुमार, समाजसेवी अभिषेक चौधरी, नीरज पोद्दार, संतोष सिंह, रामसेवक भगत, गौतम यादव, अभिनेता अभय माही, पिंटू यादव ने सभी खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जेम्स फाइटर ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए भारत सरकार व बिहार सरकार चाहे खिलाड़ी के हित में जो बेहतर हो वह प्रयास कर रही है।

## मोतीपुर से नाबालिग छात्रा का अपहरण

**मुजफ्फरपुर/मोतीपुर।** नगर परिषद के एक वार्ड से नाबालिग छात्रा का अपहरण कर लिया गया है। मामले को लेकर छात्रा के पिता ने थाना में एक नामजद समेत अन्य को आरोपित किया है। उन्होंने बताया कि 24 जनवरी की देर रात शौच करने के लिए उठा तो देखा कि घर का मेन गेट खुला हुआ था और दूसरे कमरे में सो रही छात्रा गायब थी। परिवार के सदस्यों के साथ काफी खोजबीन की, लेकिन कोई अता-पता नहीं चला। कुछ दिन पहले छात्रा के स्कूल बैग में एक ट्रॉफी मिली थी। पूछने पर लड़की ने बताई थी कि पड़ोस के एक युवक ने दिया है। शक के आधार पर जब आरोपित के घर जाकर लड़की के बारे मे पूछताछ की तो आरोपित के माता-पिता ने बताया कि उसका बेटा भी घर पर नहीं है, खोजबीन कर रहे हैं। अगले दिन जब दोबारा लड़की के बारे में पूछने गया, तो वह लोग भड़क गए और धमकी देते हुए भगा दिया। छात्रा के पिता ने बताया कि पांच दिन हो गया है। अब तक पुलिस ठोस नतीजे पर नहीं पहुंची है। उन्हें अनहोनी की भी चिंता सता रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि शीघ्र अपहृत छात्रा को बरामद कर लिया जाएगा।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### अक्षय ऊर्जा : आम लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने की जरूरत

बढ़ती जरूरतों और सीमित संसाधनों के बीच प्राथमिकताओं का निर्धारण वक्त का तकाजा है, ताकि दुनिया में आम जीवन को लेकर एक संतुलन कायम रहे। मुश्किल तब आती है जब किसी मामले में निर्भरता की वजह से कई तरह की समस्याएं खड़ी होने लगती हैं। इस संदर्भ में देश की ऊर्जा जरूरतों और उपलब्ध संसाधनों पर गौर किया जा सकता है कि किस तरह पेट्रोलियम उत्पाद, कोयला, गैस आदि आज ऊर्जा के मुख्य स्रोत हैं। मगर यह छिपा नहीं है कि इनकी लगातार घटती उपलब्धता और बढ़ती कीमत की वजह से आज इस मामले में भविष्य को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं और विकल्प की राह निकाली जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को प्रधानमंत्री ने एक नई योजना की घोषणा की, जिसके तहत केंद्र सरकार देश भर में एक करोड़ घरों की छतों पर सौर पैनल लगवाएगी। 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' का लक्ष्य अगर जमीन पर उतरा तो इससे गरीब और मध्यवर्ग के बिजली खर्च में उल्लेखनीय बचत होगी। साथ ही एक बड़ा बदलाव देश की ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति में आएगा और भारत के लिए इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने की राह खुलेगी। दरअसल, प्राकृतिक ऊर्जा स्रोतों की आसान उपलब्धता के बावजूद इस मामले में ज्यादा प्रगति इसलिए नहीं हो पाई कि लोगों के बीच सौर पैनल या ऐसे अन्य संसाधनों को लेकर पर्याप्त जागरूकता का अभाव रहा है। इस वजह से लोग कई स्तरों पर अपनी रोजमर्रा की जरूरतों को आसान बनाने के लिए या तो ऊर्जा की कमी या मुश्किल का सामना करते हैं या फिर उनके लिए ऊंची कीमत चुकाते हैं। जबकि भारत में धूप और रोशनी की असीमित उपलब्धता में अगर सौर ऊर्जा जैसे विकल्प आजमाए जाएं तो इस क्षेत्र में बड़ा बदलाव हो सकता है। आमतौर पर जो विकल्प सामने होते हैं, लोग उसी दायरे में अपना जीवन-बसर करते रहते हैं, भले ही खोजने पर उससे आसान और सस्ते संसाधन मिल जाएं। पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों के मुकाबले सौर ऊर्जा को लेकर भी यही स्थिति है। कम या मामूली खर्च में बिजली मिलने का विकल्प होने के बावजूद इस तक आम लोगों की पहुंच आमतौर पर नहीं हो पाती है। इसलिए 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' के लक्ष्य की अहमियत समझी जा सकती है। मौजूदा दुनिया में ऊर्जा की बढ़ती खपत और उपलब्धता की सीमा के लिहाज से देखा जाए तो सौर ऊर्जा आने वाले वक्त में इस क्षेत्र में एक अनिवार्य विकल्प होगा। जहां तक भारत का सवाल है, अगले एक दशक में यहां ऊर्जा की मांग में भारी बढ़ोतरी हो सकती है और इसकी पूर्ति में सौर ऊर्जा की बड़ी भूमिका होगी। फिलहाल देश में तापीय ऊर्जा ही मुख्य स्रोत है, जिसकी निर्भरता जीवाश्म ईंधन पर है।

## आधुनिकता का पराग संक्रमण : एक विहंगम दृष्टि

आधुनिकता का पराग संक्रमण पुस्तक में जिस प्रकार कथा और उपल्यासों के पात्रों की समीक्षा की गई है, वह स्तुत्य है। अपने चौबीस निबंधों में कथा और उपन्यास में जो विवेचन है वह तर्कसंगत और तथ्य परक है। कथाओं के पात्र और घटनाओं का विश्लेशण करते हुए वे पाठकों में समकालीन कथा और उपन्यासों को पढ़ने की रूचि जागृत कर देती है।

आलोचना का कर्म एक दुस्तर कर्म है। आलोचना पाठक और लेखक के मध्य सेतु का कार्य करता है। पत्र-पत्रिकाओं में पुस्तकों की समीझाा यिद आलोचक प्रभावशाली ठंग से लिखता है तो निश्चय ही उसे पठकर पाठकों को समीझाा पुस्तकों को खरीदने की प्रबल आकांझा हो जाती है।

साहित्य की किसी भी विद्या की पुस्तकों के प्रचार-प्रसार में आलोचना का एक महत्वपूर्ण अवदान होता है। निश्चय ही सुप्रिया जी आलोचना के क्षेत्र में साहित्य को महवत्वपूर्ण कृतियाँ प्रदान करेंगी। वे अपनी समीझाात्मक कृति में ऐसे अपन्यासों और कथाओं का चयन की हैं जिनके पात्र निर्जीव नहीं, जीवंत हैं। भारतीय जीवन-मूल्यः विदेशियों की दृष्ट में लेख के माध्यम से वे यह बताने की ईमानदारी से कोशिश की है कि विदेशी स्त्री-पुरूष गंभीरता से भारतीय संस्कृति का अध्ययन में च्यि रखते हैं। वे विदेशी होकर भी भारतीय संस्कृति के त्याग, सेव्य, साहिष्णुता, कर्मठता तथ्य अपनत्व भाव से प्रभावित हैं। मेगास्थनीज, अलवरूनी, फाहियान, अबुल फजल जैसे विदेशी राजदूतों ने अपनी पुस्तकों में भारतीय संस्कृति की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। विश्व विजेता का स्वप्न लेकर भारत पर आक्रमण करनेवाले सिकंदर भी भारतीय संस्कृति से प्रभावित थे तभी वे सिंधु के तट पर महर्षि दण्डयायन के आश्रम में आकर उन्हें गुरू बनाने की प्रार्थना किये थे। आधुनिक काल में ऐनी बेसेंट, मारगेट नोविलस जो बाद में चलकर स्वामी विवेकानंद की शष्या बन गई। वे हमारे देश की आजादी के लिए भी निरंतर कार्य करती रहीं। वह भारत भूमि को गइराई से समझने की कोशिश की।

काल्पनिक पात्रों को उपन्यास के पाठक जीवन और जगत के पात्र समझ लें। ऐसे पात्रों की रचना में कमलेश्वर सिद्धहस्त हैं यदि रचनपाकार में कौशल हों तो काल्पनिक पात्रों को भी जीवंत बना देता है।

कमल कुमार के उपन्यास हेमबरगर की कथा भूमि अमरीका की है। हेमबरगर की पात्र लीडिया भारत आती है। वह वृंदावन में आकर कृष्ण भक्त बन जाती है। वहाँ वह कृष्ण कौश्यनेस आश्रम में सेवा भाव से जुड़ जाती है। लीडिया के माध्यम से कमल कुमार उपन्यास में यह दर्शाना चाहते हैं कि पाश्चात्य संस्कृति पर अब धीरे-धीरे भारतीय संस्कृति से यूँ ही नहीं प्रभावित हैं। वे भारत के ऋषि-मुनियों के ग्रन्थों के अंग्रेजी अनुसाद पढ़ने के बाद जब उस पर मनन करते तो उन्हें वहाँ अपने जीवन को सुखद के साथ-साथ कल्याणमय बनाने के कारक मिल जाते हैं। उषा प्रयंवदा के उपन्यास अंतर्वंशी में भारतीय बच्चे आकाश और विकास वदेशी संस्कृति को ही अपनी धरोहर मानते हैं। भारतीय रीति-रिवाजों और सरकार के प्रति उनमें कोई लगाव नहीं विकास अपना परिचय अमरीकी अंदाज में विकैस देता है। माँ का संबोधन मॉम होता है। आकाश और विकास भारत को मूर्खों का देश समझता है। यहाँ लेखिका समझाना चाहती है कि भारतीय बच्चे दूसरे देशों में पल-बढ़कर कैसे अपनी संस्कृति से कट जाते हैं। अपने देश की सभ्यता-संस्कृति से कट जाते हैं। जबकि भारत में पले-बढ़ और बाद में अमेरिकी हो गए। उनके माता-पिता को भारतवंशी होने का गर्व है।

भुमंडलीकरण के दौर में कस तरह पिरवर्तन आ रहा हे, उसका बेबाक और सटीक चित्रण उपन्यास के पात्रों के माध्यम से सुप्रिया जी करती हैं।

दूसरी ओर उन्होंने यह भी चित्रण की है कि विदेश में बसे भारतीय परिवार किस तरह अपने बच्चों को धर्म, संस्कृति और परंपरा से जोड़ने की कोशिश में लगा रहता है। वहाँ वे विभिन्न व्रत, व्योहार मनाकर विशेष दिनों में मंदिर में आयोजनों द्वारा अपनी पहचान बनाये रखने का पूरजोर प्रयत्न करते हैं। हम किसी भी देश में रहें पर, हमारी एक विशिष्ट पहचान भी बनी रहे। हम उस देश के विकास के लिए कार्य करें पर, अपनी मूल संस्कृति को भूलें नहीं, लेखिका इस ओर पात्रों के माध्यम से ध्यानाकर्षित करती हैं। सूचना और संचार क्रांति के माध्यम से टेलिविजन, सिनेमा और मोबाइल के जरिये संस्कृति के नाम पर फैलाई जा रही अपसंस्कृति नैनिकता, सदाचार, संयम, अनुशासन, सदभाव जैसे भारतीय संस्कृति के पुरातन मूल्यों को डाँवाडोल कर रही है वहीं दूसरी ओर ऐसे भी भारतीय युवा हैं जन्हें अपसंस्कृति की शहरी आंधी के बावजूद बना डाँवाडोल हुए भारतीय संस्कृति के प्रति लगाव बना हुआ है और वे अपनी आनेवाली पीढ़ी से भी अपेक्षार खते कि वे भी भारतीय संस्कृति से जुड़े रहेंगे।

प्रभा खेतान के उपन्यास आओ पेपे घर चलें की प्रभा अमेरिका में ब्यूटीशियन का कोर्स करती हैं। विदेश पहुँचते ही वह अकेली पड़ जाती हैं। प्रभा खेतान को कलकत्ते की घुएं भरी रात भी खराब नहीं लगती। उसे भारत में घर से बाहर कुछ पराया नहीं लगता जबिक अमेरिका में उसे सब कुछ पराया लगता है। उसे इच्छा होती है कि वह भारत लौट आए। घर से दूर रात-दिन की मेहनत उसे ऐसा लगता है मानो किसी ने जड़ से उखाड़कर पौधे को फेंक दिया हो। अपनी समीक्षात्मक पुस्तक के माध्यम से वे उन लेखक-लेखिकाओं की कथाओं और उपन्यासों को पढ़ने के लिए व्यग्र कर देती है।

निर्मल वर्मा का वे दिन का वर्णन कर लेखिका यह चाहती हैं कि हमारे देश के पाठक अपनी सभयता, संस्कृति के साथ-साथ दूसरे देशों की सभयता, संस्कृत का अध्ययन करें। जससे कि तुलनात्मक अध्ययन के माध्यम से उनमें तार्किकता का विकास हो और उनका चिंतन भी समृद्ध बनें। वे दिन की रायना आस्ट्रिया हैं, फ्राज बर्लिन हैं, टी.टी बर्मा हैं और मारियाचेक। यदि पाठक उपन्यास के भिन्न देशों के पात्रों को जानने की कोशिश करेगा तभी उसके चिंतन के फलक का विकास होगा।

नासिरा शर्मा का उपन्यास सात नदियां एक समुन्दर में तत्यबा एक ईरानी पात्र हैं। तटयबा के माध्यम से लेखिका ने अयातुल्लाह खुमैनी की रक्त रंजित इस्लामी क्रान्ति का चित्रण किया है। शांती व्यावस्था के विरोध में पूरी ईरानी जनता सड़क पर निकल आती हे। सारा दिन, सारी रात कभी बम फटता, कभी गोली चलती, कभी नारे लगते, कभी सिनेमा हॉल जलते, कभी बैंक लुटे जाते। अमेरिकी अपना घर और कंपनियाँ बंद कर भाग रहे थे। औरतें खुलेपन के नंगे नाच से तंग आ गई थीं। दुनिया भर के क्रांति और साम्यवादी विचारधारा के साहित्य ईरानी बाजारों में पहुँचे। लेखिका ने धर्म के नाम पर कटटरता का विरोध किया है।

अपने उपन्यास में नसिरा शर्मा ने वटयबा नामक पात्र के माध्यम से यह बताने की सफल कोशिश की है कि धर्म के नाम पर कटटरता परोसने को उचित नहीं कहा जा सकता है। वटयबा क्रांतिकारी बनकर विवाह न करने का प्रण करती है। तन की मूख को विचार और वतन पर कुरबान कर देती है।

**निरंजन कुमार निर्भय**
हिन्दी शिक्षक
डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, कटार, डेहरी-ऑन-सोन (रोहतास)

## बापू सेंट स्टीफंस कॉलेज से दलित बच्चों के साथ



**आर.के. सिन्हा**
पूर्व सांसद, राज्य सभा

महात्मा गांधी हमारे स्वाधीनता आंदोलन के सिर्फ नायक या समाज सुधारक मात्र ही नहीं थे। वे नौजवानों और विद्यार्थियों से मिलना-जुलना भी बेहद पसंद करते थे। वे स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्लायों में लगातार जाया करते थे। वे पहली बार राजधानी दिल्ली 12 मार्च 1915 को आए तो सेंट स्टीफंस कॉलेज में ही ठहरे। वे वहां पर सेंट स्टीफंस कॉलेज और हिन्दू कॉलेज के छात्रों और फेक्ल्टी से भी मिले। उनके तमाम सवालों के उत्तर दिए। उनसे दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद से जुड़े बहुत सारे सवाल पूछे गए थे। उसके बाद वे 1918 में फिर दिल्ली आए तो पुनः सेंट स्टीफंस कॉलेज में ही ठहरे। उन्हें यहां पर ब्रजकृष्ण चांदीवाला नाम के एक छात्र मिले जो आगे चलकर उनके पुत्रवत से हो गए। जब गांधी जी की 30 जनवरी, 1948 को हत्या हुई तो ब्रज कृष्ण चांदीवाला बिड़ला हाउस में ही थे।31 जनवरी,1948 को गांधी जी की अत्येष्टि होनी थी। गांधी जी को अंतिम बार स्नान उनके परम शिष्य ब्रज कृष्ण चांदीवाला ने रात को दो बजे करवाया था। हालांकि तब बापू के सबसे छोटे पुत्र देवदास गांधी भी वहां ही थे। सेंट स्टीफंस क़ॉलेज में गांधी जी के नाम से एक अध्ययन केन्द्र भी चलता है। देश का यह शिखर कॉलेज गांधी जी और उनके सहयोगी दीनबंधु सी.एफ.एंड्रयूज से प्रेरणा पाता है। दीनबंध एंड्रयूज उसी दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी (डीबीएस) से जुड़े हुए थे जिसने सेंट स्टीफंस क़ॉलेज और सेंट स्टीफंस अस्पताल की स्थापना की थी। अब गांधी जी के सत्य और अहिंसा के विचारों को मानने वाली दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी (डीबीएस) सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल स्थापित करने जा रही है। यह स्कूल दिल्ली से सटे हरियाणा के राई क्षेत्र में खुल रहा है। इस स्कूल को खोलने के पीछे मकसद यही है ताकि देश के गांवों और पिछड़े क्षेत्रों के बच्चों को श्रेष्ठ शिक्षा मिल सके। संयोग से सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल वहां खुल रहा जिसे किसानों के रहनुमा और स्वाधीनता सेनानी चौधरी छोटूराम का गढ़ माना जाता है। चौधरी छोटूराम किसानों के मसीहा कहे जाते थे और उनकी शिक्षा दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज में ही हुई थी। वे आजादी से पहले पंजाब सूबे की कैबिनेट के सदस्य थे। उनका जन्म मौजूदा रोहतक जिले में 1881 में हुआ था। तब रोहतक पंजाब का ही हिस्सा था। दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश और हरियाणा का जाट समाज चौधरी छोटू राम को लेकर बहुत आदर का भाव रखता है। इस बीच, गांधी जी दिल्ली में दलित बच्चों को भी पढ़ाते रहे थे। यह तथ्य कम ही लोग जानते हैं। यहां उनकी पाठशाला चलती थी। वे अपने छात्रों को अंग्रेजी और हिन्दी पढ़ाते थे। उनकी कक्षाओं में सिर्फ बच्चे ही नहीं आते थे। उसमें बड़े-बुजुर्ग भी रहते थे। वे मंदिर मार्ग के वाल्मिकि मंदिर में 214 दिन रहे। 1 अप्रैल 1946 से 10 जून 1947 तक। वे शाम के वक्त मंदिर से सटी वाल्मिकी बस्ती में रहने वाले परिवारों के बच्चों को पढ़ाते थे। उनकी पाठशाला में खासी भीड़ हो जाती थी। बापू अपने उन विद्यार्थियों को ज़रूरत के मुताबिक़ फटकार भी लगा देते थे, जो कक्षा में साफ-सुथरे हो कर नहीं आते थे। वे स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते थे। वे मानते थे कि स्वच्छ रहे बिना आप ज्ञान अर्जित नहीं कर सकते। यह संयोग ही है कि इसी मंदिर से सटी वाल्मिकी बस्ती से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 अक्तूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की थी। कहना न होगा कि स्वच्छ भारत अभियान से देश में साफ-सफाई के लिए एक तरह की अद्भुत जागरूकता पैदा हुई। वह मंजर यकीनन यादगार था जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं झाड़ू लेकर दिल्ली की सड़कों पर सफाई करने उतरे थे। उनके पीछे- पीछे उनके मंत्रिमंडल के कई मंत्रियों से लेकर सरकारी बाबुओं तक का हुजूम भी सड़कों पर उतर आया था। 2014 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के दिन ही प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन का आगाज किया था। महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें इससे बेहतर श्रद्धांजलि शायद दी भी नहीं जा सकती थी। अब स्वच्छता अभियान के असर देश के गांवों में भी दिखाई देने लगा हैं। गांधी जी कहते थे कि भारत की आत्मा गांवों में ही बसती है। खैर,गांधी जी वाल्मिकी मंदिर के जिस कमरे में पढ़ाते थे, वह अब भी पहले की तरह ही बना हुआ है। यहाँ एक चित्र रखा है,जिसमें कुछ बच्चे उनके पैरों से लिपटे नजर आते हैं। गांधी जी की कोशिश रहती थी कि जिन्हें कतई लिखना-पढ़ना नहीं आता, वे कुछ हद तक तो लिख-पढ़ सकें। इसी वाल्मिकी मंदिर में गांधीजी से विचार-विमर्श करने के लिए नेहरू से लेकर सीमांत गांधी खान अब्दुल गफ्फार खान भी आते थे। सीमांत गांधी यहां बापू के साथ कई बार ठहरे भी थे। वाल्मिकी समाज की तरफ से प्रयास हो रहे हैं कि इधर गांधी शोध केन्द्र की स्थापना हो जाए। गांधी जी की संभवतः महानतम जीवनी 'दि लाइफ आफ महात्मा गांधी' के लेखक लुई फिशर भी उनसे वाल्मिकी मंदिर में ही मिलते थे। वे 25 जून,1946 को दिल्ली आए तो यहां पर बापू से यहीं मिलने पहुंचे थे । उस समय इधर प्रार्थना सभा की तैयारियां चल रही थीं। 'दि लाइफ आफ महात्मा गांधी' को आधार बनाकर ही फिल्म गांधी का निर्माण हुआ था। गांधीजी का बनारस से से भी गहरा संबंध रहा। वे अपने जीवनकाल में 12 बार बनारस आए। उन्होंने 5 फरवरी 1916 को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों और अध्यापकों को संबोधित किया था। वहां पर तब बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी का स्थापना समारोह मनाया जा रहा था। साथ में बीएचयू के संस्थापक पं. मदन मोहन मालवीय, एनी बेसेंट, दरभंगा के राजा रामेश्वर सिंह के साथ कई रियासतों के राजा वहां मौजूद थे।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5265

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 6 | | 2 | | | | |
| | 8 | | 4 | | | | 9 | 3 |
| 3 | | | | 8 | 5 | | | 2 |
| 7 | | 9 | | | | | | 8 |
| | 5 | | | 7 | | | 4 | |
| 6 | | | | | | 7 | | 1 |
| 9 | | | 2 | 4 | | | | 5 |
| 2 | 6 | | | | 8 | | 7 | |
| | | | | 3 | | 1 | | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5264

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 1 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 |
| 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 1 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 1 | 7 | 3 | 8 | 4 |
| 7 | 1 | 3 | 4 | 8 | 9 | 5 | 2 | 6 |
| 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 | 7 | 9 | 1 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 5 | 4 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 9 | 4 | 3 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज भाग्य साथ देगा और आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। परिवार के साथ कहीं यात्रा पर जाने की योजना बन सकती है। कानूनी विवाद में सफलता मिलेगी और कारोबार में तरक्की होगी। स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। दिन के उत्तरार्द्ध में उलझनों के बावजूद आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। आज शाम को परिवार के लोगों के साथ घूमने का प्लान बन सकता है।

### वृष
आज फायदे का दिन है और आज आपकी आय में वृद्धि होगी और कारोबार के मामले में शाम तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। नौकरी करने वाले लोगों को ऑफिस में विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास के योग अच्छे हैं और आपकी सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। शाम के वक्त आपको मांगलिक कार्य में शामिल होने का मौका मिलेगा।

### कर्क
आज का दिन सामान्य है। साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचायेगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है। आज आपको अपनी संतान के मामले में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें। कई प्रकार के काम एक साथ हाथ में आने से व्यग्रता बढ़ सकती है।

### सिंह
आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सही कर लेंगे और आपको लाभ होगा। बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की सहायता करें तो आपको पुण्य मिलेगा।

### मिथुन
आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे और आपको लाभ होगा। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और सभी साथी आपकी मदद करेंगे। रात्रि में विवाह शादी में जाने का अवसर मिल सकता है।

### कन्या
आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएंगे तो आपको लाभ होगा। रोजमर्रा के काम से परे कुछ नए काम में भाग्य आजमा सकते हैं। आपको लाभ होगा। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आसपास है।

### तुला
आज आर्थिक लाभ होगा और भाग्य आपका साथ देगा। आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे, अतः कार्यशील रहें। परिवार में सुख शान्ति का माहौल रहेगा और आपकी धन से जुड़ी सभी योजनाएं समय से पूर्ण होंगी। स्थिरता का आनन्द उठाएं। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। काम में नई जान आएगी।

### वृश्चिक
आज का दिन काफी व्यस्तता वाला रहेगा और आज आपको पूरे दिन काफी दौड़भाग करनी पड़ेगी। धर्म आध्यात्म के मामले में आपकी रुचि बढ़ेगी और आपका पढ़ने में मन लगेगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे, लेकिन आप इन चीजों से बेफिक्र होकर अपने काम को समय से पूरा कर लेंगे।

### मकर
आज का दिन लाभकारक है। आपको कहीं से रुके धन की प्राप्ति हो सकती है और रुके कार्य पूर्ण होंगे। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। ज़मीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे, लेकिन आपका वक्त आराम से बीत जाएगा।

### कुंभ
आज सभी कार्य बहुत ही सतर्कता से करने चाहिए। आज का दिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। मौसम में परिवर्तन से आपको परेशानी हो सकती है। खान-पान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोचसमझकर करें।

### धनु
आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने को मिलेगा। आज आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी और आपका मन लगेगा। सीनियर का सहयोग पाने का प्रयास करें। आपके साथी आपका सहयोग करेंगे।

### मीन
आज लाभ होगा और आज आपसी वार्ता व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। तो आपका दिन अच्छा बीतेगा। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें। रात्रि के समय स्थिति में और भी सुधार होगा और आपकी धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी।

## वर्ग पहेली 5265



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. साल 2011 में विश्वकप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा रहे इस सलामी बल्लेबाज ने गत दिनों क्रिकेट के सभी प्रारूप से संयास ले लिया (6)
6. धूल, गर्द, पराग के कण (2)
7. अत्यंत विशाल, वर्तमान दौर का विश्व प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर (सिर्फ आरंभिक नाम)(3)
9. पेड़ का धड़ यह कहलाता है (2)
10. दरवाजा, माध्यम, साधन (2)
12. पंचतत्वों में से एक, वारि (2)
13. प्रकार, ढंग, बनावट (3)
14. रूप या अस्तित्व प्रदान होना (3)
16. 1939 की वी.शांताराम निर्देशित एक सुपर हिट संगीतमय फिल्म (4)
18. यत्न का अपभ्रंश (3)
19. पालंभ, शिकायत, निंदा (2)
20. प्रकाशमान, मुनव्वर, उज्जवल (3)
21. युवती और सुंदर स्त्री, नारी, औरत (3)
23. प्रार्थना, निवेदन (3)
24. जमीन, पृथ्वी (1)

**ऊपर से नीचे**
1. विचार योग्य, विचारणीय (5)
2. त्यागना, छोड़ना (3)
3. हरिद्वार का यह दूसरा नाम है (4)
4. भास्कर, दिनपति, दिनकर, इस प्रसिद्ध संगीतकार की पहली फिल्म वचन (1955) थी (2)
5. जो टल न सके, ये भारत के दसवें प्रधानमंत्री थे (सिर्फ आरंभिक नाम) (3)
8. यह कल्हण द्वारा रचित एक संस्कृत ग्रंथ ह, इसका रचनाकाल सन् 1147 से 1149 तक बताा जाता है (6)
11. रहने का भाव, गिरवी रखने की क्रिया (3)
13. खींचातानी, वैमनस्यता (4)
15. भेंट, उपहार, तौहफा (4)
17. अधिक पका हुआ, गरदन, ग्रीवा (4)
21. क्रिकेट के खेल में बल्लेबाज द्वारा एक सिरे से दूसरे सिरे तक लगाई जाने वाली दौड़ (2)
22. साहित, समेत, मदिरा (2)

### वर्ग पहेली 5264 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| घा | ना | | सा | थी | | श | ह |
| ट | क | सा | ल | | उ | म्मी | द |
| | | | ना | ह | र | | बं |
| अ | मे | ठी | | ल | | दा | दी |
| म | घा | | स | फ | ल | ता | |
| न | ल | क | | ना | ता | | उ |
| | य | म | | मा | | फि | दा |
| | | ला | ना | | व | जी | र |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### भाजमो विधानसभा की बैठक आयोजित

**जमशेदपुर, एजेंसी।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा पश्चिम विधानसभा की बैठक भाजमो जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बिष्टुपुर स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में पश्चिम विस के इलाकों में व्याप्त जनसमस्याओं के संबंध में गहन चर्चा हुई। सभी पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि जमशेदपुर पश्चिम के अंतर्गत सभी मंडलों संपर्क समस्या समाधान अभियान युद्धस्तर पर चलाया जाएगा और क्षेत्र की सभी जन समस्याओं के निराकरण के लिए मानगो नगर निगम और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से मनोज सिंह उज्जैन, कुलविंदर सिंह पन्नु, धर्मेंद्र प्रसाद, आकाश शाह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, तिलेश्वर प्रजापती, चुन्नु भुमिज, मनकेश्वर चौबे सहित अन्य उपस्थित थे।

### नागरिक सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर बैठक

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जम्को के महानंद बस्ती, मंडल टोला में सामूहिक लोगों की बैठक हुई, जिसमें लक्ष्मीनगर मंडल से लोग उपस्थित हुए। बैठक में समाज के हित में रोड, चापानल, स्ट्रीट लाइट, नाले की सफाई लेकर चर्चा हुई। भाजमो जिला मंत्री नवीन कुमार ने बताया की एक से दो दिन के अंदर सभी समस्या का हल जल्द से जल्द करवाया जाएगा। पूरे बस्ती में घूम-घूम कर भ्रमण किया गया और देखा गया कि किस जगह में किस-किस चीज की उपलब्ध नहीं है। मौके पर उपस्थित करनदीप सिंह, समारू, राजू, मुन्नी देवी, सुमन उपस्थित थे।

### उड़ीसा से खडिया युवाओं का दल पहुंचा बसिया

**गुमला/बसिया, एजेंसी।** अखिल भारतीय खड़िया महाडोकलो के तत्वावधान में उड़ीसा से खड़िया युवाओं का दल झारखंड राज्य का दौरा पर हैं। इसका नेतृत्व जेवियर कुल्लू कर रहे हैं। इन युवाओं को अखिल भारतीय खड़िया महाडोकलो के महासोहर पी कुलवंत केरकेट्टा द्वारा युवाओं को जानकारी दी जा रही है। युवा अपने पूर्वजों के विभिन्न गांव पहुंचकर पूर्वजों के विरासत व रीति रिवाज,भाषा की जानकारी ले रहे हैं। रविवार को पहले दिन बोंगोलोया, आमकुली, सेमरा, पंडरिया आदि गांव का दौरा किये।इस पर जेवियर कुल्लू ने बताया कि हमारे पूर्वज झारखंड से ही उड़ीसा गए थे।आज हम युवा अपने पूर्वजों के गाँव व रीति रिवाज को देखने के लिये झारखंड आये हैं।आज आधुनिकता के दौर में युवा अपने भाषा,संस्कृति,रीति रिवाज व धरोहर को भूल जा रहे हैं उन्हें हमें बचाना होगा।इस दौरान रतिया इंदवार,इलजाबेथ इंदवार,दुर्गा पहान,बुद्धदेव पहान,रितवा कुल्लू आदि शामिल थे।

### अयोध्या के लिए गोमो होकर घोषित 16 आस्था स्पेशल ट्रेनें स्थगित

धनबाद, एजेंसी। अयोध्या जाने के लिए दक्षिण-पूर्व रेलवे और पूर्व तटीय रेलवे ने जिन स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की थी, उन सभी को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। इनमें अलग-अलग तिथियों को गोमो होकर चलनेवाली 16 ट्रेनें शामिल हैं। रेलवे की ओर से उनका टाइम टेबल जारी कर दिया गया था, हालांकि इन आस्था स्पेशल ट्रेनों में बुकिंग पर असमंजस की स्थिति बनी थी। ग्रुप बुकिंग कैसे होगी और कौन करेगा, इस पर रेलवे या आईआरसीटीसी ने स्थिति स्पष्ट नहीं की थी। रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि आस्था स्पेशल ट्रेनों को स्थगित करने का निर्देश रेलवे बोर्ड ने दिया है। नई तिथि जल्द तय होगी।

### युवा शक्ति ही देश-समाज की दशा-दिशा बदलने में सक्षम है: एनोस एक्का

**गुमला/पालकोट, एजेंसी।** पालकोट के गोबरसिल्ली में रविवार को झारखंड पार्टी का मिलन समारोह आयोजित हुआ। समारोह में झापा के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का,युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का व आइरिन एक्का विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में उपस्थित पार्टी नेताओं के पारंपरिक तरीके से स्वागत-अभिनंदन के उपरांत मंचीय कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते झापा के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का से युवाओं को एकजुट होने का आह्वान करते कहा कि युवा शक्ति देश-समाज की दशा-दिशा बदलने में सक्षम है। उन्होंने राष्ट्रीय दलों पर क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाते कहा कि झापा जमीन स्तर की पार्टी है और उसके कार्यकर्ता गंवई-गंवई के सर्वांगीण विकास के संकल्पित है।

# झारखंड से खुलेगा केंद्र की जीत का दरवाजा!

### फरवरी में इन सियासी दिग्गजों का लगने जा रहा जमावड़ा

**रांची, एजेंसी।** राज्य में फरवरी का पहला सप्ताह राजनीतिक गतिविधियों से भरा होगा। इस दौरान प्रदेश में राजनीतिक दिग्गजों का जमावड़ा लगेगा। इसे राज्य में आगामी लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान की शुरूआत के तौर पर भी देखा जा रहा है।




दो फरवरी को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ राज्य में प्रवेश करेंगे। बंगाल में यात्रा समाप्त होने के बाद पाकुड़ के रास्ते उनकी झारखंड में एंट्री होगी। कांग्रेस के प्रमुख नेताओं ने राहुल गांधी के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पाकुड़ में डेरा डाल रखा है। राहुल गांधी राज्य में लगभग 800 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। अभी तक उनका लगातार आठ दिन राज्य में रहने का कार्यक्रम है।

चार फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी धनबाद से झारखंड में लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान का शुभारंभ करेंगे। वे वहां सिंदरी में हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (हर्ल) के कारखाने का शुभारंभ करेंगे। उनका जनसभा को भी संबोधित करने का कार्यक्रम है। इसके लिए प्रदेश भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। वरीय नेता वहां कैंप कर रहे हैं। मोदी बिहार से होते हुए यहां आएंगे। बिहार में राजनीतिक उलटफेर के बाद राज्य में भाजपा के तेवर अधिक आक्रामक होंगे। उधर, सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा का स्थापना दिवस दो फरवरी को दुमका व चार फरवरी को धनबाद में मनाया जाएगा। इस मौके पर हेमंत सोरेन भी चुनाव अभियान की शुरुआत करेंगे। दुमका में स्थापना दिवस समारोह में झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन भी मौजूद रहेंगे।

चुनावी साल होने की वजह से झामुमो के लिए स्थापना दिवस समारोह खास है। इन कार्यक्रमों के जरिए निचले स्तर तक संदेश प्रेषित किया जाएगा। मोर्चा के कार्यकर्ता लगातार ईडी के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। दुमका में स्थापना दिवस समारोह की तैयारी स्वयं झारखंड युवा मोर्चा के अध्यक्ष और स्थानीय विधायक बसंत सोरेन लगे हैं।

राज्य में कद्दावर नेताओं के आगमन का सिलसिला जोर पकड़ेगा। फरवरी के दूसरे सप्ताह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्य के दौरे पर आएंगे। वे यहां भाजपा के जनजातीय सम्मेलन में भाग लेंगे। भाजपा जनजातीय समाज पर पकड़ बनाने की भरसक कोशिश कर रही है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उनके जन्मस्थान खूंटी स्थित उलिहातू गए थे। उन्होंने खूंटी से कमजोर जनजातीय समुदाय के लिए 24 हजार करोड़ की योजना का शुभारंभ किया था।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली आवास पर अचानक पहुंची ईडी की टीम, झारखंड में सियासी हलचल मैदान

**रांची, एजेंसी।** जमीन घोटाला प्रकरण में ईडी की टीम दिल्ली स्थित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर पहुंची हुई है, लेकिन अब तक सीएम से मुलाकात नहीं हो पाई है। बता दें कि ईडी के पत्र सह नौवें समन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बीते गुरुवार को सीएमओ के कर्मचारी से अपना जवाब ईडी कार्यालय को भिजवाया था।

उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि उन्हें ईडी का पत्र मिला है, जिसमें उनसे 27 से 31 जनवरी के बीच पूछताछ के लिए तिथि व समय बताने के लिए कहा गया है। इस पर मुख्यमंत्री ने ईडी को जवाब दिया है कि वे इस पर विचार कर रहे हैं, बाद में बताएंगे कि उनसे कब व कहां पूछताछ हो सकेगी। इस बीच मुख्यमंत्री शनिवार की शाम अचानक दिल्ली के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री के इस दौरे को लेकर तरह-तरह की बातें कही जा रही हैं। ईडी ने मुख्यमंत्री सोरेन को



10वां समन भेजकर 29 से 31 के बीच पूछताछ के लिए बुलाया है। बताया जा रहा है कि इस वजह से सीएम सोरेन दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं। इस बीच ईडी की टीम सोमवार सुबह दिल्ली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर पूछताछ करने के लिए पहुंच गई। इसे लेकर रांची में मुख्यमंत्री आवास के आसपास सुरक्षा बढ़ाई गई है। साथ ही दिल्ली में हेमंत के आवास पर भी पुलिस अधिकारी मौजूद हैं। राज्य में विधि व्यवस्था को लेकर मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने 10.15 बजे पुलिस महानिदेशक समेत वरीय अधिकारियों की बैठक बुलाई है। बैठक मुख्य सचिव के आवास पर होगी।

## 100 करोड़ की लागत का विकास कार्य, रांची एयरपोर्ट पर बढ़ेंगी यात्री सुविधाएं, जाम न लगे इसके लिए नई पार्किंग बन रही

**रांची , एजेंसी।** बिरसा मुंडा हवाई अड्डा रांची की विमान पत्तन सलाहकार समिति की बैठक हुई। सांसद संजय सेठ ने बताया कि रांची एयरपोर्ट पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 100 करोड़ की लागत से विकास कार्य किया जा रहे हैं। रांची एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गाड़ी से जाम लग जाने के कारण यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसे ध्यान में रखते हुए पुराने टर्मिनल के पास पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। इसके विस्तारीकरण का काम शुरू कर दिया गया है।




जल्द ही पार्किंग में जो असुविधा होती थी, उसस लोगों को निजात मिलेगी। साथ ही गर्मी और बरसात में यात्रियों की सुविधा के लिए एयरपोर्ट से पार्किंग स्थल तक कैनोपी का भी निर्माण किया जा रहा है। सांसद सेठ ने कहा- एयरपोर्ट के अंदर पहले तल का विस्तारीकरण किया जा रहा है, ताकि 500 से 600 लोग आराम से बैठ सकें।

वहीं यात्रियों को लाइब्रेरी, कैंटीन की व्यवस्था समेत कई अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। सांसद सेठ ने बताया, केंद्र सरकार द्वारा स्टूडेंट के लिए फ्लाइट में 25 किलो तक लगेज ले जाने की छूट दी गई है, उन्हें सिर्फ कॉलेज का आईडी कार्ड दिखाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट द्वारा यात्रियों को जो भी सुविधा दी जाती है, उसकी जानकारी अखबार या मीडिया के माध्यम से या फिर एयरपोर्ट पर एक बोर्ड पर लिखकर बताना चाहिए, ताकि आम लोगों को इसकी जानकारी प्राप्त हो सके।

बैठक में एयरपोर्ट के निदेशक आरआर मौर्य, नगर निगम एवं रांची एयरपोर्ट के प्रशासनिक पदाधिकारी सहित कमेटी के सदस्य राम प्रसाद जालान, आशीष भाटिया, आरएन सिंह शामिल हुए।

## ठंड से बचने के लिए कमरे में जलाया चूल्हा, सोते वक्त दम घुटकर दादी और पोते की मौत



**रांची, एजेंसी।** रांची के मेसरा ओपी क्षेत्र के केदल फुरहुरा केदार नगर में कमरे में जल रहे कोयला चूल्हा से निकली गैस से दम घुटने से दादी और सात साल के पोते की मौत हो गई। मृतकों में 61 साल की मंजू देवी और सात साल का बालक प्रणव कुमार शामिल हैं। मंजू देवी छोटे स्तर पर कारोबार कर जीविका चलाने वाले गौरव गोस्वामी जोगी की मां और प्रणव कुमार पुत्र थे। सभी धनबाद के बस्ताकोला, राजसबेरा के रहने वाले हैं।

गौरव ने केदल में अपना मकान बनवाया है। जिसमें वह, मां, पत्नी और बच्चा रह रहे थे। घटना गुरुवार को रात में गौरव के केदार नगर स्थित आवास पर हुई। उस समय वह कारोबार के सिलसिले में रातू रोड में थे और पत्नी पिछले 15 दिनों से धनबाद स्थित मायका गई हुई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद केदार नगर और आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। पास-पड़ोस में रहने वाले लोग दादी और पोता की मौत से मर्माहत थे।

पुलिस के मुताबिक किडनी रोग से पीड़ित और डायलिसिस पर चल रहीं वृद्ध मां मंजू देवी ने रात आठ बजे गौरव को मोबाइल फोन से सूचना दी कि पोता प्रणव काफी बैचेन है। इसकी जानकारी होने के बाद गौरव अपने घर के लिए निकले।

इसी बीच ठंड से राहत के लिए अलाव के तौर पर बंद कमरे में जल रहे कोयला चूल्हा से निकल रहे कार्बन डाइऑक्साइड और कार्बन मोनो ऑक्साइड से दादी-पोते का दम घुट गया और उनकी मौत हो गई। इधर, जब गौरव घर पहुंचे तो मां और बेटे को आवाज लगाते हुए जब वे अंदर गए तो पाया कि दोनों अचेत पड़े हुए हैं। पड़ोसियों की मदद से दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी होने के बाद पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में कर शुक्रवार को रिम्स में पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शवों को अंत्येष्टि के लिए परिजनों को सौंप दिया गया।

## एग्जाम से पहले वायरल हुए आन्सर! अभ्यर्थियों ने जमकर काटा बवाल, बाबूलाल ने सीबीआई जांच की मांग की

**रांची, एजेंसी।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की झारखंड संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा रविवार को संपन्न हो गई। कड़ी सुरक्षा के बीच यह परीक्षा जिला मुख्यालयों तथा कुछ अनुमंडल मुख्यालयों में बनाए गए केंद्रों पर हुई।



इधर, कुछ अभ्यर्थियों ने इस परीक्षा के सामान्य अध्ययन के प्रश्न पत्र लीक होने की आशंका जताई है। उनका कहना है कि इसके कुछ प्रश्नों के उत्तर वाट्सएप पर परीक्षा से पहले ही वायरल हो रहे थे। बाद में परीक्षा होने के बाद पता चला कि ये उत्तर पूछे गए प्रश्नों से ही संबंधित थे।

परीक्षा खत्म होने के बाद शाम में अभ्यर्थियों ने स्टेट लाइब्रेरी के पास जमा होकर इसके विरोध में प्रदर्शन भी किया। आक्रोशित अभ्यर्थी परीक्षा रद्द करने तथा इसकी सीबीआइ जांच कराने की मांग कर रहे थे। कुछ अभ्यर्थियों ने इसकी शिकायत भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से करते हुए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया।

उधर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जेएससीसी द्वारा रविवार को आयोजित सीजीएल परीक्षा में कथित तौर पर पेपर लीक की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। कहा कि कई छात्रों ने सोशल मीडिया पर आंसर शीट जारी की है। साथ ही व्हाट्सएप पर भी प्रश्न पत्रों के परीक्षा के पहले की सामने आने की बात सामने आ रही है।

राज्य सरकार द्वारा आयोजित यह परीक्षा भ्रष्टाचार के दायरे में आ गई है। इस मामले की जांच सीबीआई से कराई जानी चाहिए। झारखंड सरकार युवाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। पूरी परीक्षा में भ्रष्टाचार की बू आ रही। कानूनी कार्रवाई में फंसने के डर से युवा इस परीक्षा में हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज नहीं उठा पा रहे। स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा तीन पालियों में संपन्न हुई। पहली पाली में भाषा हिंदी एवं अंग्रेजी तथा दूसरी पाली में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा की परीक्षा हुई। तीसरी पाली में सामान्य अध्ययन की परीक्षा हुई। यह परीक्ष बेहद शांतिपूर्ण माहौल में सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई।

रविवार को हुई परीक्षा में कहीं से कोई निष्कासन की सूचना नहीं है। परीक्षा देकर बाहर निकले परीक्षार्थियों में हर्ष का माहौल था। परीक्षार्थियों के अनुसार लंबे समय के बाद हुई परीक्षा के सवाल बेहद आसान थे। खासकर 120 अंकों के भाषा और 100 अंकों के जनजातीय भाषा के प्रश्न आसान थे, लेकिन 150 अंकों के सामान्य अध्ययन के के कुछ प्रश्न ट्विस्ट कर पूछे गए थे। बता दें कि अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने के कारण यह परीक्षा दो चरणों में हो रही है। इसकी अगली परीक्षा चार फरवरी को होगी जिसमें शेष अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। इस परीक्षा के लिए लगभग 6.5 लाख अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इस परीक्षा के लिए रांची जिला में 108 केंद्र बनाए गए थे। जहां लगभग 70 हजार परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिया।

## जानलेवा वायु प्रदूषण के खिलाफ झरिया के लोगों ने बनाई आंदोलन की रणनीति

**धनबाद/झरिया, एजेंसी।** झरिया कोयलांचल में व्याप्त जानलेवा वायु प्रदूषण के खिलाफ चल रहे आंदोलन को धारदार बनाने को लेकर रविवार को झरिया के श्रीराम लाज में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे स्वयंसेवी संगठनों एवं बुद्धिजीवियों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता राजकुमार अग्रवाल ने की। संचलान डॉ. मनोज सिंह ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन अखलाक अहमद ने की। बैठक में कोयलांचल के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने बीसीसीएल द्वारा मानक के विरुद्ध चलाये जा रहे आउटसोर्सिंग से कोयला खनन को वायु प्रदूषण के लिए जिम्मेवार ठहराया । निर्णय लिया गया कि फरवरी माह में 24 घंटे का उपवास धरना दिया जाएगा। जिसमें सभी जनप्रतिनिधियों एवं प्रभावशाली लोगों से आंदोलन में सर्मथन मांगी जाएगी। इस दौरान राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि झरिया में व्याप्त वायु प्रदूषण से उत्पन्न जनाक्रोश को सड़क से सदन तक पहचान होगी । जनांदोलन के दबाव में बडी से बड़ी सरकारें गीर जाती हैं । डीएमएफटी फंड पर्यावरण संरक्षण पर खर्च करना चाहिए । ग्रामीण एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा कि बीसीसीएल द्वारा मानक के विरुद्ध कोयला खनन के खिलाफ मैं जनहित याचिका दर्ज करूँगा । उन्होंने कहा कि यदि हमलोगों को अपनी जिंदगी बचानी है तो राजनीति से ऊपर उठाकर आंदोलन में शामिल होना होगा ।

उचित महतो ने कहा कि सभी क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के लिए समितियां बनाई जाएगी। जो प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में सहयोग करेंगी । बैठक में उचित महतो, शिवचरण शर्मा, सबूर गोराई, श्रीकांत अम्बष्ठ, अशोक वर्णवाल,अरुण साव,हरिनारायण सिंह, दिलीप आडवाणी, उमेश तिवारी, शैलेन्द्र साव, वीरेन्द्र निषाद,सत्यनारायण भोजगढ़िया,आर के प्रसाद,अरबिंद यादव,अशोक प्रसाद वर्णवाल, डॉ ओमप्रकाश प्रसाद, सुशील कुमार,रमेश अग्रवाल , ज्वाला सिंह, दिलीप सिंह, धीरज कुमार कुर्मी, शिवा पॉल, शाहनवाज खान,इसराल अली,चेतन मिश्रा, सौरभ मिश्रा,हरेराम पंडित, राजा अंसारी ने अपने विचार रखे।

### दुर्घटनाग्रस्त कार की मरम्मत का खर्च बीमा कंपनी को वहन करने का आदेश

**धनबाद, एजेंसी।** हादसे के समय कार को मालिक के बजाय कोई और चला रहा था, सिर्फ इस आधार पर बीमा कंपनी क्लेम को खारिज नहीं कर सकती। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण फोरम ने ऐसे ही एक मामले में फैसला सुनाया है। उसने बीमा कंपनी को क्लेम की राशि 2.27 लाख रुपए के साथ मानसिक परेशानी के एवज में 30 हजार रुपए और वाद खर्च के 10 हजार रुपए का भी भुगतान का आदेश दिया है। अगर दो महीने में भुगतान नहीं करने पर 12त्न की दर से ब्याज भी देना होगा। बरवाअड्डा के कल्याणपुर निवासी राजू कुमार साव ने अधिवक्ता मनीष गोस्वामी के जरिए 25 सितंबर 2018 को फोरम में शिकायत की थी। लगातार 17 तारीखों पर सुनवाई के बाद फोरम के अध्यक्ष ललित प्रकाश चौबे, सदस्यों चंद्रशेखर झा और शिप्रा ने फैसला सुनाया। राजू ने 20 अप्रैल 2018 को अपनी कार का बीमा बजाज अलायंस से कराया था। 15 जून को कार एक परिसर की चहारदीवारी से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। राजू ने बैंक मोड़ केंद्र में मरम्मत कराई। मरम्मत का खर्च 2.27 लाख रुपए आया। राजू ने भुगतान के लिए बीमा कंपनी में क्लेम किया, पर उसने इनकार कर दिया। तब फोरम में शिकायत की। वहां कंपनी की ओर से अखबार में छपी हादसे की खबर का हवाला देते हुए कहा गया कि उस समय राजू के बजाय कार को कोई और चला रहा था। फोरम ने कंपनी के इस तर्क को खारिज करते हुए भुगतान का आदेश कंपनी को दिया।

## जेएमएम और कांग्रेस के बीच बिगड़ रही बात! हेमंत सोरेन से लिपटकर रोए थे नेताजी

### अब सरकार को ही सुना दी खरी-खोटी

**रांची, एजेंसी।** राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था पर एक बार फिर जामताड़ा के कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने प्रहार किया है। अपनी ही सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा है कि अस्पतालों की हाल बहुत खराब है। राज्य में लोग मर रहे हैं और स्वास्थ्य विभाग चुप बैठा है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंत्री बन्ना गुप्ता कांग्रेस कोटे से मंत्रिमंडल में हैं। इरफान की नाराजगी अपने विधानसभा क्षेत्र जामताड़ा के नारायणपुर प्रखंड के धावाटांड निवासी 19 वर्षीय लुलीन सोरेन की मौत को लेकर थी। युवक के सिर में चोट लगी थी। परिजनों ने बताया कि पहले उसे लेकर नारायणपुर अस्पताल गए। वहां से धनबाद रेफर भेज दिया गया। उसके बाद मरीज को बोकारो और फिर रांची रेफर कर दिया गया। कहीं भी उसका इलाज नहीं हुआ। मौत से लड़ते-लड़ते वह परिवार वालों को छोड़कर चला गया। इरफान अंसारी ने कहा कि युवक की मौत राज्य के अस्पतालों की व्यवस्था पर सवाल उठाता है। अगर बेहतर इलाज हो जाता तो उसकी जान नहीं जाती। विधायक ने परिवार वालों को 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी और पेंशन व आवास के साथ-साथ अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से भी जोड़ने का भरोसा दिलाया। विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा को सुधारने की बहुत आवश्यकता है। सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में बदइंतजामी सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार लोगों की जान जा रही है। कई बार रिम्स मैनेजमेंट को फटकार लगाया, लेकिन हालत सुधरने की बजाय और बिगड़ता जा रहा है। लोग काफी उम्मीद लेकर अस्पतालों में जाते हैं, लेकिन दुर्भाग्य है कि लचर व्यवस्था के कारण उम्मीदें बिखर जाती है। वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर अस्पतालों की बदहाल व्यवस्था को सामने रखेंगे। विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री अवश्य कोई ठोस निर्णय लेंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### हैवान बने बेटे ने मां पर मरने तक बरसाई लोहे की रॉड, बचाने आया पिता तो उसका किया ऐसा हश्र

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में शराब के नशे में धुत बेटा हैवान बन गया। उसने मां की डंडे व सरिया से पीटकर हत्या कर दी। चीख-पुकार पर बचाने पहुंचे पिता पर भी हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गए। मौके पर आसपास के लोग पहुंच गए। इस बीच आरोपी फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। वहीं घटना के पांच घंटे बाद आरोपी को आगरा से गिरफ्तार कर लिया गया।

घटना टूंडला थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदाबाद की है। गांव के अजय पाल मजदूरी करते हैं। चार बेटे हैं। बड़ा राकेश नशे का आदी है। शनिवार रात 11:30 बजे के करीब राकेश शराब पीकर घर पहुंचा। शराब पीकर आने पर मां ने उसे टोक दिया। इसी बात को लेकर उसका मां सुशीला देवी (60)से विवाद हो गया।

नशे में धुत राकेश ने लाठी-डंडों से मां पर हमला बोल दिया। वह खुद को बचाने के लिए चीखती-चिल्लाती रहीं। हैवान बने बेटे को उन पर तरस नहीं आया। उसने मां को पीट-पीटकर घायल कर दिया। इस दौरान बचाने आए पिता अजय पाल पर भी हमला कर घायल कर दिया। रात 12 बजे घायल पति-पत्नी थाने पहुंचे। पुलिस ने डॉक्टरी परीक्षण कराते हुए घर भेज दिया था। सुबह 10 बजे के करीब बेटे की पिटाई से गंभीर घायल सुशीला देवी की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग व पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसपी सिटी सर्वेश मिश्रा व सीओ अनिवेश कुमार भी पहुंच गए। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिता ने आरोपी पुत्र राकेश के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### चंबल किनारे मिला लापता बेटे का शव, पिता बोले- प्रेम प्रसंग में हत्या की गई; शव को सड़क पर रखकर लगाया जाम

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में 21 दिन से लापता युवक का शव शनिवार को चंबल नदी किनारे मिला। खबर मिली तो घर में चीख पुकार मच गई। घरवाले और ग्रामीण पहुंचे तो शव क्षत विक्षत हालत में पड़ा था। परिजन ने प्रेम प्रसंग में हत्या करने की बात कही। सोमवार की सुबह परिजन व ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। लापरवाही की बात कहते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें समझाने का प्रयास करती रही।

**यह है पूरा मामला :** मामला पिनाहट थाना क्षेत्र के गांव पडुआपुरा का है। गांव निवासी कपिल पुत्र देशराज छह जनवरी की शाम से लापता था। परिजन ने गुमशुदुगी दर्ज कराई थी। शनिवार की शाम को मध्य प्रदेश सीमा में भिंडवा गांव के नीचे चंबल नदी किनारे उसका शव मिला। पुलिस ने उसके पास से मिले कागजात से शिनाख्त कर परिजन को सूचना दी गई।

**मां की बिगड़ गई तबीयत:** पिता देशराज ने पुत्र की हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि एक लड़की से उसके प्रेम संबंध थे। इससे नाराज लड़की के रिश्तेदारों ने उसकी हत्या की है। उधर पुत्र की मौत की खबर सुनकर शनिवार की शाम को मां बिट्टा देवी की हालत बिगड़ गई। उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### संस्कृत विश्वविद्यालय में वेबसाइट सुस्त, परीक्षा में सिर्फ 6 दिन बाकी, न फीस जमा हो पा रही न फॉर्म

**वाराणसी , एजेंसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय की वेबसाइट की सुस्ती के कारण छात्र-छात्राएं परीक्षा फॉर्म भरने में रोज परेशान हो रहे हैं। संबद्ध महाविद्यालय के विद्यार्थियों के अकाउंट से पैसे भी कट जा रहे हैं और उनकी फीस भी जमा नहीं हो रही है। परीक्षा विभाग के साथ ही महाविद्यालयों में भी इस तरह की शिकायतें रोजाना पहुंच रही हैं। शास्त्री प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर और आचार्य प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भरने के लिए तीन फरवरी की तारीख निर्धारित की गई है।

वेबसाइट की सुस्ती के कारण छात्र-छात्राओं को रोजाना परेशान होना पड़ रहा है। शनिवार और रविवार के दिन तो सबसे अधिक परेशानी होती है। हेल्प डेस्क काउंटर बंद होने के कारण छात्रों की समस्या दूर होने में भी 24 से 48 घंटे से अधिक का समय लग रहा है। देश भर में संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों की संख्या 551 हैं। सत्र को नियमित करने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने शास्त्री और आचार्य की सेमेस्टर परीक्षाएं 27 फरवरी से एक साथ कराने का निर्णय लिया है।

परीक्षा फॉर्म तीन फरवरी तक भरे जाने हैं। छात्र-छात्राओं के सामने अब छह दिन का समय शेष है। महाविद्यालय के शिक्षकों का कहना है कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट बहुत स्लो है और इसको अपग्रेड करने की जरूरत है। इसकी शिकायत परीक्षा व कंप्यूटर विभाग से की जा चुकी है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. सुधाकर मिश्र का कहना है कि महाविद्यालयों से शिकायतें मिली हैं और उनका समाधान भी कराया जा रहा है। छात्र-छात्राओं को निर्देश भी दिया गया है कि वह सावधानी से परीक्षा फॉर्म भरें। किसी तरह की समस्या होने पर इसकी जानकारी भी दें, उसका समाधान कराया जाएगा।

# नीतीश कुमार से गठबंधन का यूपी में मिलेगा बड़ा फायदा, भाजपा का प्लान हो गया सफल



**लखनऊ , एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की फिर से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में वापसी का भाजपा को यूपी में भी फायदा मिलेगा। लोकसभा चुनाव में पूर्वांचल के कुर्मी सहित अन्य पिछड़ी जातियों को साधने में पार्टी को मदद मिलेगी।

भाजपा के सूत्रों का कहना है कि बिहार से जुड़े पूर्वांचल के इलाकों में कुर्मी जाति में नीतीश का भी प्रभाव है। इंडिया गठबंधन से यूपी में भाजपा के कुर्मी वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए नीतीश को पूर्वांचल की किसी सीट से लोकसभा चुनाव लड़ाने की अटकलें थीं।

जानकारों का मानना है कि नीतीश की वापसी में इस तरह के खतरे टलने के साथ कुर्मी वोट बैंक में सेंधमारी का संकट भी खत्म हो गया है।

बिहार के बदले समीकरण से कुर्मी के साथ पूर्वांचल के भूमिहार समाज के वोट बैंक में भी पार्टी को फायदा होने की उम्मीद है।

### एनडीए और मजबूत का हुआ : अनुप्रिया

अपना दल (एस) की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने बिहार में फिर से राजग के साथ सरकार बनाने के लिए नीतीश कुमार को बधाई दी है। फेसबुक पर अनुप्रिया ने कहा कि जदयू की वापसी से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राजग और मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में गरीबों-वंचितों के हक की सामाजिक न्याय की राजनीति की रफ्तार और तेज होगी। कहा कि नीतीश का राजग में आना साबित करता है कि सपा, कांग्रेस जैसे दल सामाजिक न्याय की महज सियासी जुगाली करते हैं।

### भावी पीएम को सीएम के पद तक कर दिया सीमित : अखिलेश

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को एक्स के माध्यम से बिहार के घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ये भाजपा का लोकसभा चुनाव हारने की आशंका से पैदा हुई हताशा का नतीजा है, जिसने साजिश करके एक भावी प्रधानमंत्री को अपने साथ मिलाकर मुख्यमंत्री के पद तक ही सीमित कर दिया।

भाजपा ने बिहार की जनता का अपमान किया है और जनमत का भी। जनता इस अपमान का जवाब भाजपा गठबंधन को लोकसभा का चुनाव हराकर देगी। बिहार का हर निवासी अगला वोट बिहार के सम्मान को बचाने और भाजपा को हराने के लिए डालेगा।

## रामलला के दरबार में सातवें दिन भी भीड़ उमड़ी, श्रद्धालुओं के लिए बनाई गई फास्ट ट्रैक लेन

**अयोध्या , एजेंसी।** रामलला के दरबार में लगातार सातवें दिन भी भक्तों की भीड़ उमड़ी है। दर्शन पूजन के लिए भक्त सुबह से ही राम मंदिर में कतारबद्ध हैं। वहीं, भीड़ नियंत्रण के लिए प्रशासन ने सोमवार से नई व्यवस्था लागू की है। प्रशासन की ओर से राम जन्मभूमि पथ पर फास्ट ट्रैक लेन बनाई गई है।




जो श्रद्धालु बैग, जूता, चप्पल व मोबाइल छोड़कर खाली हाथ आएंगे, उन्हें इस लेन से राम मंदिर परिसर भेजा जाएगा। वे सीधे राम मंदिर के सिंह द्वार तक पहुंच सकेंगे। इस लेन पर फास्ट ट्रैक लेन का संकेतक भी लगा दिया गया है। अभी जो श्रद्धालु बैग आदि लेकर आ रहे हैं, उन्हें पहले तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र में सामान की जांच कराकर जमा करना होता है। फिर उन्हें तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र के बगल के रास्ते से राम जन्मभूमि परिसर भेजा जा रहा है। दूसरी तरफ सातवें दिन भी श्रद्धालु सुगमता पूर्वक रामलला के दरबार में हाजिरी लग रहे हैं। 11:00 बजे तक 30 हजार से अधिक भक्त बालक राम के दर्शन कर चुके हैं।



## केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले बोले, अब इंडिया गठबंधन में सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही बचेगी

**लखनऊ , एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने नीतीश कुमार के राजग में शामिल होने पर कहा कि वह विपक्षी गठबंधन इंडिया का सबसे प्रमुख चेहरा थे। उन्होंने गठबंधन छोड़ दिया। वह आते जाते रहते हैं पर इस बार उन्होंने राजग में शामिल होकर सही निर्णय लिया है। इंडिया में अब सिर्फ कांग्रेस ही बचेगी।

उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने भी पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने का एलान किया है। आम आदमी पार्टी ने भी पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि अब इंडिया गठबंधन में अकेले कांग्रेस की ही बचेगी। 2024 के चुनाव में कांग्रेस की 30 सीटें ही जीत पाएगी।

**आठवले बोले, मायावती को बनें आरपीआई की अध्यक्षः** आठवले ने कहा कि मायावती को रिपब्लिकन पार्टी का आफ इंडिया का अध्यक्ष पद स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने यूपी में भाजपा गठबंधन के तहत दो लोकसभा सीटों की मांग की हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए वह भाजपा के शीर्ष नेताओं से बात करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता सुधीर कुलकर्णी ने संविधान निर्माण में बाबा साहेब के योगदान को कमतर बताया है, जो कि अनुचित है। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए।

### हाई वोल्टेज ड्रामाः आरोपी राशिद के पास कहां से आए तमंचे, जांच शुरू, कई थानों की पुलिस के छुड़ाए थे पसीने

**मेरठ , एजेंसी।** मेरठ में कई थानों की पुलिस के पसीने छुड़ाने वाले राशिद के पास तमंचे कहां से आए? पुलिस इसकी भी जांच करेगी। तमंचों के बारे में पुलिस ने उससे पूछताछ की। उसने कुछ लोगों के नाम बताए हैं। उनकी तलाश में पुलिस जुट गई है। राशिद को रविवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जानलेवा हमले के मामले में शनिवार को देहली गेट पुलिस सराय लालदास में राशिद को गिरफ्तार करने पहुंची थी। पुलिस के सामने आरोपी ने जमकर हंगामा किया था। उसने एक पुलिसकर्मी का गिरेबान पकड़कर उस पर तमंचा तान दिया था। राशिद ने अपने साथी को छोड़ने की मांग की। इससे पहले आरोपी ने हवाई फायरिंग भी की थी। बाद में खुद की कनपटी पर तमंचा रख पुलिस को आत्महत्या की धमकी दी। इस दौरान उसने पुलिसकर्मी पर अवैध वसूली का भी आरोप लगाया था। सूचना मिलने पर कई थानों की फोर्स पहुंची थी। करीब एक घंटे चले हंगामे के बाद किसी तरह तमंचा छीनकर बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

## सर्विलांस से बचने के लिए घर पर मोबाइल रखते थे बदमाश, एटीएस की पूछताछ में जाली नोट के तस्करों ने उगले सच

**वाराणसी , एजेंसी।** एटीएस की गिरफ्त आए जाली नोट की तस्करी गिरोह के सदस्य पुलिस के सर्विलांस से बचने के लिए घर पर मोबाइल ऑन कर तस्करी के लिए निकलते थे।

पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपने गिरोह के दो और सदस्यों के नाम बताए हैं। पकड़े गए गिरोह के दो सदस्य इतने शातिर थे कि वे नकली नोट लेने से पहले बंगाल से व्हाट्स एप पर मंगाते थे और फिर सैंपल का असली नोट से मिलान करते थे। पूरी तरह संतुष्ट होने के बाद ही वे तस्करी के लिए जाली नोट लेने जाते थे।

एटीएस की पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि पश्चिम बंगाल और प्रतापगढ़ के दूसरे तस्कर से भी केवल इंटरनेट कॉलिंग के जरिये ही संपर्क करते थे। गिरफ्तार दीपक और चंदन ने बताया कि प्रतापगढ़ के ही अच्छेलाल चौरसिया और पश्चिम बंगाल में इंद्रजीत मंडल के पास गया था। वहां उसने नकली नोट का सैंपल देखा।

फिर इंद्रजीत मंडल के मोबाइल से दीपक के मोबइल नर व्हाट्सएप मैसेज किया। साथ ही 500 रुपये के जाली नोट का सैंपल भेजा। पूरी तरह संतुष्ट होने के बाद ही पश्चिम बंगाल के लिए रवाना हुए थे।

एटीएस ने 97500 रुपये के जाली नोट के साथ प्रतापगढ़ के बरहुआ भोजपुर (मांधाता) निवासी दीपक कुमार और आसी बाबू पट्टी (रानीगंज) चंदन कौशिक को गिरफ्तार किया था। उनसे पूछताछ में प्रतापगढ़ के माधोपुर महेशपुर (लालगंज) निवासी अक्षय लाल चौरसिया और पश्चिम बंगाल के मालदा के कालियाचक निवासी इंद्रजीत मंडल नामक बड़े तस्करों का नाम भी सामने आया है।

### व्हाट्सएप के जरिये तस्करों से करते थे संपर्क

पूछताछ में दीपक ने बताया कि चंदन कौशिक के कहने पर उसने अपना मोबाइल फोन घर पर चालू हालत में छोड़ दिया था। ताकि पुलिस को शक भी हो तो वे पकड़े नहीं जा सकें। चंदन के मोबाइल फोन से व्हाट्सएप कॉलिंग के जरिये ही तस्करों से संपर्क में बने हुए थे। अपना मोबाइल चालू हाल में छोड़कर पश्चिम बंगाल गया। वहां से जाली नोट लेने के बाद चंदन हवाई जहाज से अयोध्या होते हुए घर गया। दीपक के घर से उसका फोन लिया। वाराणसी में रोडवेज के सामने दीपक को उसका फोन दिया।

## काशी में जलशक्ति मंत्री ने लाभार्थियों से किया संवाद, बोले- हर घर होगी नल की टोटी

**वाराणसी , एजेंसी।** प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आराजीलाइन ब्लॉक के सांसद आदर्श ग्राम पंचायत परमपुर में फीता काटकर हर घर नल योजना की शुरुआत की। इसके बाद पेयजल योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनकर लाभार्थियों के साथ संवाद किया।



उन्होंने पंप संचालन के लिए कर्मियों से संवाद कर उनका हौसला बढ़ाया। इस दौरान ग्रामीणों से मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना था कि हर व्यक्ति के घर टोटी से शुद्ध पानी पहुंचे। आज वह सपना साकार हो रहा है। इसी साल प्रदेश के प्रत्येक घरों में नल की टोटी पहुंच जाएगी। अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण राजीव कुमार ने बताया कि गांव में 568 परिवार को लाभान्वित किया जाना है। इनमें 278 परिवार को योजना का लाभ मिल चुका है। बाकी परिवार के घर तक पाइपलाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी की ओर से सड़क बनाने से दिक्कत आ रही है। पुलिया डालने के बाद बचे हुए परिवार को इस योजना से जोड़ दिया जाएगा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, खंड विकास अधिकारी विजय कुमार जायसवाल, ग्राम प्रधान राहुल आदि मौजूद रहे।

## अयोध्या में सीएम योगी ने किए रामलला के दर्शन

**अयोध्या , एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंच गए हैं। यहां से वह सड़क मार्ग से हनुमानगढ़ी के लिए रवाना हुए और हनुमंत लला के दर्शन करने के बाद सीएम योगी ने राम जन्मभूमि पहुंचकर रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। इसके बाद वह बड़ी संख्या में आ रहे श्रद्धालुओं की सुगम दर्शन व्यवस्था का जायजा लेंगे।

मुख्यमंत्री की ओर से तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र का भी निरीक्षण किया जाएगा। मुख्यमंत्री के ही निर्देश पर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने ट्रस्ट से बातचीत कर इसे शुरू कराया है। निरीक्षण और भ्रमण के बाद मुख्यमंत्री राम मंदिर परिसर में एलएंडटी के सभाकक्ष में प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों व राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय समेत अन्य ट्रस्टियों के साथ बैठक करेंगे।

## पत्नी ने दांतों से काटा पति का गुप्तांग...कानपुर रेफर, अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने से थी नाराज

**हमीरपुर , एजेंसी।** हमीरपुर जिले में सदर कोतवाली क्षेत्र के टिकरौली गांव में अप्राकृतिक यौन संबंध बनाए जाने जाने से नाराज़ पत्नी ने मुंह से पति का गुप्तांग काट लहुलुहान कर दिया। जिसे गंभीर हालत में परिजनों ने शुक्रवार को रात को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उसे शनिवार को कानपुर रेफर किया गया। वहीं, पति की करतूत से नाराज पत्नी ने रविवार को कलक्ट्रेट पहुंचकर हंगामा किया, जिसे पुलिस ने शांत कराकर उसका मेडिकल परीक्षण कराया है। टिकरौली गांव निवासी रामू निषाद ( 35) शुक्रवार रात करीब 2.15 बजे घायल अवस्था में अपनी मां के साथ जिला अस्पताल पहुंचा। यहां डॉक्टरों से अपने गुप्तांग में चोट होने की बात कही। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक डॉ. एके सिंह ने उसे लहुलुहान हालत में उसका प्राथमिक उपचार किया। रामू ने डाक्टरों को भ्रमित करते हुए चोट लगने का गलत कारण बताया। वहीं साथ में मौजूद मां ने चिकित्सक को पत्नी द्वारा गुप्तांग में दांत से काटने की बात कही।

**पत्नी ने जमीन पर लेटकर किया हंगामाः** शनिवार सुबह घायल को चिकित्सकों ने कानपुर रेफर कर दिया। वहीं, रविवार को कलक्ट्रेट परिसर में पहुंची घायल की पत्नी ने जमीन पर लेटकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने महिला को समझा बुझाकर उसे डाक्टरी परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा।

**अप्राकृतिक यौन संबंध बनाता था पतिः** यहां पीड़िता ने डॉक्टर को आपबीती बताई। डॉ. एके सिंह ने बताया कि महिला से प्राप्त जानकारी के अनुसार रामू अप्राकृतिक यौन संबंध बनाता था। घटना के समय गुप्तांग मुंह में होने के दौरान पत्नी का बेहोश हो गई और उसके जबड़े आपस में बंध गए। इससे पति चिल्लाने लगा।

**पति-पत्नी के विवाद का मामला सामने आया थाः** उसकी आवाज सुन बच्चे मौके पर पहुंचे और महिला का जबड़ा दबाकर उससे अलग किया। इससे पति के गुप्तांग से रक्त का स्राव होने लगा। शहर कोतवाल अनूप सिंह ने बताया कि पति-पत्नी के विवाद का मामला सामने आया था। महिला द्वारा लगाए गए मारपीट की बात पर उसका डॉक्टरी परीक्षण कराया गया। दोनों पक्षों को समझाकर भेज दिया गया है। चिकित्सक एके सिंह के अनुसार जो पुरूष अप्राकृतिक यौन संबंध बनाते हैं। सेक्सुअल परिवर्जन के मरीज होते हैं।

# काशी में खिली धूप तो सर्दी से मिली राहत

**वाराणसी, एजेंसी।** काशी में सोमवार की सुबह धूप खिलने से लोगों के चेहरे पर मुस्कान आई लेकिन, गलन के कारण कुछ लोग गर्म कपड़ों में लिपटे दिखे। वहीं धूप से राहत मिलने पर कुछ लोगों के जैकेट उतरने लगे। मौसम विभाग के अनुसार अभी दो दिनों तक ठंड से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। वहीं अन्य दिनों की तुलना में आज घाटों से लेकर बाजारों तक चहल- पहल रहेगी।

पश्चिमी विक्षोभ के कारण सोमवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। दिन चढ़ने के साथ धूप तो खिली, लेकिन ठंड और गलन से मामूली राहत मिली।

उधर, धूप खिलने के बाद लोग छतों पर कपड़े सुखाने व धूप सेकने के लिए पहुंचे। वहीं कई घरों की छतों पर बच्चे पतंग उड़ाते दिखे। साथ ही धूप खिलने के बाद बाजार व सड़कों पर भी चहल-पहल दिखने लगी।



काशी में धूप का आनंद लेने के लिए लोग घाटों पर पहुंचे। यहां नौकायन का लुत्फ उठाते हुए लोग मैगी और चाय की चुस्की भी लेते हुए देखे गए। कई दिनों से खराब मौसम के बाद धुप निकली तो लोगों ने सेल्फी भी जमकर ली।

मौसम विज्ञानी प्रो. एसएन पांडेय ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण गलन बढ़ी है। इस वजह से कुछ इलाकों में बरसात की आशंका है। आने वाले दिनों में धूप निकलेगी, लेकिन तेज हवा के कारण गलन बरकरार रहेगी।

शनिवार देर रात से हवा की रफ्तार तेज हो गई थी, जिससे रविवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। आईएमडी की वेबसाइट के अनुसार अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से दो डिग्री कम था। वहीं न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से एक डिग्री कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार तीन फरवरी तक कोहरा बने रहने के आसार हैं।

### खाकी से दोस्तीः लैपर्ड बाइक से युवकों ने की गश्त, सिपाहियों ने दोस्तों को थमा दी थी सरकारी गाड़ी

**अमरोहा , एजेंसी।** अमरोहा में पुलिस कर्मियों को मुहैया कराई गई लैपर्ड बाइक का इस्तेमाल गलत तरीके से किया जा रहा है। दरअसल, दो सिपाहियों ने दोस्ती निभाने के लिए लैपर्ड बाइक दो युवकों को दे दी। इसके बाद दोनों युवकों ने उससे सवारी की। किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

मामला संज्ञान में आने पर सीओ ने इसकी जांच इंस्पेक्टर को सौंपी है। यह मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शाही चबूतरा का है। रात करीब 10 बजे पुलिस कर्मियों की लैपर्ड बाइक एक दुकान के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान दो युवक वहां पहुंचे तथा बाइक को स्टार्ट कर चले गए।

किसी ने इसकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। बताया जा रहा है कि लैपर्ड पर तैनात दो सिपाहियों की बाइक सवार दो युवकों से दोस्ती है। दोनों सिपाहियों ने दोस्ताना निभाने के लिए उन्हें बाइक दे दी थी। यह प्रकरण सामने आते ही सीओ सिटी अरुण कुमार ने जांच बैठा दी है।

उन्होंने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप को जांच सौंपते हुए रिपोर्ट देने का निर्देश दिये हैं। सीओ ने बताया कि यह नियम विरुद्ध है। सरकारी वाहन किसी प्राइवेट व्यक्ति को नहीं दिया जा सकता। जांच रिपोर्ट मिलने पर आरोपी सिपाहियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्नाटक में कांग्रेस आने वाले लोकसभा चुनाव में 15 से 20 सीटें जीतेगी-सिद्धारमैया

**बेंगलुरु, एजेंसी** बिहार की सियात में भारी उठापटक के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने लोकसभा 2024 को लेकर एक भविष्यवाणी की है। सिद्धारमैया ने रविवार को कहा कर्नाटक में कांग्रेस आने वाले लोकसभा चुनाव में 15 से 20 सीटें जीतेगी। कर्नाटक में लोकसभा की कुल 28 सीटें हैं। सिद्धरमैया ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में लगभग 20 सीटें जीतेगी। हम भाजपा की तरह झूठ नहीं बोलते हैं, जो राज्य की सभी 28 सीटें जीतने का दावा कर रही है। हमें लगता है कि हम 15 से 20 सीटें जीत सकते हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हमने कुछ सर्वेक्षण कराये हैं। भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में कर्नाटक में 25 सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि भाजपा समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी (मांड्या से सुमलता अंबरीश) ने एक सीट जीती। कांग्रेस और जनता दल (सेक्युलर) ने एक-एक सीट जीती थी। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस और जद (एस) गठबंधन में थे, जबकि इस बार जद (एस) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के साथ गठजोड़ किया है।

सिद्धरमैया ने यह जिक्र किया कि अब से पहले जब वह मुख्यमंत्री थे तो सामाजिक-आर्थिक और शिक्षा सर्वेक्षण रिपोर्ट, जिसे जाति आधारित गणना के रूप में जाना जाता है, तैयार नहीं थी। उन्होंने कहा कि इसके बाद एचडी कुमारस्वामी नीत गठबंधन सरकार बनी, लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में कुमारस्वामी ने रिपोर्ट स्वीकार नहीं की। फिर सत्ता में आई भाजपा ने भी इसे स्वीकार नहीं किया। अब अगर रिपोर्ट सौंपी जाएगी तो सिद्धारमैया सरकार इसे स्वीकार करेगी।

### कवर्धा पहुंच कर मृतक गौ सेवक साधाराम के घर जमीन पर बैठ गए धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

**रायपुर , एजेंसी** छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का तीन दिवसीय कथा वाचन हुआ, उसके बाद वह कवर्धा जिले में 30 जनवरी तक कथा वाचन करने पहुंचे हुए हैं। इस दौरान 28 जनवरी की शाम कथा संपन्न करने के बाद पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री मृतक गौ सेवक साधाराम के घर पहुंच गए। जहां वह जमीन में बैठकर मृतक के बेटे और उसकी पत्नी से घटना के बारे में चर्चा करने लगे। बता दे कि बीते 21 जनवरी को कवर्धा जिले में साधाराम की कुछ बदमाशों ने हत्या कर दी थी। इसके बाद मामला बेहद ही गर्म रहा, ग्रामीण और स्थानीय लोगों के विरोध प्रदर्शन के बाद छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें से मुख्य आरोपी अयाज खान के घर प्रशासन का बुलडोजर चला। वही परिवार अब आरोपियों की फांसी की मांग कर रहा है। रविवार की रात बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री कवर्धा में कथा वाचन के बाद मृतक गौ सेवक के घर पहुंच गए। जहां उसके बेटे और पत्नी के साथ जमीन पर बैठकर इस पूरी घटना के बारे में जानकारी ली है। इसके साथ ही पंडित शास्त्री ने 5 लाख रुपए का चेक देते हुए आर्थिक सहायता भी की है। शास्त्री ने कहा कि वह अपने सभी समर्थकों और हमारी कथा को सुनाने आए सभी लोगों से साधाराम के परिवार के लोगों के लिए जो हो सकता है वह आर्थिक मदद करने की गुजारिश करेंगे। इसके बाद धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री कवर्धा स्थित हनुमान मंदिर पहुंचकर वहां पूजा अर्चना की है। आगामी 30 जनवरी तक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की कथा कवर्धा जिले में होनी है, जिसको सुनने के लिए सैकड़ो की संख्या में लोग कवर्धा पहुंच रहे हैं।

### दिग्गजों के लोकसभा चुनाव लड़ने पर बयानबाजी शुरू

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में सत्ता से बाहर हुई कांग्रेस पार्टी अब लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक कर तैयारी में जुटी है। इस बीच लोकसभा चुनाव में सबसे पहले भुपेश बघेल के चुनाव लड़ने की चर्चा के बाद अब प्रदेश में दिग्गजों के चुनाव पर चर्चा तेज हो गई है। वहीं आज की बैठक के बाद भूपेश बघेल का चुनाव लड़ने की बात से इंकार करने पर भाजपा ने तंज कसते हुए बघेल से चुटकी ली है। बतादें की कल यानी शुक्रवार को कांग्रेस भवन में हुई बैठक में पूर्व मंत्री अकबर ने भूपेश बघेल का राजनांदगांव लोकसभा सीट? से चुनाव लड़ने का प्रस्ताव रखा था। इसके बात से ही प्रदेश में भूपेश बघेल के लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चा तेज हुई थी। इस बीच आज यानी शनिवार को हुई प्रभारियों के साथ बैठक के बाद भूपेश बघेल ने चुनाव लड़ने की बात से इंकार कर दिया है। बघेल ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि अगर प्रदेश में सभी दिग्गज लोकसभा का चुनब लड़ते हैं तो मुझे चुनाव लड़ने से कोई ऐतराज नहीं है। सभी दिग्गज के साथ मै भी चुनाव लड़ने को तैयार हूं?। लेकिन मै लोकसभा चुनाव नहीं लडूंगा। इस बीच? भारतीय जनता पार्टी ने भूपेश के इस बयान के बाद जोरदार चुटकी? ली है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गुप्ता ने कहा कि भाजपा शुरू से कहती आ रही है कि अब कांग्रेस के पास लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए कोई नेता नहीं है। कल पूर्व मंत्री मो. अकबर ने पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के लोकसभा चुनाव लड़ने की बात कही थी, लेकिन आज खुद भूपेश बघेल ने इसका खंडन कर दिया कि वह चुनाव नहीं लड़ेंगे। कांग्रेस छत्तीसगढ़ की एक लोकसभा सीट भी जीतने की स्थिति में नहीं दिख रही है।

---

ट्रेन के संचालन से हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून सहित गढ़वाल व कुमाउं क्षेत्र के रामभक्तों को सहूलियत होगी

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार से अयोध्या आस्था स्पेशल ट्रेन का किया फ्लैग ऑफ

सुनील तिवारी



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को हरिद्वार रेलवे स्टेशन से अयोध्या जाने वाली आस्था स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन से 1504 श्रद्धालु प्रथम रवानगी में अयोध्या पहुँचेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हरिद्वार से अयोध्या के मध्य आस्था स्पेशल ट्रेन के संचालन की शुभकामनाएं देते हुए ट्रेन के संचालन पर प्रधानमंत्री और रेल मंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ट्रेन के संचालन से हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून सहित गढ़वाल व कुमाउं क्षेत्र के रामभक्तों को सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के लिए हम सभी ने कितना संघर्ष किया, अब हमें उस संघर्ष का प्रतिफल प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व वाली सरकार में मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राम मंदिर के लिए चलाए गए आंदोलन में अर्पण भी था, तर्पण भी था, संघर्ष भी था, संकल्प भी था। उन्होंने कहा कि जिनके त्याग, बलिदान और संघर्ष से वर्षों पुराना ये स्वप्न साकार हुआ, जिनकी तपस्या राममंदिर में नींव की भांति जुड़ी हुई है, मैं उन सभी लोगों को नमन करता हूँ, उनका वंदन करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत ने भगवान भास्कर के सानिध्य में सरयू के किनारे एक स्वर्णिम अध्याय रचा है। अब सदियों का इंतजार समाप्त हो गया है और हर कोई अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शन करने को लालायित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब मैं स्टेशन में प्रवेश कर रहा था तो रामभक्तों के चेहरों पर जो भाव देख रहा था, उन्हें शब्दों में बयां करना संभव नहीं है। सभी रामभक्त वर्षों पुराने स्वप्न को सच होते देखने के लिए अयोध्या जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीराम का मंदिर हमारी संस्कृति का आधुनिक प्रतीक बनेगा, हमारी शाश्वत आस्था का प्रतीक बनेगा, हमारी राष्ट्रीय भावना का प्रतीक बनेगा और ये मंदिर करोड़ों-करोड़ लोगों की सामूहिक संकल्प शक्ति का भी प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर आने वाली पीढ़ियों को आस्था, श्रद्धा, और संकल्प की प्रेरणा देता रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम उत्तराखंड को भगवान श्रीराम के आशीर्वाद से देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए कृतसंकल्पित हैं। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपने विकल्प रहित संकल्प के मंत्र को लेकर निरंतर आगे बढ़ रहे हैं और इस लक्ष्य में हमें आप सभी का सहयोग व समर्थन चाहिए। इस अवसर पर महानिर्वाणी के सचिव रविन्द्र पुरी, महामण्डलेश्वर रूपेन्द्र प्रकाश, पदम जी, पूर्व कैबिनेट मंत्री व नगर विधायक मदन कौशिक, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, जिला महामंत्री विकास तिवारी, जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोभाल, एडीएम(प्रशासन) पी0एल0 शाह, डीआरएम राजकुमार, एसडीएम अजय वीर सिंह, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह, एसपी रेलवे सरिता डोबाल, नितिन गौतम, उज्ज्वल पण्डित, जगदीश लाल पाहवा सहित सम्बन्धित पदाधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

---

# सूबे में खेलों का बनेगा संयुक्त कैलेंडर : डॉ. धन सिंह रावत

- महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी गठित
- एक माह में शासन को सौंपेंगे खेल कैलेंडर का प्रारूप

विशेष संवाददाता



**देहरादून।** सूबे के शिक्षण संस्थानों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने एवं शैक्षिक कार्य दिवस में वृद्धि के लिये शिक्षा, उच्च शिक्षा तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग संयुक्त रूप से वार्षिक खेल कैलेंडर तैयार करेंगे। इसके लिये महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा की अध्यक्षता में एक पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है, जो एक माह के भीतर वार्षिक खेल कैलेंडर का प्रारूप तैयार शासन को उपलब्ध करायेगी। शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत की अध्यक्षता में आज उनके शासकीय आवास पर शिक्षा, उच्च शिक्षा तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संयुक्त बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तीनों विभाग मिलकर खेलों का वार्षिक कैलेंडर तैयार करेंगे। जिसमे इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि खेल गतिविधियों में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में कोई व्यवधान न आये तथा इच्छुक छात्र-छात्राएं खेल गतिविधियों में भी प्रतिभाग कर सकें। डॉ रावत ने बताया कि वार्षिक संयुक्त खेल कैलेंडर तैयार करने के लिए महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा बंशीधर तिवारी की अध्यक्षता में तीनों विभागों की एक संयुक्त समिति का गठन किया गया है जिसमें निदेशक उच्च शिक्षा, निदेशक विद्यालयी शिक्षा, निदेशक खेल एवं युवा कल्याण को बतौर सदस्य नामित किया गया है। संयुक्त समिति एक माह के भीतर वार्षिक खेल कैलेंडर का प्रारूप तैयार कर शासन को उपलब्ध कराएगी। जिसके परीक्षण के उपरांत राज्य में लागू कर दिया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने बताया कि वर्तमान में तीनों विभागों का अलग-अलग खेल कैलेंडर लागू होने के कारण छात्र छात्राओं की पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न होता है जबकि एनईपी-2020 के प्रावधानों के तहत प्रत्येक छात्र-छात्राओं की उपस्थिति 220 दिन होनी आवश्यक है। जिसको लागू करने के लिए तीनो विभागों का संयुक्त खेल कैलेंडर तैयार करना अनिवार्य हो गया है। बैठक में सूबे के सभी 95 विकासखंडों में खेल मैदान व मिनी स्टेडियम बनाये जाने का भी निर्णय लिया गया जिसके लिए धनराशि राज्य का खेल एवं युवा कल्याण विभाग उपलब्ध कराएगा तथा भविष्य में स्टेडियम के रख रखाव एवं विभिन्न खेलों के कोच की व्यवस्था भी खेल विभाग के द्वारा ही की जायेगी। खेल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अभी तक राज्य में 27 मिनी स्टेडियम व खेल मैदान की स्वीकृति के साथ ही निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इसके अलावा बैठक में विभागीय मंत्री द्वारा खेल विभाग को शिक्षा विभाग के आवासीय विद्यालय में भी कोच उपलब्ध करने के लिए कहा गया। बैठक में विशेष सचिव खेल एवं युवा कल्याण अमित सिन्हा, सचिव उच्च शिक्षा शैलेश बगोली, अपर सचिव आशीष श्रीवास्तव, महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा बंशीधर तिवारी, निदेशक विद्यालयी शिक्षा महावीर सिंह बिष्ट, उप सचिव उच्च शिक्षा व्योमकेश दुबे, संयुक्त निदेशक युवा कल्याण अजय अग्रवाल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बच्चे सुरक्षित नहीं ! 6 साल में 96 फीसदी बढ़े दुष्कर्म के मामले

**नईदिल्ली, एजेंसी**

पिछले छह साल में बच्चों से दुष्कर्म के मामले 96 फीसदी से अधिक बढ़ गए। बाल अधिकारी एनजीओ चाइल्ड राइट्स एंड यू ने यह रिपोर्ट जारी की है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के डाटा विश्लेषण के आधार पर जारी रिपोर्ट में बताया गया कि 2016 से 2022 के बीच बच्चों से दुष्कर्म और हमले के मामलों में लगातार वृद्धि हुई है। इसमें सिर्फ 2020 में कम मामलों देखने को मिले, लेकिन अन्य वर्षों में लगातार मामले बढ़े हैं।

सीआरवाई के निदेशक सुभेंदु भट्टाचार्जी ने कहा कि लोगों में जागरूकता के कारण बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों के मामलों की रिपोर्टिंग बढ़ी हैं। वहीं हेल्पलाइनों, ऑनलाइन पोर्टलों और विशेष एजेंसियों के माध्यम से भी इन अपराधों को सामने लाने में सक्षम रहे हैं। क्राई विश्लेषण से पता चलता है कि 2020 को छोड़कर 2016 के बाद से इन दुष्कर्म की घटनाओं में लगातार वृद्धि हुई है।

एक साल में 6.9 फीसदी की वृद्धि

रिपोर्ट के अनुसार, पिछले छह साल में दुष्कर्म और उसकी कोशिश से जुड़े अपराधों की जांच में कुल वृद्धि 96.8 फीसदी रही। इसमें 2021 और 2022 के बीच एक साल में ऐसे मामलों में 6.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसमें 2016 में जहां कुल 19500 से अधिक मामले सामने आए थे, वहीं 2022 में बढ़कर 39 हजार हो गए। भट्टाचार्जी ने कहा कि बाल यौन शोषण जैसे संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा करने से समाज में चुप्पी की संस्कृति को तोड़ने में योगदान दिया है।

# मराठाओं को आरक्षण देने पर सत्ताधारी गठबंधन में ही मच गई रार, फिर आंदोलन का ऐलान



**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र में मराठा समुदाय को दिए गए आरक्षण को लेकर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में मतभेद नजर आने लगे हैं। केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने मराठा समुदाय को दिए जाने वाले आरक्षण पर नाराजगी जताई है। उन्होंने राज्य सरकार के रुख पर सवाल उठाते हुए अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने बताया कि वह सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपना रुख स्पष्ट करेंगे। राणे ने इस पोस्ट में कहा, मैं मराठा समुदाय के आरक्षण के संबंध में राज्य सरकार के फैसले और दिए गए आश्वासन से सहमत नहीं हूं। इससे राज्य में असंतोष फैल सकता है क्योंकि यह ऐतिहासिक परंपराओं वाले मराठा समुदाय और अन्य पिछड़े समुदायों पर अतक्रिमण होगा। सोमवार को मैं प्रेस कॉन्फ्रेंस करूंगा और इस बारे में विस्तार से बात करूंगा।

महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) नेता छगन भुजबल भी मराठा आरक्षण पर राज्य सरकार के फैसले से नाराज हैं। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ 1 फरवरी को विधायकों, सांसदों और तहसीलदारों के आवासों के बाहर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। भुजबल ने अपने आधिकारिक आवास पर एक बैठक की, जिसमें ओबीसी विधायकों, नेताओं और अन्य लोगों ने हिस्सा लिया। भुजबल ने कहा कि इस बैठक में 26 जनवरी को मुख्यमंत्री की ओर से प्रस्तावित मसौदे को रद्द करने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। मुख्यमंत्री के मसौदे में मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे की मांगों को स्वीकार कर लिया गया था।

छगन भुजबल ने कहा, हम राज्य सरकार के मौजूदा फैसले के खिलाफ विरोध दर्ज कराने के लिए विधायकों, सांसदों और तहसीलदारों के आवासों के बाहर इकट्ठा होंगे। इस फैसले के जरिए मराठा समुदाय को आरक्षण लाभ देने के लिए अवैध तरीका अपनाया जा रहा है। हम इस तरह के फैसलों के खिलाफ ओबीसी को एकजुट करने के लिए मराठवाड़ा से एल्गार रैली भी निकालेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में ओबीसी को मूर्ख बनाने के लिए कदम उठाए गए हैं।

# 30 जनवरी से लेकर 3 फरवरी तक समूचे हिमाचल में बारिश व बर्फबारी की संभावना

**शिमला , एजेंसी**

हिमाचल प्रदेश में अभी तक बहुत कम बर्फबारी हुई है। शिमला और मनाली में सर्दियों के इस मौसम में एक बार भी बर्फबारी नहीं हुई। शिमला शहर में तो पिछले करीब दो वर्षों से बर्फ नहीं गिरी है। बारिश-बर्फबारी न होने से किसान मायूस हैं तो वहीं पर्यटकों के चेहरे भी उतरे हुए हैं। ऐसे में एक राहत भरी खबर है। मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश में मौसम करवट बदलने वाला है। मौसम विभाग ने अगले छह दिनों का मौसम पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग ने पांच दिन तक कई जिलों में बारिश-बर्फबारी की संभावना जताई है, तो कई जिलों के लिए अलर्ट भी जारी किया गया है। इससे प्रदेश भर में शीतलहर का प्रकोप और तेज होगा। मौसम विभाग ने 30 जनवरी से लेकर 3 फरवरी तक समूचे प्रदेश में बारिश व बर्फबारी की संभावना व्यक्त की है। राज्य के चार जिलों चम्बा, कुल्लू, लाहौल-स्पीति और किन्नौर में 31 जनवरी को भारी बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान शिमला शहर में भी बर्फबारी के एक व दो स्पेल होने की प्रबल संभावना जताई है। मौसम विभाग ने बर्फबारी से परिवहन, बिजली व पेयजल की आपूर्ति बाधित होने की आशंका से शासन-प्रशासन को आगाह किया है।

मौसम विभाग का पूर्वानुमान अगर सटीक बैठा तो आगामी दिन राज्य के पर्वतीय इलाके बर्फबारी से ढके नजर आएंगे। इससे सुस्त पड़ी टूरिज्म इंडस्ट्री को बूम मिलेगा। बादलों के बरसने से साथ ही सूखे की मार झेल रहे प्रदेश वासियों को राहत मिलेगी। फसलों व फलों के लिए बारिश-बर्फबारी संजीवनी साबित होगी।

बता दें कि राज्य में पिछले करीब दो माह से शुष्क मौसम का दौर चल रहा है। जनवरी के महीने में सामान्य से 99 फीसदी कम बारिश-बर्फबारी हुई है। सूबे में यह स्थिति लगभग 58 वर्षों बाद पैदा हुई है। इससे पहले वर्ष 1966 में जनवरी में सामान्य से 99.5 फीसदी कम बारिश-बर्फबारी हुई थी। हिमाचल में बीते 24 घंटों के दौरान सर्दी के तीखे तेवरों में अब थोड़ी नरमी आई और कोहरे व सर्द हवाओं से आंशिक रूप से राहत मिली। इस दौरान न्यूनतम तापमान में 1.2 डिग्री का उछाल रहा, जिससे अति शीत लहर से निजात मिली।

# भारतीय सेना में बदले फिटनेस के नियम, अब मोटापे के शिकार सैनिकों की कट सकती हैं छुट्टियां

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारतीय सेना ने मोटापे या खराब जीवनशैली अपना रहे सैनिकों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की है। खबर है कि सेना में अब नई नीति लागू की गई है, जिसके तहत कई नई जांचों को शामिल किया गया है। खास बात है कि नए मानकों पर खरा नहीं उतरने वाले सैनिकों पहले सुधार के लिए 30 दिनों का भी समय दिया जाएगा और ऐसा नहीं होने पर छुट्टियों में कटौती जैसे कदम उठाए जा सकते हैं। नए नियमों के तहत हर कर्मी को एपीएसी यानी आर्मी फिजिकल फिटनेस असेसमेंट कार्ड भी तैयार रखना होगा। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि सभी कमानों में पत्र भेज दिया गया है। इनमें कहा गया है कि नई नीति का मकसद जांच की



प्रक्रिया में समानता लाना, शारीरिक रूप से अयोग्या या मोटापे का शिकार और जीवनशैली के चलते हो रही बीमारियों से निपटना है।

बैटल फिजिकल एफिशीएंसी टेस्ट और फिजिकल प्रोफीशिएंसी टेस्ट (पीपीटी) होता है। बीपीईटी के तहत एक शख्स को 5 किमी की दौड़, 60 मीटर की स्प्रिंट, रस्सी के बल ऊपर चढ़ना और तय समय में 9 फीट के गड्ढे को पार करना है। यहां समय उम्र के आधार पर तय किया जाता है। पीपीटी में 2.4 किमी की दौड़, 5 मीटर शटल, पुश अप्स, चिन अप्स, सिट अप्स और 100 मीटर की स्प्रिंट होती है। इसके अलावा कुछ स्थानों पर तैराकी जांच भी होती है। इन जांचों के नतीजों को एसीआर या एनुअल कॉन्फिडेंशियल रिपोर्ट में शामिल किया जाता है, जिसके जिम्मेदार कमांडिंग ऑफिसर यानी सीओ होते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, नए नियमों के तहत ब्रिगेडियर रैंक के अधिकारी दो कर्नल और एक मेडिकल अधिकारी के साथ मिलकर हर तीन महीनों में आंकलन करेंगे। सैनिकों को बीपीइटी और पीपीटी के अलावा कुछ और टेस्ट भी देने होंगे। इनमें 10 किमी का स्पीड मार्च और हर 6 महीनों में 32 किमी का रूट मार्च शामिल है।

# अरावली पहाड़ियों में धड़ल्ले से बन रहे होटल रिसोर्ट

**अरावली, एजेंसी**

अरावली पर्वत श्रृंखला की पहाड़ियों पर होटल और रिसोर्ट के निर्माण में तेजी आई है। इससे पारिस्थितिक संतुलन के बिगड़ने का खतरा पैदा होने लगा है। अब राजस्थान हाईकोर्ट के आदेश पर तैयार की जा रही नई हिल पॉलिसी ड्राफ्ट में इस मसले को शामिल किया जा रहा है। नई हिल पॉलिसी ड्राफ्ट में यह बिंदु शामिल किया जा रहा है कि अरावली श्रृंखला में पहाड़ियों पर नए होटल और रिसोर्ट के लिए लैंड कन्वर्जन नहीं किया जाए।

उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए )के अध्यक्ष राजेन्द्र भट्ट की अध्यक्षता में यहां आयोजित बैठक में फैसला लिया गया कि इस संबंध में संबंधित



ग्राम पंचायतों में भू-रूपांतरण प्रतिबंधित करने के निर्देश जारी करने के लिए राजस्व विभाग को पत्र लिखा जाएगा। भट्ट ने कहा कि अरावली पर्वत श्रृंखला में पहाड़ियों पर होटल एवं रिसोर्ट बनाने का चलन बढ़ा है जिससे पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंच रहा है। क्षेत्र का पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ने का खतरा पैदा होने लगा है।

नई हिल पॉलिसी में इस बात को गंभीरता से शामिल करते हुए अरावली क्षेत्र में पहाड़ियों पर होटल रिसोर्ट के लिए भूमि रूपांतरण प्रतिबंधित करने की आवश्यकता है। भट्ट ने कहा कि झीलें उदयपुर की लाइफलाइन है। पहाड़ियों की लगातार कटाई से झीलों का कैचमेंट एरिया प्रभावित हो रहा है, साथ ही झीलों में गिरने वाले छोटे-मोटे नदी-नाले विलुप्त होने के कगार पर हैं।

ऐसे नदी नालों को चन्हिति कर उन्हें पुनर्जीवित किया जाए। इन नदी नालों से जुड़ी पहाड़ियां को नो कन्स्ट्रक्शन जोन में रखा जाए ताकि पहाड़ियां को बचाया जा सके और झीलों में पानी की आवक बनी रहे। बैठक में ऐतिहासिक सज्जनगढ़ को केन्द्र मानकर 20 किलोमीटर एरिया में आने वाली पहाड़ियों का सर्वे का दायरा बढ़ाते हुए अब 30 किमी परिधि में आने वाली पहाड़ियों का सर्वे करने का निर्णय किया गया।

# 18.75 लाख श्रद्धालुओं ने किए श्रीरामलला के दर्शन

**अयोध्या, एजेंसी** श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन की कतार टूटने नहीं दी है। प्राण प्रतिष्ठा से लेकर अब तक 18.75 लाख से अधिक रामभक्तों ने नव्य-भव्य मंदिर में दर्शन-पूजन कर किया है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशानिर्देश पर गठित उच्चस्तरीय कमेटी की देखरेख में श्रद्धालुओं को सुगमता के साथ दर्शन-पूजन की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले दिन यानी 23 जनवरी को मंदिर के पट भक्तों के लिए खुले तो लाखों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। रोजाना दो लाख से अधिक रामभक्त श्रीरामलला के दरबार में सुगमता पूर्वक पहुंचकर दर्शन-पूजन कर रहे हैं। प्रशासन की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार अयोध्या नगर से लेकर मंदिर परिसर में दिनभर जय श्रीराम का जयघोष गूंज रहा है। देश-विदेश, विभिन्न राज्यों और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रीरामलला के दर्शन को पहुंच रहे हैं। रविवार को भी करीब 3.25 लाख श्रद्धालुओं ने श्रीरामलला के दर्शन किए।

# दूसरे टेस्ट से बाहर हो सकते हैं जडेजा



## हैदराबाद में हैमस्ट्रिंग इंजरी हुई, अगला मैच 2 फरवरी से, कुलदीप यादव पॉसिबल रिप्लेसमेंट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो सकते हैं। हैदराबाद में पहले टेस्ट के चौथे दिन उन्हें हैमस्ट्रिंग में खिंचाव महसूस हुआ। पैर का स्कैन कराने के बाद उनकी रिपोर्ट्स आना बाकी है। रिपोर्ट्स आने के बाद ही कन्फर्म हो पाएगा कि उनकी चोट कितनी गंभीर है। रिपोर्ट अनुसार, लम्बी सीरीज को ध्यान में रखते हुए जडेजा को दूसरे टेस्ट से आराम दिया जा सकता है। अगर वह बाहर बैठे तो कुलदीप यादव विशाखापट्टनम में उनकी जगह लेंगे।

**रन आउट होने के बाद दर्द में नजर आए जडेजा**

रवींद्र जडेजा हैदराबाद टेस्ट के चौथे दिन इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स के डायरेक्ट हिट से रन आउट हो गए। पवेलियन लौटने के दौरान उन्हें चलने में दिक्कतें हुईं। मैच खत्म होने के बाद जडेजा ने हैदराबाद में ही अपने पैर का स्कैन करवाया।

जडेजा की स्कैन रिपोर्ट मुंबई इंस्टिट्यूट भेजी गई है, जहां सारे प्लेयर्स की स्कैन रिपोर्ट भेजी जाती है। रिपोर्ट आने के बाद सोमवार शाम तक ही कन्फर्म हो जाएगा कि जडेजा एक टेस्ट से बाहर होंगे या पूरी सीरीज से। रवींद्र जडेजा दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में 2 रन बनाकर आउट हो गए थे। कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि उन्होंने अब तक टीम के फिजियो से जडेजा की इंजरी पर बात नहीं की है। फिजियो से बात करने के बाद ही जडेजा के खेलने पर फैसला लेंगे।

जडेजा की चोट गंभीर नहीं है, उन्हें हल्का खिंचाव महसूस हुआ है। अगर वह दूसरा टेस्ट नहीं खेल सके तो तीसरा मुकाबला खेल सकेंगे। दूसरा मैच 2 फरवरी से विशाखापट्टनम में और तीसरा मैच 15 फरवरी से राजकोट में खेला जाएगा। जडेजा ने पहले टेस्ट की पहली पारी में भारत के लिए सबसे ज्यादा 87 रन बनाए थे। उन्होंने मैच में कुल 5 विकेट भी झटके थे। अगर वह नहीं खेले तो टीम को बॉलिंग और बैटिंग के साथ उनकी फील्डिंग की कमी भी खलेगी।

**कुलदीप ले सकते हैं जडेजा की जगह**

जडेजा अगर दूसरा टेस्ट नहीं खेले तो कुलदीप यादव दूसरे टेस्ट की प्लेइंग-11 में उनकी जगह लेंगे। कुलदीप स्क्वॉड में शामिल चौथे स्पिनर हैं, उन्हें पहले टेस्ट की प्लेइंग-11 में शामिल नहीं किया गया था। पहले टेस्ट में टीम ने जडेजा के साथ अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन को बतौर स्पिनर मौका दिया था।

कुलदीप यादव (बाएं) दूसरे टेस्ट में रवींद्र जडेजा (दाएं) की जगह ले सकते हैं। टीम इंडिया सोमवार को हैदराबाद में ही रहेगी, जहां पहले टेस्ट के पांचवें दिन का खेल होना था। मंगलवार को दोनों टीमें विशाखापट्टनम के लिए रवाना होंगी।



# इंग्लैंड की टीम से उलझना नहीं चाहिए: नासिर हुसैन

**हैदराबाद, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में टेस्ट श्रृंखला के शुरुआती मैच में भारत को 28 रन से हराने के बाद बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इंग्लैंड ने दिखाया है कि वे एक बेहतरीन टीम हैं और उनसे उलझना नहीं चाहिए।

उप-कप्तान ओली पोप के शानदार 196 रनों की मदद से इंग्लैंड ने भारत को 28 रनों से हराया। भारत को जीत के लिए 231 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य मिला, लेकिन, भारतीय बल्लेबाजी लाइनअप को टॉम हार्टले ने तहस-नहस कर दिया। युवा स्पिनर ने अंतिम पारी में 7 महत्वपूर्ण विकेट लिए और भारत को हार की तरफ धकेल दिया। टीम इंडिया अपनी दूसरी पारी में सिर्फ 202 रन पर ऑल आउट हो गई, और इंग्लैंड ने 28 रन से यह मुकाबला अपने नाम किया।

इस जीत से इंग्लैंड को पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त मिल गई है, जिससे टीम का यह विश्वास भी बढ़ गया है कि उनकी अल्ट्रा-अटैकिंग बैजबॉल थ्योरी भारतीय परिस्थितियों में अच्छा काम करने में सक्षम है। हुसैन ने स्काई स्पोर्ट्स के लिए अपने कॉलम में लिखा, कप्तान बेन स्टोक्स और मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में टीम का रोमांचक सफर जारी है। इससे पता चलता है कि उनमें गजब का आत्मविश्वास है। जिस तरह से वे खेल रहे हैं। उसमें उन्हें बहुत विश्वास है और वे चीजों को अपने तरीके से करते हैं। वे बाहरी शोर के बारे में चिंता नहीं करते हैं। मुझे इस टीम में जो बात पसंद है, वह है, उनकी जिद। यदि आप उन पर संदेह करेंगे, तो वे और खतरनाक हो जाते हैं। मुझे लगता है कि यह एक अच्छी बात है क्योंकि यदि आप लगातार सारा शोर सुन रहे हैं, तो आप अपने लक्ष्य से भटक सकते हैं। कोच और कप्तान जानते हैं कि वे क्या चाहते हैं।

वे उस पर कायम रहेंगे और जब वे पीछे होंगे, तब भी वे इसे बदलने के लिए क्रिकेटरों का समर्थन करेंगे। उन्होंने दिखाया है कि वे एक ऐसी टीम हैं, जिसके साथ खिलवाड़ नहीं किया जा सकता।

ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024

# यानिक सिनर ने रचा इतिहास

● 10 साल बाद ऑस्ट्रेलियन ओपन को पुरुष एकल में मिला नया विजेता



**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियन ओपन को 10 बाद कोई नया चैंपियन मिला है। पिछली बार 2014 में स्विट्जरलैंड के स्टैन वावरिंका खिताब जीते थे। उनके बाद कोई नया चैंपियन नहीं मिला। साल 2004 से स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर, सर्बिया के नोवाक जोकोविच और स्पेन के राफेल नडाल ही इस टूर्नामेंट को जीत रहे हैं। इटली के युवा टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर ने इतिहास रच दिया है।

22 साल के इस खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष एकल का फाइनल जीत लिया। उन्होंने रविवार (28 जनवरी) को खिताबी मुकाबले में रूस के दानिल मेदवेदेव को पांच सेट तक चले मैच में हरा दिया। सिनर ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष एकल का फाइनल जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने इस मुकाबले को 3-6, 3-6, 6-4, 6-4, 6-3 के अंतर से अपने नाम किया। सिनर ने अपने करियर का पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता है।

उन्होंने मेदवेदेव के सपने को तोड़ दिया। रूस के खिलाड़ी की नजर पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने पर थी, लेकिन इटली के युवा स्टार ने उन्हें परास्त कर दिया। मेदवेदेव इससे पहले 2021 में यूएस ओपन जीत चुके हैं।

**ऐसा रहा मुकाबला**

पहला सेट मेदवेदेव ने अपने नाम किया है। उन्होंने सिनर को 6-3 के अंतर से हराया। दूसरे सेट में भी मेदवेदेव ने तूफानी खेल दिखाया। उन्होंने सिनर को वापसी का कोई मौका नहीं दिया और सेट 6-3 से अपने नाम कर लिया।

इस तरह मैच में वह 2-0 से आगे हो गए। सिनर ने वापसी करते हुए तीसरा सेट 6-4 से और चौथा सेट भी 6-4 के अंतर से जीत लिया है। तीसरे सेट को उन्होंने 6-3 से जीतकर मैच को अपने नाम कर लिया।

**वावरिंका के बाद सिनर ने किया कमाल**

ऑस्ट्रेलियन ओपन को 10 बाद कोई नया चैंपियन मिला है। पिछली बार 2014 में स्विट्जरलैंड के स्टैन वावरिंका खिताब जीते थे। उनके बाद कोई नया चैंपियन नहीं मिला था। साल 2004 से स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर, सर्बिया के नोवाक जोकोविच और स्पेन के राफेल नडाल ही इस टूर्नामेंट को जीत रहे हैं। 2004 से फेडरर छह बार चैंपियन बने। जोकोविच ने उनसे ज्यादा 10 बार खिताब अपने नाम किया।

वहीं, नडाल दो बार चैंपियन बने। इस बीच रूस के मराट साफिन 2005 और वावरिंका 2014 में सफल हुए थे।

**सेमीफाइनल में हार गए थे जोकोविच**

जोकोविच इस बार 11वीं बार चैंपियन बनने उतरे थे, लेकिन उन्हें यानिक सिनर ने सेमीफाइनल में बाहर कर दिया। वहीं, दानिल मेदवेदेव ने स्पेन के कार्लोस अल्काराज को शिकस्त दी थी।

# रोहित शर्मा ने हार के बाद दिया बड़ा बयान, बताया- कहां चूकी टीम



**हैदराबाद, एजेंसी।** इंग्लैंड ने टेस्ट सीरीज के पहले मैच में रविवार को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में भारत पर 28 रनों की यादगार जीत हासिल की। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने मेजबान टीम इंग्लैंड से इंडिया टीम को मिली हार पर प्रतिक्रिया दी। रोहित ने टीम को मिली हार को लेकर कहा कि शीर्ष क्रम ने अच्छी पारी नहीं खेली और हमने मौके भी गंवाए। इंग्लैंड ने ओली पोप के शानदार 196 रनों की मदद से भारत की 190 रनों की बढ़त को पीछे छोड़ा, अपनी दूसरी पारी में 420 रन बनाए, जिससे भारत को 231 रनों का लक्ष्य मिला। जवाब में भारत 202 रन पर आउट हो गया और चार दिन के अंदर ही मैच हार गया। रोहित शर्मा ने मैच के बाद कहा, चार दिनों तक क्रिकेट खेला गया, इसलिए यह बताना मुश्किल है कि कहां गलती हुई। 190 की बढ़त मिलने के बाद हमें लगा कि हम खेल में आगे हैं। असाधारण बल्लेबाजी, मैंने भारतीय परिस्थितियों में किसी विदेशी बल्लेबाज द्वारा देखी सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी में से एक, ओली पोप ने शानदार पारी खेली।

मुझे लगा कि 230 का स्कोर हासिल किया जा सकता था। पोप ने न केवल 196 रन बनाए, बल्कि बेन फोक्स, रेहान अहमद और टॉम हार्टले के साथ क्रमशः 112, 64 और 80 की तीन महत्वपूर्ण साझेदारियां भी कीं। रोहित शर्मा ने अपने गेंदबाजों का बचाव किया, जिन्होंने इंग्लैंड को दूसरी पारी में 420 रन तक पहुंचने दिया था। हमने स्कोर तक पहुंचने के लिए ज्यादा अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। हमने सही क्षेत्र में गेंदबाजी की। जब आप दिन खत्म करते हैं, तो आप विश्लेषण करते हैं कि क्या अच्छा रहा और क्या अच्छा नहीं रहा। लेकिन पोप ने बहुत अच्छा खेला। हालांकि भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत की।

कप्तान रोहित शर्मा और उनके सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल ने पहले विकेट के लिए 42 रन जोड़े। हालांकि, मेजबान टीम ने जायसवाल और शुभमन को जल्द ही पवेलियन लौटा दिया और फिर वहां से चीजें खराब हो गईं। केएस भरत ने (28) और रविचंद्रन अश्विन (28) ने आठवें विकेट की साझेदारी के लिए 59 रन और आखिरी विकेट की साझेदारी के लिए जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने 25 रन जुटाए, लेकिन अंत में यह लड़ाई पर्याप्त नहीं थी। उन्होंने कहा, एक या दो चीजों पर गौर करना मुश्किल है। हमने उस स्कोर तक पहुंचने के लिए अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। आखिरी जोड़ी के 20-30 रन बनाने पर कुछ भी संभव है। निचले क्रम ने अच्छी पारी खेली और शीर्ष क्रम को दिखाया क्या करना है। हमने कुछ जोखिम नहीं उठाए लेकिन ऐसा हो सकता है, यह सीरीज का पहला गेम है। इंग्लैंड ने रविवार को हैदराबाद में पहले टेस्ट के चौथे दिन भारत को 28 रन से हराकर 5 मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

# मनदीप जांगड़ा ने रचा इतिहास, इंटर कॉन्टिनेंटल टाइटल जीतने वाले पहले भारतीय बॉक्सर बने



**चंडीगढ़, एजेंसी।** मनदीप जांगड़ा ने भारतीय बॉक्सिंग के लिए वो कर दिखाया है, जो अभी तक कोई भारतीय बॉक्सर नहीं कर पाया। उन्होंने अमेरिका के वॉशिंगटन में हुई इंटर कॉन्टिनेंटल टाइटल फाइट में अमेरिकन बॉक्सर गेरार्डो एस्क्विवेल को एकतरफा अंदाज में हराया और देश के लिए पहली बार वर्ल्ड टाइटल जीता। रॉय जोन्स जूनियर के साथ उन्होंने इस फाइट के लिए तैयारी की थी। रॉय जोन्स जूनियर ओलिंपिक मेडलिस्ट हैं और दो बार गोल्डन ग्लव्ज बॉक्सिंग में टाइटल जीत चुके हैं। वे चार वेट कैटेगरी में वर्ल्ड टाइटल जीते और अभी तक कई दिग्गज बॉक्सर्स को वे ट्रेनिंग दे चुके हैं। मनदीप का नाम भी इस लिस्ट में शामिल हो गया है। रॉय जोन्स के साथ जुड़ने वाले, बेल्ट के लिए लड़ने वाले और इसे हासिल करने वाले वे पहले भारतीय हैं। उनके इस सफर में मिनर्वा एकेडमी ने भी उनका काफी साथ दिया है और भारत में रहते हुए स्ट्रेंथ ट्रेनिंग उन्होंने एकेडमी के साथ ही की। मनदीप के लिए यहां तक का सफर आसान नहीं था। वे अभी तक 75 किलोग्राम वर्ग में फाइट करते थे। इंटर कॉन्टिनेंटल टाइटल फाइट के लिए उन्होंने 6 महीने में वजन कम किया और 59 किलोग्राम वर्ग में खेलने के लिए उतरे।

# शुभमन के डूबते टेस्ट करियर को बचा सकती है अनिल कुंबले की ये सलाह

## द्रविड़ को करनी होगी मदद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी वनडे रैंकिंग में भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज शुभमन गिल लिमिटेड ओवर की तरह टेस्ट क्रिकेट में अपनी धाक नहीं जमा पा रहे हैं। रेड बॉल क्रिकेट की कसौटी पर वह अभी तक खरे नहीं उतर पाए हैं। यही वजह है उन्हें प्लेइंग ड्ढ्ढ से बाहर करने की बातें जोरों शोरों पर हो रही है। हालांकि गिल के पास अभी भी प्लेइंग ड्ढ्ढ में अपनी जगह बचाने का मौका है, अगर उन्होंने पूर्व लीजेंड्री स्पिनर अनिल कुंबले की बात मानी तो। कुंबले ने गिल की भारतीय पिचों पर सबसे बड़ी कमजोरी का उजागर किया है, अगर वह इस पर काम कर लेते हैं तो बेशक वह टेस्ट में भी बेस्ट बन जाएंगे।

कुंबले ने गिल की बल्लेबाजी में ऑब्जर्व किया कि वह काफी सख्त हाथों से खेलते हैं। भारतीय पिचों पर गेंद की उछाल क्या होगी और कितना टर्न करेगी इसका हर बार अंदाजा लगाना मुश्किल होता है, ऐसे में जो बल्लेबाज हल्के हाथें से खेलना जानता है वो यहां सफल हो सकता है। ऐसे में कुंबले ने गिल को हल्के हाथ से खेलने की सलाह दी है, इसके लिए उन्होंने कहा है कि गिल कोच राहुल द्रविड़ की मदद ले सकते हैं।

जियो सिनेमा के शो पर बात करते हुए अनिल कुंबले ने कहा. उसे अधिक फ्री होकर खेलने की जरूरत है। उसे रन बनाने की जरूरत है, स्पिन से निपटने के लिए उसे अपने प्लान बनाने होंगे क्योंकि वह सख्त हाथों से खेलता है। यह अच्छी सतहों के



लिए अच्छा है, जहां गेंद अच्छी तरह से बैट पर आती है और तेज गेंदबाज आपकी ओर गेंदबाजी करता है। लेकिन जब गेंद घूम रही होती है और विकेट स्लो होती है, तो आपको अपने हाथों का उपयोग करने और अपने शॉट्स को कंट्रोल करने और चैक करने की आवश्यकता होती है। यह ऐसी चीज है जिस पर उसे काम करने की जरूरत है। हर समय वह एक ही तरीके से नहीं खेल सकते। हां, अगले टेस्ट से चार दिन बचे हैं, क्या आप अपने कौशल पर काम कर सकते हैं? मुझे लगता है कि यह सब मानसिकता है।

# हॉकी5एस पुरुष विश्व कप भारत ने जमैका को 13-0 से रौंदा

**मस्कट, एजेंसी** । एफआईएच हॉकी5एस पुरुष विश्व कप ओमान 2024 के अपने तीसरे और अंतिम पूल बी मैच में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने ओमान के मस्कट में जमैका पर 13-0 से शानदार जीत हासिल की। भारत ने शुरुआत से ही आक्रामक रवैया अपनाया। मनिंदर सिंह (2,2) ने काफी तेजी में दो गोल किए। इसके बाद भी गति जारी रही। उत्तम सिंह (5) और मंजीत (5) ने भी एक-एक गोल कर योगदान दिया, जिससे मैच के पहले छह मिनट के भीतर भारत ने 4-0 की मजबूत बढ़त बना ली। पर्याप्त बढ़त स्थापित करने के बावजूद भारत ने लगातार हमलों के साथ जमैका पर लगातार दबाव बनाए रखा।



पवन राजभर (9) और गुरजोत सिंह (14) ने इन अवसरों का फायदा उठाया, जिससे भारत के गोलों की संख्या में इजाफा हुआ और टीम ने हाफटाइम ब्रेक में 6-0 की बढ़त हासिल की। दूसरे हाफ में पहले जैसा ही प्रदर्शन हुआ। भारत ने गेंद पर कब्ज़ा करने पर ध्यान केंद्रित किया और आक्रामक आक्रामक रणनीति बनाए रखी। यह दृष्टिकोण प्रभावी साबित हुआ। मोहम्मद रहील (16, 27), मनदीप मोर (23, 27), मंजीत (24), और मनिंदर सिंह (28, 29) ने कई गोल किए, जिससे भारत ने 13-0 से बड़ी जीत हासिल की। भारतीय टीम ने रविवार को अपने शुरुआती दो पूल बी मैचों में मिस्र से हारने से पहले स्विट्जरलैंड को हराया था। हालांकि, जमैका के खिलाफ जीत ने एपआईएच हॉकी5एस विश्व कप ओमान 2024 के क्वार्टर फाइनल में उनकी जगह पक्की कर दी है, जो 30 जनवरी को खेला जाना है।

आदिल रशीद और रेहान अहमद के क्लब में हुए शामिल

# टॉम हार्टले ने तोड़ा 78 साल पुराना रिकॉर्ड



**हैदराबाद, एजेंसी।**

भारत के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में डेब्यू करने वाले इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले ने रविवार को राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने इंग्लैंड को सीरीज में 1-0 बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई और कई रिकॉर्ड बनाए। उन्होंने दूसरी पारी में 62 रन देकर 7 विकेट लिए। पहली पारी में उन्होंने 131 रन देकर 2 विकेट लिए थे।

टॉम हार्टले ने टेस्ट मैच में कुल 193 रन देकर 9 विकेट लिए और 78 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। यह 1945 के बाद टेस्ट डेब्यू में किसी इंग्लैंड के स्पिनर का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन है। इसके अलावा उन्होंने बतौर इंग्लैंड के स्पिनर एक टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा विकेट लेने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। रॉबर्ट बेरी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ मैनेजेस्टर में 1950 में 116 रन देकर 9 विकेट लिए थे।

## टेस्ट डेब्यू पर पांच विकेट लेने वाले इंग्लैंड के चौथे स्पिनर

हार्टले इस सदी में टेस्ट डेब्यू पर पांच विकेट लेने वाले इंग्लैंड के चौथे स्पिनर भी बन गए।

आदिल राशिद यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले अंग्रेज स्पिनर हैं। उन्होंने 2015 में अबू धाबी में पाकिस्तान के खिलाफ 64 रन देकर 5 विकेट लिए थे। विल जैक 2022 में रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ 161 रन देकर 6 विकेट लिए थे। इसी श्रृंखला में रेहान अहमद ने 48 रन देकर 5 विकेट लिए थे।

## इंग्लैंड के स्पिनर्स ने 20 विकेट झटके

भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में इंग्लैंड के स्पिनर्स ने 20 विकेट झटके और तेज गेंदबाजों को एक भी विकेट नहीं मिला। यह पहली बार नहीं था जब इंग्लैंड ने टेस्ट प्रारूप में ऐसा किया। 1947 के बाद से पहली बार इंग्लैंड के स्पिनर्स ने 1952 में कानपुर में भारत के खिलाफ सभी 20 विकेट झटके थे। चार साल बाद उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की थी, लेकिन इस बार यह 1956 में मैनचेस्टर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुआ था।

जब इंग्लिश स्पिनर्स ने 2018 में पल्लेकेले में श्रीलंका के खिलाफ एक टेस्ट में 20 विकेट लिए थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

- झारखंड की ओर से आ रही गाड़ी ने मारी टक्कर
- युवक की मौत को संदिग्ध मान रहे परिजन

निज संवाददाता



**अंबा (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद के अंबा थाना के संडा व विराज बिगहा गांव के बीच एनएच 139 पर एक तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। घटना सोमवार की है। मृतक की पहचान कुटुंबा थाना के सरडीहा खुर्द गांव निवासी रामविलास राम के बेटे मनोज राम (30) के रूप में की गई। जबकि परिवार वाले युवक की मौत को संदिग्ध मान रहे हैं। रविवार की रात में ही वह अपने गांव के रंजीत यादव के साथ घर से निकला था। दोनों ट्रैक्टर पर कुट्टी लोड कर बेचने के लिए झारखंड के छतरपुर जा रहे थे। रंजीत ट्रैक्टर चल रहा था जबकि मनोज ट्रैक्टर पर बैठा हुआ था। इस दौरान उक्त स्थल पर ट्रैक्टर को रुकवाया तथा शौच के लिए सड़क पार करने लगा। इस क्रम में झारखंड की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन के चपेट में आ गया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक रंजीत उसे लेकर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल पहुंचा तथा घटना की जानकारी परिजनों को दिया। सदर अस्पताल में ड्यूटी में तैनात चिकित्सकों ने मनोज को मृत घोषित कर दिया। सदर अस्पताल में युवक की मौत की सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस वहां पहुंची तथा शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष पंकज सैनी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। सदर अस्पताल पहुंचे परिजन युवक की मौत को संदिग्ध मान रहे हैं। परिजनों ने बताया कि मृतक के शरीर पर किसी भी तरह के साथ या चोट के निशान नहीं है। अगर दुर्घटना होती तो शरीर पर जख्म या चोट के दाग आवश्यक होते। इधर थानाध्यक्ष प्रीति कुमारी ने बताया कि घटना के बारे में उन्हें किसी ने जानकारी नहीं दिया है। अब जानकारी मिली है तो मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

## सड़क हादसे में छात्रा की मौत

निज संवाददाता

**बारूण औरंगाबाद।** औरंगाबाद के बारूण दाउदनगर मार्ग पर तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आने से साइकिल सवार छात्रा की मौत हो गई। मृतका कि पहचान नाराणय खाप गांव निवासी फुलेंद्र राम की पुत्री काजल कुमारी(12) कुमारी के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक छात्रा कोचिंग से पढ़कर घर लौट रही थी। इस दौरान पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में वो गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटी की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा हुआ है। इस संबंध में थानाध्यक्ष शमीम अहमद ने बताया कि सड़क हादसे में एक छात्रा की मौत हो गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पिकअप चालक की तलाश की जा रही है।

# दो लाख रकम के इनामी मोस्ट वांटेड नक्सली कारे लाल कोड़ा गिरफ्तार

गिरफ्तार नक्सली पिछले 10 वर्षों से चल रहा था फरार

- लखीसराय जिले के विभिन्न थानों में अब तक ज्ञात 11 नक्सल कांड में दर्ज है वह

निज संवाददाता



**पटना।** सीमांत मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल, पटना के अंतर्गत नक्सल प्रभावित क्षेत्र में कार्यरत 32वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल ने नक्सल विरोधी अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए दो लाख इनामी रकम के मोस्ट वांटेड नक्सली कारे लाल कोड़ा उर्फ़ प्यारे लाल कोड़ा को कजरा पुलिस थाना क्षेत्र के कानिमोह गाँव से गिरफ्तार किया गया।

32वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल, डोभी के डी-समवाय बन्नू बगीचा ने अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) लखीसराय, सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लखीसराय की अगुवाई में स्थानीय पुलिस के सहयोग से कजरा पुलिस थाना क्षेत्र के कानिमोह गाँव में संयुक्त रूप से तलाशी अभियान चलाया और मोस्ट वांटेड नक्सली कारे लाल कोड़ा उर्फ़ प्यारे लाल कोड़ा को कानिमोह गाँव से गिरफ्तार है। गिरफ्तार नक्सली कारे लाल कोड़ा पर लखीसराय जिले के विभिन्न थानों में अब तक ज्ञात 11 नक्सल कांड दर्ज है तथा वह पिछले 10 वर्षों से फरार चल रहा था। गहन पूछताछ के बाद, उसे अगली कार्रवाई के लिए पुलिस थाना बन्नू बगीचा को सौंप दिया गया है।

## एचओपीसी के सदस्य ने रक्तदान कर बचाई महिला की जान, स्वस्थ्य होने के लिए ईश्वर से की प्रार्थना

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** हसपुरा प्रखंड के महुली गांव निवासी मधेश पासवान की पत्नी उषा देवी के लिए दाउदनगर प्रखंड के चमन बिगहा निवासी हैंड्स ऑफ प्रकाश चंद्रा के सदस्य (एचओपीसी) के सदस्य राजेश कुमार ने रक्तदान कर जान बचाई। एचओपीसी के सदस्य राणा कुमार के माध्यम से उषा देवी के लिए रक्त की कमी की जानकारी भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, दाउदनगर के सचिव, राष्ट्रीय वैश्य महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष, 'हैंड्स ऑफ प्रकाश चंद्रा' के संरक्षक एवं लोजपा(रामविलास) के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रकाश चंद्रा को मिली। जानकारी मिलते हीं प्रकाश चंद्रा ने अपने साथियों से मदद के लिए आगे आने का आग्रह किया। आग्रह पर एचओपीसी के सदस्य राजेश कुमार ने अस्पताल पहुंच कर उषा देवी के लिए रक्तदान कर उनकी जीवन रक्षा में योगदान दिया। इस नेक कार्य के दौरान चिंटू मिश्रा, प्रशांत इंद्रगुरु एवं रविकांत मौजूद रहे। वही डॉ. चंद्रा ने राजेश कुमार की सेवा भावना को प्रणाम किया है। उनकी तारीफ करते हुए कहा कि राजेश जैसे युवा हमारे समाज के लिए प्रेरणा हैं। साथ हीं उन्होंने उषा देवी के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## 202 प्रखडों में अप्रैल से खुलने लगेंगे कृषि क्लिनिक

**पटना (नि.सं.)।** राज्य के सभी 534 प्रखंडों में कृषि क्लिनिक खोलने की तैयारी है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत 202 प्रखंडों में अप्रैल से कृषि क्लिनिक खुलना शुरू हो जाएगा। विभाग ने इसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली है। कृषि सहित इससे संबंधित विषयों की पढ़ाई करने वाले युवाओं को क्लिनिक खोलने की अनुमति मिलेगी। क्लिनिक खोलने की कुल लागत 5 लाख है। इसमें राज्य सरकार 2 लाख की मदद देगी। किसानों को समय पर सही जानकारी नहीं मिलने से फसल का औसतन 30 प्रतिशत नुकसान होता है। क्लिनिक खुलने से किसानों के खेतों पर जाकर सही समाधान मिलेगा। दवा छिड़काव की जरूरत होने पर एजेंसी के माध्यम से तुरंत दवा का छिड़काव किया जाएगा।

## बेहोशी की दवा के ओवरडोज से महिला की मौत मामले में डीएम के निर्देश पर रफीगंज में प्राईवेट हॉस्पिटल सील

निज संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** सोमवार को रफीगंज शहर के डाक बंगला स्थित संगम हड्डी अस्पताल को डीएम के निर्देश पर चार सदस्यीय टीम रफीगंज अंचलाधिकारी अवधेश कुमार सिंह, रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह, रफीगंज थानाध्यक्ष गुफरान अली तथा औरंगाबाद के सहायक औषधि नियंत्रक अशोक कुमार राय द्वारा सील किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि संगम हड्डी अस्पताल में 20 जनवरी को पैर फ्रैक्चर के इलाज के दौरान मदनपुर थाना क्षेत्र के दिहुली गांव की 25 वर्षीय महिला पूजा देवी की मौत हो गयी थी। इस मामले में मृतका के पति मंडल पासवान ने चिकित्सक को नामजद आरोपी बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। चिकित्सक की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापामारी की गयी। किन्तु गिरफ्तारी नहीं हुई।

जिलाधिकारी के निर्देश पर अस्पताल को सील किया गया। अंचलाधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि डीएम के निर्देश पर जांच के दौरान पाया गया कि उक्त अस्पताल में ताला लगा हुआ है और डॉक्टर फरार हैं। अस्पताल के पूर्व एवं उत्तर दिशा में बने दरवाजे को सील किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि अन्य अस्पताल वालों को भी कड़ी हिदायत दी गई है।

## उप मुखिया के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर सौंपा ज्ञापन

निज संवाददाता

**नबीनगर (औरंगाबाद)।** नवीनगर के टंडवा थाना क्षेत्र के हरिहर उरदाना ग्राम पंचायत के उप मुखिया श्रीकांत शर्मा पर अविश्वास प्रस्ताव को ले वार्ड सदस्यों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा है जिसमें वार्ड सदस्य हरेंद्र मिश्रा मंटू कुमार शांति देवी कलावती देवी सरस्वती देवी सीमा देवी जितेंद्र राम ने बताया है कि उप मुखिया श्रीकांत शर्मा के द्वारा ग्राम पंचायत के कार्यकारिणी एवं अन्य विकास संबंधित कार्यो को मनमानी तरीके से कराया जा रहा है और ससमय कार्य का निपटारा नहीं होने कारण निर्वाचित वार्ड सदस्यों ने उप मुखिया का पुनः चुनाव कराने की मांग किया है तथा आवेदन की प्रतिलिपि मुखिया प्रमोद कुमार यादव और प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी पंकज कुमार को देने की बात बताया है।

## मारपीट व फायरिंग मामले में फरार अभियुक्त के घर पर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह पुलिस ने भूमि विवाद में फायरिंग व मारपीट की घटना में फरार अभियुक्त के घर पर इस्तेहार चिपकाया है।पुलिस ने मौजूद परिजनों को चेतावनी दी कि यदि समय सीमा के भीतर आरोपी गोलू कुमार ने आत्म समर्पण नही किया तो पुलिस उनकी घरो की कुर्की करेगी। गौरतलब है कि बीते 27 फरवरी को गोह थाना मुख्यालय के दुर्गा मंदिर के समीप भूमि विवाद में मारपीट एवं गोलीबारी की घटना हुई थी। मामले में शशिकांत कुमार के द्वारा थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसमें आरोप लगाया गया था की खाता नंबर 41प्लॉट नंबर 2690 जो कि थाना के पीछे दुर्गा मंदिर के समीप में हैं उस जमीन में कार्य कर रहा था ।उसी समय कई लोग पहुचकर मारपीट व गोलीबारी की थी।उसी मामले में मुन्ना द्विवेदी के पुत्र गोलू कुमार पर आरोप लगाया गया था।जिस मामले में गोलू फरार चल रहा था।

## बाइक चोरी होने को ले थाना में दिया आवेदन

निज संवाददाता

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** नवीनगर के माली थाना क्षेत्र के अंबा धमनी गांव निवासी समरेश कुमार ने बाइक चोरी होने को लेकर थाना में आवेदन दिया है जिसमें बताया है कि रात्रि में अपने दरवाजे के सामने अपना बाइक खड़ा कर घर में सोने चला गया जब सुबह उठकर अपने दरवाजे पर देखा तो मेरा बाइक नहीं था बहुत खोजबीन किया परंतु कहीं पता नहीं चल सका अज्ञात चोरों के द्वारा बाइक चोरी कर लिया गया है कहा की सिमरी धमनी ग्राम पंचायत इलाके में लगातार मोटरसाइकिल समरसेबल बोरिंग धान की चोरी बढ़ गया है असमाजिक लोगों के गतिविधियों के कारण लोग परेशान हैं किसानो की रात की नींद उड़ गया है किसान दिन भर खेत में काम करने के बाद थक कर जब घर सोने आता है तो सोने के बजाय उसे अपना फसल चोरी होने की चिंता सताते रहता है प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होने के कारण लोगों का मनोबल बढ़ गया है थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि मामले में जांच पड़ताल कर कारवाई किया जा रहा है।

# राज्य में नई एनडीए सरकार बनने पर औरंगाबाद के भाजपा कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** राज्य में नई एनडीए सरकार के गठन के बाद औरंगाबाद जिले के एनडीए कार्यकर्ताओं में उत्साह एवं उल्लास का वातावरण है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सह सासाराम लोकसभा प्रभारी संजय मेहता ने एनडीए की नई सरकार के गठन पर बिहारवासियों एवं जिलावासियों को बधाई देते हुए कहा कि सम्राट चौधरी को उपमुख्यमंत्री बनाया जाना पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं के लिए वरदान सिद्ध होगा। पूरे बिहार की युवा पीढ़ी उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी में अपना भविष्य तलाश रही थी। अब वह जल्द पूरा होगा। श्री मेहता ने कहा कि सम्राट भावुक होते हुए पटना में प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा मुरेठा पार्टी के सम्मान के लिए बांधा गया था। हमारी एक मां जिन्होंने मुझे जन्म दिया, उनके स्वर्गवास के बाद हमने जो संकल्प लिया था और हमारी दूसरी मां भारतीय जनता पार्टी है। पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व का सम्मान करते हुए एवं बिहार के विकास के लिए बहुत जल्द अयोध्या जाकर माथा मुंडवाएगे और श्रीराम प्रभु के चरणों में समर्पण करेंगे। श्री मेहता ने कहा कि सम्राट चौधरी समाज के सभी धर्म को साथ लेकर चलने वाला सोच रखते हैं। साथ ही किसान युवा एवं महिलाओं के लिए उनका विशेष एजेंडा होगा। नई सरकार गठन के बाद पूरे बिहार में खास तौर पर शहीद जगदेव बाबू के अनुयायियों में विशेष उत्साह एवं उल्लास का वातावरण है। जगदेव बाबू के अनुयायी 2024 के लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत एनडीए सरकार के साथ हैं। बधाई देने वालों में भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी राजीव रंजन, जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी, मंडल अध्यक्ष दिनेश वर्मा, राकेश पांडेय, लाल शर्मा, रूपेश सोनी, जिला उपाध्यक्ष टैगोर, एवं जिले के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिंहा को उप मुख्यमंत्री बनाए जाने एवं मंत्री परिषद के सदस्य के रूप में डॉ. प्रेम कुमार को बधाई दी है।

## एक फरवरी से बड़ेम में होगा दो दिवसीय सूर्य राघव महोत्सव, तैयारी तेज

निज संवाददाता

**नबीनगर (औरंगाबाद)।** कला संस्कृति एवं युवा विभाग तथा औरंगाबाद जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में नबीनगर के बड़ेम में सूर्य राघव महोत्सव 2024 के श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रम के तहत विभिन्न शैक्षणिक एवं खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। नबीनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद कुमार ने बताया कि 1 फरवरी को जिला स्तरीय पेंटिंग, मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन पूर्वाहन 10:00 बजे से सूर्य राघव मंदिर, बड़ेम के निकट किया जाएगा। वही 2 फरवरी को जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होने बताया कि इसके लिए जिले के सभी कोटि के माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक विद्यालयों तथा सभी कोटि के महाविद्यालयों को पत्र भेजा गया है। कहा कि यह प्रतियोगिता दो समूह में विभक्त होगी। जूनियर समूह में वर्ग 9 से 12वीं तक के प्रतिभागी भाग लेंगे जबकि सीनियर समूह में स्नातक प्रथम खंड एवं इससे ऊपर के छात्र-छात्रा भाग लेंगे। कार्यक्रम की तैयारी पूर्ण की जा रही है। इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत स्थानीय कलाकारों को भरपूर मौका दिया जाएगा। इसके लिए प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को महोत्सव स्थल जाने के लिए वाहन की व्यवस्था समिति के द्वारा की जा रही है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि कला संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में जन भागीदारी तथा छात्र-छात्राओं की भागीदारी हेतु इस प्रकार का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन कर प्रतिभा को दिखाने का मंच दे रहा है।

## रालोजद के प्रदेश महासचिव की मां का निधन

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह के फाग गांव निवासी रालोजद प्रदेश महासचिव रामकुमार बर्मा की मां महेश्वरी देवी का निधन सोमवार की अहले सुबह हो गई।वे 90 वर्ष के थे।उनके निधन से पूरा परिवार में शोक की लहर ब्याप्त है।जैसे ही रालोजद कार्यकर्ताओ को इसकी खबर मिली तो सभी कार्यकर्ता उनके आवस पर पहुचे और रामकुमार बर्मा व उनके परिजनों को ढांढस बंधाया।स्व महेश्वरी अपने पीछे एक पुत्र व चार पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर परलोक सिधार गई।उनके निधन से पौत्र रूद्रेश के साथ पूरा परिवार रालोजद प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार, जिला अध्यक्ष अशोक मेहता, युवा प्रदेश सचीव कृष्णा मेहता धनजय वर्मा, राकेश कुमार ने शोक की लहर व्याप्त है।

## बेची गई भूमि को जाली दस्तावेज से युवक ने की बिक्री, प्राथमिकी

निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह में तीन वर्ष पिता द्वारा बिक्री की गई भूमि को पुत्र के द्वारा जाली दस्तावेज दिखाकर उन्नीस जनवरी को बिक्री किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में प्राथमिक की दर्ज कराई गई है पुलिस मामले की अनुसंधान में जुट गई है। थाना में दिए गए आवेदन में गोह निवासी स्व सुरेंद्र पांडे के पुत्र रंजीत कुमार पांडे ने कहा कि गोह निवासी स्व धनेश्वर दुबे के पुत्र बृज बंश दुबे से मेरी मां इंदु देवी ने तीन अप्रैल 2021 को जमीन की खरीद की थी। जिसका डिमांड मेरी मां के नाम पर अंचल कार्यालय में चल रहा है। आरोप है कि उसी जमीन को बृज बंश दुबे के पुत्र बीरेंद्र दुबे फर्जी मालगुजारी रसीद दिखाकर निबंधन कार्यालय दाउदनगर में सोची समझी साजिश के तहत उन्नीस जनवरी 2024 को गोह के पुनदौल निवासी उपेंद्र शर्मा की पत्नी रूबी देवी,उपहारा थानाक्षेत्र के एडरी गांव निवासी जय किशोर शर्मा के पुत्र राकेश शर्मा,महेश परासी गांव के माधव शर्मा के पुत्र बिजय शर्मा सहित कई लोगो को उसी जमीन को लिख दिया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि रंजीत कुमार पांडेय के ब्यान पर कांड संख्या 22/24दर्ज किया गया है जिसमे गोह के रूबी देवी,एडरी गांव के राकेश शर्मा, महेश परासी के बिजय शर्मा,दाउदनगर के धेवही गांव के सूर्य नाथ सिंह, मेहन्दीया थाना के नाथ सरसा गांव के बिजय सिंह एवम गोह निवासी उपेंद्र शर्मा को आरोपी बनाया गया है।मामले की अनुसंधान की जा रही है।

## दिल्ली के रहनेवाले साइबर ठग गिरोह के सरगना की तलाश में जुटी पुलिस

**पटना (नि.सं.)।** शास्त्री नगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार साइबर ठग गिरोह का सरगना फिलहाल फरार है। पुलिस की टीम आर्थिक अपराध इकाई की मदद से दिल्ली के रहनेवाले गिरोह के सरगना की तलाश में जुट गई है। इस बीच गिरोह से जुड़ी और जानकारी जुटाने के लिए शास्त्री नगर पुलिस आरोपितों को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
रॉकी रावत
(बिहार कृषि सेवा)
सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण
औरंगाबाद (बिहार)

गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
अविनाश कुमार श्रीवास्तव
प्रधानाध्यापक
प्रोजेक्ट सहदेव सिंह कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, बारूण
जिला- औरंगाबाद

गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. जे.के. विश्वास
माँ क्लिनिक
गारंटी के साथ ईलाज किया जाता है।
गुप्त रोग विशेषज्ञ
पता:- अलकारी मार्केट, बस स्टेंड के सामने, डालटेनगंज रोड, औरंगबाद

गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. श्रीकांत
सहायक निदेशक
सह जिला उद्यान पदाधिकारी
औरंगाबाद (बिहार)

गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
ई. उमेश मुखिया
कार्यपालक अभियंता
सोन उच्च स्तरीय नहर प्रमंडल
औरंगाबाद (बिहार)

गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
निर्मल कुमार सिन्हा
प्रधानाध्यापक
राजकीय मध्य विद्यालय, महथू
प्रखंड- ओबरा, जिला- औरंगाबाद

गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
रजनीश कुमार सिंह
प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी
सदर प्रखंड- औरंगाबाद, जिला- औरंगाबाद

गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यपालक अभियंता
राष्ट्रीय उच्च पथ (NHAI)
प्रमंडल- औरंगाबाद
(बिहार)

गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
राम ईश्वर प्रसाद
जिला कृषि पदाधिकारी
औरंगाबाद
(बिहार)